4 रायपुर संभाग
पीएम जनमन आवास योजना से ममता कमार की जिंदगी में ...

6 अभिमत
केरल फिल्म उद्योग हेमा कमेटी रिपोर्ट

09 विविध
बोडला में मवेशियों को लेकर भारी बवाल, बीच बचाव ...

10 फिल्मी
किल में राघव जुयाल की एक्टिंग देख डर गई

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 03 सितम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-14 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### कांग्रेस ने सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच से मांगा इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड प्रमुख माधवी पुरी बुच पद



पर रहते हुए आईसीआईसी बैंक से भी मोटा वेतन ले रही हैं और यह सेबी के नियमों का उल्लंघन है, इसलिए उन्हें तुरंत अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बारे में देश को जवाब देना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सेबी प्रमुख ने नियमों का उल्लंघन किया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जब सब कुछ मालूम था तो उन्हें बताना चाहिए कि बुच को उनके पद से हटाया क्यों नहीं गया है। उन्होंने कहा, देश में शतरंज का खेल चल रहा है। इसी शतरंज के खेल का एक मोहरा माधवी पुरी बुच हैं।

### कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के लिए जारी की छह उम्मीदवारों की दूसरी सूची

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए छह उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल में यह जानकारी देते हुए बताया की पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने सेंट्रल शालटेंग से तारिक़ हामिद कारा, रियासी से मुमताज खान, माता वैष्णो देवी से भूपेंद्र जामवाल, राजोरी एसटी से इफ्तकार अहमद, थानामंडी एसटी से साबिर अहमद खान तथा सुरनकोट एसटी से मोहम्मद शाहनवाज चौधरी को उम्मीदवार बनाया है।

### राकेश थपलियाल अध्यक्ष, प्रमोद सिंह महासचिव निर्वाचित

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पत्रकार संघ (डीजेए) के कार्यकारिणी के नये द्विवार्षिक चुनाव में पत्रकार राकेश थपलियाल अध्यक्ष और प्रमोद



कुमार सिंह महासचिव निर्वाचित घोषित किये गये हैं। डीजेए चुनाव 2024-26 के चुनाव अधिकारी अशोक किंकर की ओर से सोमवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, नामांकन पत्रों की वापसी के बाद सभी प्रत्याशी निर्विरोध घोषित किये गये। इस चुनाव में नरेश गुप्ता को डीजेए का कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है।

# मुख्यमंत्री साय ने तीजा के अवसर पर दी बड़ी सौगात, 70 लाख महिलाओं को मिली महतारी वंदन योजना की सातवीं किस्त

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को तीजा के अवसर पर बड़ी सौगात दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री निवास में आयोजित तीजा-पोरा महतारी वंदन तिहार के के मौके पर महतारी वंदन योजना के सातवीं किस्त की राशि के रूप में 01-01 हजार रुपए डीबीटी के माध्यम से महिलाओं के खाते में अंतरित किये। महिलाओं के चेहरे खिल उठे और उन्होंने अपने विष्णु भैया को धन्यवाद दिया। गौरतलब है कि प्रदेश में महिलाओ के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सतत सुधार तथा परिवार मे उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने हेतु, समाज मे महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरूकता की कमी को दूर करने, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सुधार करने तथा आर्थिक स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से



'महतारी वंदन योजना' लागू किए जाने का निर्णय लिया गया। जिसके अंतर्गत राज्य की विवाहित, विधवा परित्यक्ता और तलाकशुदा जिनकी उम्र 21 वर्ष से अधिक हो ऐसी महिलाओ को प्रतिमाह 1000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 10 मार्च 2024 को महतारी वंदन योजना की शुरूआत की गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने बटन दबाकर प्रथम किश्त की राशि जारी की थी। योजना के तहत पहले चरण में करीब 70 लाख से अधिक महिलाओं को लाभार्थी के तौर पर चुना गया है, जिनके बैंक खाते में योजना की 7 किश्ते ट्रांसफर कर दी गई हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, खेल मंत्री टंक राम वर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सर्व राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोती लाल साहू, इंद्रकुमार साहू, गुरु खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा उपस्थित है।

## 'विष्णु भैया संग तीजा-पोरा, महतारी वंदन तिहार' का भव्य आयोजन

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के राजधानी रायपुर स्थित निवास में छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार तीजा, पोरा धूमधाम से मनाया गया। 'विष्णु भैया संग तीजा-पोरा महतारी वंदन तिहार' के भव्य आयोजन में शामिल होने मुख्यमंत्री निवास में बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची। तीजा-पोरा, महतारी वंदन तिहार के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश की 70 लाख माता-बहनों के खाते में महतारी वंदन योजना की सातवीं किश्त के रूप में एक-एक हजार रूपए की राशि का भुगतान ऑनलाईन डीबीटी मोड के जरिए किया। महतारी वंदन योजना के तहत आज सातवीं किश्त में 70 लाख महिलाओं को 653 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया। इसे मिलाकर अब तक 4578 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ कर महिलाओं को पोषण माह की शपथ भी दिलाई। साय ने मुख्यमंत्री निवास से सुपोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवं राष्ट्रीय पोषण माह के पोस्टर का विमोचन भी किया। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्यमंत्री साय ने अपनी धर्मपत्नी कौशल्या साय के



साथ भगवान शिव की पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में तीजा मनाने आईं माता, बहनों को तीजा की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बहुत खुशहाली का अवसर है। मेरे बुलावे पर प्रदेश के सभी जिलों से बहनें यहां आईं हैं, मैं आप सभी का स्वागत करता हूं। तीजा में सुहागन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु जीवन की कामना लेकर शिव-पार्वती की पूजा करती हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा पोरा तिहार है।

## केंद्र सरकार का काम देश देख रहा है : सोरेन

एजेंसी ◄ अजमेर
www.dailypioneer.com



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि केन्द्र सरकार का काम देश देख रहा है और जवाब भी दे रहा है। राजस्थान में अजमेर में अपने परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर आये सोरेन ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से कहा कि देश-प्रदेश के लोग एक दूसरे का हाथ पकड़ कर चले, यही दुआ है। उन्होंने कहा कि वह पहले भी अजमेर आते रहे हैं और आगे भी आयेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ऊपर वाले से क्या मांगना, जो मिला है सब उसी की बदौलत है। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के उस आरोप पर जिसमें झारखंड के मंत्रियों के यहां से नोटों के बंडल मिल रहे हैं, पर सोरेन ने कहा कि ये विपक्ष के लोग हैं, कुछ भी बोल सकते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के भाजपा में जाने के सवाल पर उन्होंने चुप्पी साध ली और कहा मैं धार्मिक यात्रा पर हूँ। अजमेर में सोरेन ने ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह हाजरी लगाई और मखमली चादर एवं अकीदत के फूल पेश करके झारखंड के साथ पूरे मुल्क में खुशहाली एवं भाईचारे के लिये दुआ की। खादिम मुकद्स मोईनी ने चादर पेश कराई और मुख्यमंत्री सोरेन की दस्तारबंदी कर तबर्रुक भेंट किया।

## सुप्रीम कोर्ट 'बुलडोजर न्याय' के खिलाफ दायर याचिका पर जारी करेगा दिशा-निर्देश, 17 सितंबर को सुनवाई

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश समेत कुछ राज्यों में समय-समय पर चले कथित 'बुलडोजर न्याय' के खिलाफ दायर याचिका पर कहा कि किसी भी आरोपी या संदिग्ध या यहां तक कि दोषी की अचल संपत्तियों (मकान, दुकान आदि) को बिना पूरी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किये नहीं ढहाया जा सकता। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के. विश्वनाथन की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह टिप्पणी की और कहा कि वह इस मामले में एक अखिल भारतीय दिशा-निर्देश जारी करेगी। पीठ ने इस बात पर जोर देते हुए स्पष्ट तौर पर कहा कि अचल संपत्तियों को केवल कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करके ही गिराया जा सकता है। अदालत ने हालांकि, इस मुद्दे को सुलझाने के लिए एक दिशा-निर्देश निर्धारित करने का प्रस्ताव करते हुए यह भी स्पष्ट किया कि वह अवैध ढांचों का बचाव नहीं कर रही है। जमीयत उलेमा ए हिंद की ओर से दायर याचिका में यह शिकायत की गई है कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और अन्य राज्यों में कुछ अपराधों के आरोपी व्यक्तियों की अचल संपत्तियों को बुलडोजर से ढहा दिया गया है। शीर्ष अदालत ने इस याचिका पर सुनवाई के बाद सभी पक्षों से सुझाव देने को कहा और मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 सितंबर की तारीख मुकर्रर कर दी।

## ईडी की कार्रवाई देश के लिए चिंताजनक : सौरभ भारद्वाज

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी के नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई पूरे देश के लिए चिंताजनक है कि किस तरह से खुल्लम-खुल्ला केंद्र सरकार की गुंडागर्दी चल रही है। भारद्वाज ने संवाददाताओं से कहा कि ओखला विधानसभा से पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि यह पूरे देश के लिए एक चिंता का विषय है कि किस तरह से खुल्लम-खुल्ला केंद्र सरकार की गुंडागर्दी चल रही है। उन्होंने कहा कि जानबूझकर वक्फ बोर्ड में पैसे लेकर भर्ती करने का एक झूठा और आधारहीन मामला बनाया गया है तथा उसमें पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को फंसाया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अमानतुल्लाह खान को जबरदस्ती झूठे केस में फंसाने की कोशिश की। पहले एसीबी ने फिर सीबीआई ने अमानतुल्लाह खान के घर पर छापा मारा, फिर उन्हें गिरफ्तार भी किया गया, परंतु कोई ठोस सबूत प्रस्तुत नहीं कर पाए और अदालत से उन्हें ज़मानत मिल गई। अब जब एसीबी और सीबीआई इस मामले में कुछ नहीं कर सकी तो खान को फ़ंसाने के लिए भाजपा नीत केंद्र सरकार ने इस बार ईडी का सहारा लिया है।

## नितेश कुमार ने बैडमिंटन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता

एजेंसी ◄ पेरिस
www.dailypioneer.com



भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी नितेश कुमार ने पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों में बैडमिंटन स्पर्धा की पुरुष एकल एसएस3 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीत लिया। नितेश ने खेले गए फाइनल मुकाबले में ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने बेथेल को 21-14, 18-21 और 23-21 से हराया। नितेश ने पैरालंपिक खेलों में भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीता है। इससे पहले महिला निशानेबाज अवनि लखेरा ने स्वर्ण पदक जीता। 29 वर्षीय नितेश पुरुष एकल एसएल3 श्रेणी में टीम इंडिया के लिए पदक जीतने वाले तीसरे पैरा शटलर बन गए हैं। विश्व चैम्पियनशिप 2024 के कांस्य पदक विजेता नितेश ने पैरालंपिक 2024 में अपने सभी पांच मैचों में जीत हासिल की और स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। इससे पहले तुलसीमथी मुरुगेसन ने पैरालंपिक 2024 खेलों में हमवनत मनीषा रामदास को 2-0 से हराकर महिला एकल एसयू 5 के फाइनल में जगह बना ली हैं। वहीं नित्या को चीन की लिन शुआंगबाओ से हार के बाद कांस्य पदक के लिए इंडोनेशियाई खिलाड़ी से भिड़ेगी। रविवार रात खेले गये मुकाबले में तुलसीमथी मुरुगेसन ने मनीषा रामदास को 23-21, 21-17 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। तुलसीमथी का फाइनल में मुकाबला चीन की किउ शिया यांग से होगा। वहीं मनीषा का डेनमार्क की कैथरीन रोसेनग्रेन से भिड़ेंगी। एक अन्य मुकाबले में नित्या को सेमीफाइनल में चीन की लिन शुआंगबाओ के खिलाफ 13-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। नित्या रात 8.20 बजे इंडोनेशिया की लीना मार्लिना के साथ कांस्य पदक मैच खेलेंगी। वही मिश्रित युगल एसएस6 के कांस्य पदक मैच मैच में नित्या और शिवराजन सोलामलाई की भारतीय जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा। नित्या और शिवराजन सोलामलाई को इंडोनेशिया के सुभान और मार्लिना ने 2-0 से हराया।

## शंभू बॉर्डर आंदोलन : सुप्रीम कोर्ट ने किसानों के मुद्दे को सुलझाने उच्चस्तरीय समिति की गठित

पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर पर फरवरी से धरने पर बैठे किसानों की शिकायतों को सौहार्दपूर्ण ढंग से 'हमेशा के लिए' निपटाने की सोच के साथ उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति नवाब सिंह की अध्यक्षता में एक बहु-सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का गठन किया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत एवं न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति सिंह की अध्यक्षता वाली इस समिति को कृषि उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य और अन्य मुद्दों पर किसानों की चिंताओं के मद्देनजर एक रुपरेखा तैयार करने के लिए एक सप्ताह के भीतर अपनी पहली बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत की ओर से गठित इस समिति में अन्य सदस्यों में हरियाणा के पूर्व पुलिस महानिदेशक पी एस संधू, कृषि विशेषज्ञ प्रोफेसर देवेंद्र शर्मा और पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अर्थशास्त्री डॉ. सुखपाल सिंह शामिल हैं। चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रोफेसर बी आर कंभोज को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में नामित किया गया है। किसान अपनी उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर 13 फरवरी से शंभू बॉर्डर पर लेकर धरना दे रहे हैं। पीठ ने किसानों से कहा कि वे उच्च स्तरीय इस समिति के सदस्यों से मिलने के दौरान अपने आंदोलन का राजनीतिकरण करने या अनुचित मांग करने से बचें। शीर्ष अदालत ने कहा कि किसान अपने शांतिपूर्ण आंदोलन को वैकल्पिक स्थलों पर स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र होंगे।

## किसान आय और कृषि उपज बढ़ाने के कार्यक्रमों के लिए 13966 करोड़ रुपए की मंजूरी

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों की आय में वृद्धि तथा पशुधन, बागवानी और कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का प्रयोग बढाने के लिए 13966 करोड़ रुपए के विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं को स्वीकृति दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कृषि डिजिटल, कृषि शिक्षा, अनुसंधान, किसान कोष और कृषि विकास केंद्र को मजबूत करने संबंधी सात कार्यक्रमों और योजनाओं के प्रस्तावों को स्वीकृति दी है। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने में कृषि के योगदान को बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं और कार्यक्रम शुरु किये हैं। इसी कड़ी में कृषि के विकास और किसान कल्याण के लिए 13,966 करोड़ रुपए के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी है। वैष्णव ने बताया कि 2817 करोड़ रुपए से डिजिटल कृषि मिशन आरंभ किया जाएगा जिससे किसानों को अपने कृषि आदानों के लिए आसानी से ऋण उपलब्ध होगा और कागजी प्रक्रिया घटेगी। इस कार्यक्रम में किसान और कृषि की जानकारी डिजिटल की जाएगी। उन्होंने बताया कि खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए 3979 करोड़ की योजना बनायी गयी है। इसके अंतर्गत कृषि अनुसंधान पर जोर दिया जाएगा। इसके अलावा कृषि शिक्षा, प्रबंधन एवं सामाजिक विज्ञान के लिए 2291 करोड़ का कार्यक्रम शुरु किया जाएगा। इसमें जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न कृषि संबंधी चुनौतियों से निपटने पर जोर दिया जाएगा। पशुधन स्वास्थ्य एवं उत्पादन बढ़ाने के लिए 1702 करोड़ रुपए की योजनायें बनायी गयी है। इसमें पशुओं के स्वास्थ्य, डेयरी उत्पादन और संसाधन आदि पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन के अनुकूल बागवानी के विकास के लिए 860 करोड़ रुपए की योजना तैयार की गयी है। इसमें फल, फूल, कंदमूल और सब्जी आदि पर जोर दिया जाएगा। वैष्णव ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों को सुदृढ़ बनाने के लिए 1202 करोड़ रुपए खर्च किये जाएंगे। इसके अलावा प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के लिए 1115 करोड़ रुपए का कार्यक्रम तैयार किया गया है।

## इकाई की क्षमता प्रतिदिन 60 लाख माइक्रो चिप होगी

# साणंद में नयी सेमीकंडक्टर इकाई लगाने के केनेस सेमीकॉन प्रस्ताव को मंत्रिमंडल की मंजूरी

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

सरकार ने देश में जीवंत सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के उद्देश्य से भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के तहत गुजरात के साणंद में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के लिए केनेस सेमीकॉन प्राइवेट लिमिटेड के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। साणंद में सेमीकंडक्टर क्षेत्र के लिए स्वीकृत यह दूसरा प्रस्ताव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की हुयी बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। मंत्रिमंडल के निर्णय की जानकारी देते हुए सूचना प्रसारण एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया कि प्रस्तावित इकाई 3,300 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित की जाएगी। इस इकाई की क्षमता




प्रतिदिन 60 लाख माइक्रो चिप होगी। इस इकाई में उत्पादित चिप विभिन्न प्रकार के अनुप्रयोगों को पूरा करेंगे, जिसमें औद्योगिक, ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रिक वाहन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, मोबाइल फोन आदि जैसे क्षेत्र शामिल हैं। भारत में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण इकाईयों के लिए अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए कार्यक्रम 21 दिसंबर 2021 को 76 हजार करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ अधिसूचित किया गया था। इस क्रम में जून, 2023 में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुजरात के साणंद में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के पहले प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इस वर्ष फरवरी में तीन और सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी दी गई। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स गुजरात के धोलेरा में एक सेमीकंडक्टर फैब और असम के मोरीगांव में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित कर रही है। सीजी पावर गुजरात के साणंद में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित कर रही है। सभी चार सेमीकंडक्टर इकाइयों का निर्माण तेजी से आगे बढ़ रहा है और इकाइयों के पास एक मजबूत सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र उभर रहा है। ये चार इकाइयाँ लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश लाएँगी। इन इकाइयों की संचयी क्षमता लगभग सात करोड़ चिप प्रतिदिन है।

## इंदौर मनमाड के बीच बनेगी 309 किलोमीटर की नयी रेललाइन

सरकार ने दिल्ली एवं मुंबई के बीच वैकल्पिक मार्ग के रूप में मध्य प्रदेश के औद्योगिक केन्द्र इंदौर से महाराष्ट्र के मनमाड के बीच 309 किलोमीटर की एक नयी रेलवे लाइन बिछाने की 18 हजार करोड़ रुपए से अधिक की परियोजना को मंजूरी दे दी जिससे मध्य प्रदेश के मालवा निमाड़ अंचल के आदिवासी क्षेत्रों को भी विकास की मुख्य धारा से जुड़ने का अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की हुई बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। रेल, सूचना प्रसारण एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सीसीईए की बैठक में रेल मंत्रालय के तहत 18,036 करोड़ रुपये (लगभग) की कुल लागत वाली 309 किलोमीटर नई रेलवे लाइन परियोजना को मंजूरी गयी है। उन्होंने बताया कि यह यह परियोजना दो राज्यों - महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के 6 जिलों को कवर करेगी। विंध्य पर्वत श्रृंखला और वन्य क्षेत्र से होकर गुजरने वाली लाइन पर करीब 21 किलोमीटर लंबाई की सुरंगें और सात बड़े पुल होंगे जिनमें नर्मदा पर बड़ा पुल शामिल है। इस परियोजना के साथ 30 नए स्टेशन बनाए जाएंगे, जिससे आदिवासी बहुल आकांक्षी जिले बड़वानी को बेहतर सम्पर्क मिलेगा। नई रेलवे लाइन परियोजना से लगभग एक गांवों और लगभग 30 लाख आबादी को सीधी सम्पर्क सुविधा मिलेगी।

## शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों को हक से वंचित कर रही है योगी सरकार : अखिलेश


**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा 69000 शिक्षक भर्ती के पीडीए अभ्यर्थियों को उनका हक और अधिकार नहीं दे रही



है। यादव ने कहा कि भाजपा की नीति पीडीए विरोधी है। भाजपा पिछड़ों, दलितों के आरक्षण के साथ लूट कर रही है। सरकार नौजवानों, किसानों, कर्मचारियों का शोषण कर रही है। उच्च न्यायालय के फैसले के बाद शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों को लेकर भाजपा की नीयत साफ नहीं है। अपने हक और आरक्षण को बचाने के लिए शिक्षक अभ्यर्थी लम्बे समय से लगातार संघर्ष कर रहे है। उन्होने कहा कि कई वर्षों की लम्बी लड़ाई के बाद शिक्षक अभ्यर्थियों को हाईकोर्ट से न्याय मिला लेकिन सरकार उनका हक नहीं देना चाहती है। भाजपा सरकार मामले को उलझाये रखना चाहती है। मुख्यमंत्री और सरकार के अन्य लोग शिक्षक अभ्यर्थियों की झूठी दिलासा दे रहे हैं। हाईकोर्ट के निर्णय पर अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसला लेने के बजाय वे उसे लटकाये रखना चाहते है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार असंवैधानिक कार्य कर रही है। भाजपा सरकार संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। इसका रवैया तानाशाही पूर्ण है। यह सरकार नौजवानों को अपमानित कर रही है।

## फसल हानि और कीमतों को स्थिर करने के लिए भंडारण क्षमता बढ़ाने की जरूरत : ठाकुर

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने



विभिन्न मौसम के दौरान फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने और कीमतों में उतार-चढ़ाव की रोकथाम के लिए भंडारण बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया है। ठाकुर ने सब्जी क्लस्टर, बागवानी क्लस्टर और मूल्य श्रृंखला विकास पर आयोजित एक परामर्श बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि किसान संगठनों (एफपीओ) के माध्यम से छोटे किसानों को समर्थन देने और ऐसे क्लस्टर बनाये जाने चाहिए जो आवश्यक बुनियादी ढांचे और बाजार तक पहुंच प्रदान करते हैं। इनसे दीर्घकालिक स्थिरता और जमीनी स्तर पर प्रभाव सुनिश्चित होता है। उन्होंने फसल कटाई के बाद हानि कम करने और विभिन्न मौसमों के दौरान कीमतों में उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए भंडारण बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में एक ही उपज के लिए कीमतों में अंतर का सामना करना पड़ता है, जो एक बड़ी समस्या है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बच्चों में कुपोषण की राष्ट्रव्यापी समस्या का मुकाबला करने के लिए मुख्य ध्यान इस पर होना चाहिए कि 'कोई भी बच्चा फलों और सब्जियों तक पहुंच से वंचित नहीं रहे'।

# पुलिस के इकबाल ने बदली उत्तर प्रदेश के प्रति अवधारणा : मुख्यमंत्री योगी

पायनियर संवाददाता ◄ मुरादाबाद
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस की प्रशंसा करते हुये कहा कि राज्य को सुशासन के मॉडल के रूप में अपनी अलग पहचान बनाने में पुलिस बल की बड़ी भूमिका है। डॉ.भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में सोमवार को 74 पुलिस उपाधीक्षकों के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुये योगी ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े सिविल पुलिस बल के तौर पर विख्यात उत्तर प्रदेश पुलिस बल में नवनियुक्त होने वाले उपाधीक्षकों को स्मार्ट पुलिसिंग की ओर बढ़ना होगा। हमें स्मार्ट पुलिसिंग की ओर बढ़ना होगा जो टेक्नो सेवी व ट्रेंड हो, जो स्ट्रिक्ट हो मगर सेंसिटिव भी, मॉडर्न हो मगर मोबाइल भी, अलर्ट हो मगर अपने काम के प्रति उतना ही अकाउंटेबल भी हो, रिलायबल के साथ रिस्पॉन्सिव भी हो। उन्होंने 18 डिप्टी एसपी के पदों पर प्रदेश की बेटियों की नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये उन्होंने कहा कि सात वर्ष में पुलिस बल में एक लाख साठ हजार कार्मिकों की नियुक्ति के साथ ही पुलिस बल के लिए उपलब्ध संसाधनों में भी अपार वृद्धि हुई है। पुलिस प्रशिक्षण की क्षमता को भी तीन गुना से अधिक बढ़ाने में सफलता प्राप्त हुई है। साथ ही, सीएम योगी ने सृष्टि अकांक्षा पाण्डेय को आंतरिक प्रशिक्षण, उदित नारायण पालीवाल को बाह्य प्रशिक्षण तथा 'स्वॉर्ड ऑफ ऑनर' से प्रखर पाण्डेय को सम्मानित भी किया।

74 पुलिस उपाधीक्षकों को प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को विधि, मानव विकार, साइबर क्राइम, भाषा समेत तीन नए कानून के विशिष्ट प्रशिक्षण दिया गया है। योगी ने कहा हम जानते हैं हमारी वर्दी धारी बलों के बारे में कहा जाता है जितना पसीना बहाओगे उतना ही कम रक्त बहाने की स्थिति आएगी। दुनिया के सबसे बड़े पुलिस बल का आप हिस्सा बनने जा रहे हैं इसके लिए आप अभिनंदन के पात्र हैं। हमें कानून परिवर्तन के भविष्य के लिए निरंतर और स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। जांच व दंड के पुराने मानदंडों से बाहर निकलकर आधुनिक फॉरेंसिक तकनीक और साक्ष्य का उपयोग करना न केवल न्याय की दृष्टि से बेहतर है बल्कि इस प्रक्रिया से न्याय में होने वाले अपव्यय की रोकथाम होगी। इसी के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेस की स्थापना भी की गई है। उन्होने कहा आप पुलिस बल में एक जिम्मेदार पद पर नियुक्त हो रहे हैं। अपराध नियंत्रण के साथ ही कानून व्यवस्था का पालन कराकर पीड़ित व्यक्ति को न्याय प्रदान करने लिए भी आपकी सक्रिय भूमिका होगी। आपसे हम इस बात की अपेक्षा करते हैं कि आम जनमानस की सुरक्षा समाज में शांति और सौहार्द्र बनाए रखने व मित्र पुलिस की छवि को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए आप सबको अपना शत प्रतिशत योगदान देना होगा। अपने कर्तव्य पालन के दौरान कठोरता के साथ विनम्रता के अद्भुत समन्वय को बनाए रखना होगा। कर्तव्यपरायणता, अनुशासन और सत्यनिष्ठा का उदाहरण आप सभी स्थापित करेंगे।

# बोमन ईरानी की निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'द मेहता बॉयज' शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी

एजेंसी ◄ मुंबई
www.dailypioneer.com

बॉलीवुड अभिनेता बोमन ईरानी की बहुचर्चित निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'द मेहता बॉयज' 15वें वार्षिक शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल (सीएसएएफ एफ) में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिखाई जाएगी। बोमन ईरानी, अविनाश तिवारी और श्रेया चौधरी अभिनीत 'द मेहता बॉयज' को इस साल दक्षिण एशियाई सिनेमा के शोकेस के तहत प्रतिष्ठित फेस्टिवल में प्रदर्शित करने के लिए चुना गया है। बोमन ईरानी ने कहा, मैंने जीवन में केवल एक ही काम किया, वह था शादी करना और बच्चे पैदा करना। बाकी सब अपने आप में समय लेने वाला था। मेरे निर्देशन में बनी पहली फिल्म द मेहता बॉयज़ को बनने में न केवल समय लगा, बल्कि शायद उससे भी अधिक समय लगा। इस फिल्म को बनने में भले ही सालों लग गए हों, लेकिन इसने मेरे दिल को खुशी और प्रत्याशा से भर दिया है। बोमन ईरानी ने कहा, विश्व प्रीमियर शिकागो में मेरा परिवार, मेरे कलाकार, मेरे निर्माता और मेरे दोस्त मेरी शादी, मेरे बच्चों के जन्म, मंच पर मेरी पहली उपस्थिति, मेरी पहली फिल्म, मेरे पहले पुरस्कार, मेरे पहले ऑटोग्राफ मेरे पहले के बाद सबसे बड़ी रात के लिए मेरा हाथ थामने के लिए वहाँ मौजूद होंगे।

मैं और भी बहुत कुछ कह सकता हूँ...जिससे मुझे यह एहसास होता है कि मुझे खुशी है कि इसमें इतना समय लगा। यदि आपने यह पढ़ा है अब तक, मेरे बचपन जैसी खुशी को सहने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। द मेहता बॉयज़ को अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज़ किया जाएगा। कहानी एक पिता और बेटे के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक-दूसरे से झगड़ते हैं और उन्हें 48 घंटे एक साथ बिताने के लिए मजबूर होना पड़ता है। अपने दिलचस्प आधार के साथ, द मेहता बॉयज़ एक भावनात्मक और मनोरंजक कहानी पेश करने का वादा करता है जो पारिवारिक गतिशीलता की जटिलताओं का पता लगाता है। फिल्म को बोमन ईरानी और ऑस्कर विजेता लेखक एलेक्स डिनेलारिस ने मिलकर लिखा है और इसका निर्माण ईरानी मूवीटोन और चॉकबोर्ड एंटरटेनमेंट ने किया है।

## सिद्दारमैया ने केपीएससी को राजपत्रित परिवीक्षाधीन परीक्षा दोबारा आयोजित करने का दिया निर्देश

**बंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने प्रश्नों के अनुचित कन्नड़ अनुवाद की रिपोर्ट के बाद कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी)



को निर्देश दिया है कि वह दो महीने के भीतर राजपत्रित परिवीक्षाधीन परीक्षा दोबारा आयोजित करें। यह निर्णय केपीएससी परीक्षा में विसंगतियों को लेकर कई उम्मीदवारों की शिकायतों के बाद लिया गया है, जिनमें निष्पक्षता और पारदर्शिता के बारे में चिंताएँ जतायी गयी हैं। सिद्दारमैया ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार को सोशल मीडिया पर घोषणा की कि अनुवाद संबंधी चूक के लिए जिम्मेदार लोगों को उनके कर्तव्यों से मुक्त कर दिया गया है।

# सोनभद्र में दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद

एजेंसी ◄ सोनभद्र
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले की एक अदालत ने चार वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनायी है। अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने सुनवाई करते हुए दोष सिद्ध पाकर दोषी नार सिंह पटेल को उम्रकैद एवं एक लाख 500 रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

अर्थदंड न देने पर तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक पन्नूगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने पन्नूगंज थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी चार वर्षीय नाबालिग बेटी को 13 मार्च 2018 की शाम चार बजे खेल रही थी कि रास्ते में नार सिंह पटेल उसकी नाबालिग बेटी को अपने घर ले गया और दुष्कर्म किया। बेटी ने घर आकर अपनी मां से घटना की सारी बात बताई। पुलिस ने बलात्कार और पाक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। दौरान विवेचना विवेचक ने बयान लेने के बाद पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी नार सिंह पटेल को उम्रकैद एवं एक लाख 500 रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययन कर रही हैं 33 हजार से अधिक बालिकाएं

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में संचालित 207 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 33 हजार से अधिक बालिकाएं अध्ययन कर रही हैं।




आधिकारिक जानकारी के अनुसार वर्तमान में स्कूल शिक्षा विभाग प्रदेश में 207 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का संचालन केंद्र सरकार के सहयोग से कर रहा है। इन विद्यालयों में 33 हजार से अधिक बालिकाएं अध्ययन कर रही हैं। यह विद्यालय प्रदेश के उन विकासखंडों में संचालित किए जा रहे हैं, जहां महिला साक्षरता दर राष्ट्रीय औसत से कम है। प्रदेश में पिछले वर्ष 2023-24 के लिये केन्द्र सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा वार्षिक कार्ययोजना में टाइप-1 के 100 और टाइप-3 के 107 और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के संचालन की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 75 प्रतिशत बालिकाएं अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय और 25 प्रतिशत गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाली हैं। इन विद्यालयों उद्देश्य अनाथ, बेसहारा और एकल परिवार की बालिकाओं को 8वीं तक की शिक्षा पूर्ण करने के लिये आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराना है। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन के तहत 201 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कक्षा 9 से 12 के लिये संचालित हो रहे हैं। इन विद्यालयों में 20 हजार से अधिक बालिकाओं को अध्ययन की सुविधा दी जा रही है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में छात्राओं को आवासीय सुविधा के साथ भोजन, स्पोटर्स, आत्मरक्षा, उपचारात्मक शिक्षा और कैरियर काउंसलिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

# सारा से सम्बद्ध तकनीकी संस्थानों के कार्यों की बर्द्धन ने ली जानकारी

एजेंसी ◄ देहरादून
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड के अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सचिवालय में स्प्रिंग एंड रिवर रिजुवीनेशन अथॉरिटी (सारा) से सम्बद्ध विभिन्न तकनीकी संस्थानों के साथ बैठक की। इस दौरान, संस्थानों ने अपने-अपने स्तर पर किए जा रहे कार्यों की उन्हें जानकारी दी। बर्द्धन ने सारा और सभी संस्थानों को जानकारियां और विश्लेषण साझा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए सारा एक अच्छा प्लेटफ ार्म है। अथॉरिटी द्वारा तैयार किए जा रहे डैशबोर्ड पर सभी जानकारियां उपलब्ध करायी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जल-स्रोतों और नदियों के पुनर्जीवीकरण के लिए दीर्घकालीन और व्यापक प्लान तैयार किया जाए, साथ ही इसकी निगरानी और रखरखाव के लिए भी प्राविधान किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए किसी भी प्रकार की फंडिंग की कमी नहीं होगी। अपर मुख्य सचिव ने जिलों में काम करने के लिए एक-एक कोर टीम तैयार किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जनपदों की कोर टीम में भी तकनीकी संस्थानों की भागीदारी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की योजनाओं को जनभागीदारी के बिना सफल बनाया जाना नामुमकिन है, इसलिए योजनाओं के क्रियान्वयन में जनभागीदारी आवश्यक रूप से सुनिश्चित की जाए। स्थानीय लोगों के साथ बैठकें और कार्यशालाएं आयोजित की जाएं। बैठक के दौरान, भारतीय जल विज्ञान संस्थान को सौंग एवं नयार नदी तथा आईआईटी, रूड़की को शिप्रा एवं गौड़ी नदी की विभिन्न प्रकार की मैपिंग और विश्लेषण की जिम्मेदारी दी गयी। बैठक के उपरान्त, बर्द्धन ने अल्मोड़ा में कोसी नदी के रिजुवीनेशन के पूर्व से जारी कार्य में तेजी लाते हुए सारा को डीपीआर तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीपीआर तैयार करने से पहले सभी एजेंसियों द्वारा कोसी एवं उसके जलग्रहण क्षेत्र का एक संयुक्त दौरा कर लिया जाए। बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सारा, नीना ग्रेवाल, वाडिया हिमालय भू-विज्ञान संस्थान, केन्द्रीय भू-जल बोर्ड, भारतीय जल विज्ञान संस्थान, रूड़की, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रूड़की एवं गोविन्द बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान एवं सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# यादव ने दमोह में श्रद्धालुओं की मृत्यु पर दु:ख जताया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दमोह जिले के



पथरिया के ग्राम घुघस से जटाशंकर महादेव जा रहे श्रद्धालुओं से भरे ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से हुई दुर्घटना में श्रद्धालुओं की असामयिक मृत्यु पर दुःख व्यक्त किया है। डॉ. यादव ने कहा कि हम सबकी संवेदनाएँ शोकाकुल परिवारों के साथ हैं। उन्होंने मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने भगवान महाकाल से दिवंगत आत्माओं को शांति देने और शोकाकुल परिजन को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

## रायबरेली में सर्राफा कारोबारी को गोली मार जेवरात लूटे

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली जिले के लालगंज इलाके में अज्ञात लुटेरों ने दुकान जा रहे सर्राफा कारोबारी को गोली मार दी और उनसे जेवर से भरा बैग लेकर फरार हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पश्चिम गांव निवासी हरिओम सोनी (30) का सोना चांदी का कारोबार है। पीड़ित आज सुबह अपनी दुकान जा रहा था, उसके पास आभूषण से भरा बैग भी था जिसे अज्ञात बदमाशों ने गोली मार कर लूट लिया। गंभीर रूप से घायल पीड़ित सर्राफा व्यापारी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने अभी यह स्पष्ट नही किया है कि लूटे गये आभूषणों की कीमत कितनी है। उन्होने बताया कि हर पहलू से जांच चल रही है, जल्दी ही सुराग हाथ लगेंगे और आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

## सतना में नाबालिग के साथ दुष्कर्म



**सतना।** मध्यप्रदेश के सतना जिले में एक किशोर के साथ हुए दुष्कर्म का मामला आज प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जैतवारा थाना क्षेत्र के कुनिया गांव निवासी एक किशोरी दुष्कर्म का शिकार हो गई। बताया गया कि जब पीड़ित किशोरी घर में कल अकेली थी उसी दौरान आरोपी दुष्कर्म कर फरार हो गया। पीडिता के द्वारा शिकायत दर्ज कराये जाने के बाद आरोपी की तलाश की जा रही है।

## नगर निगम अधिकारी की शिकायत की गयी निगम आयुक्त से

**भोपाल।** कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने आज यहां नगर निगम भोपाल के अतिक्रमण अधिकारी पर द्वेषपूर्ण कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए आयुक्त से इस संबंध में विधिवत शिकायत की। शुक्ला ने एक विज्ञप्ति के जरिए कहा कि अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र सिंह भदौरिया ने शहर के वार्ड क्रमांक 58 में 15 वर्षों से गुमठी लगाने वाले एक नागरिक उमाशंकर नन्हेटे के खिलाफ द्वेषपूर्ण कार्रवाई कर गुमठी और अन्य सामान जप्त कर लिया है। नरेला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ चुके शुक्ला ने कहा कि भदौरिया ने अनुसूचित जाति वर्ग के नन्हेटे के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराके उन्हें बंद भी करा दिया। बाद में परिजनों ने उनकी अदालत से जमानत करायी। शुक्ला ने नगर निगम आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में अनुरोध किया है कि अतिक्रमण अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए और पीड़ित उमाशंकर नन्हेटे को उनका पूरा जप्त सामान वापस दिलाया जाए, ताकि वह अपनी आजीविका फिर से प्रारंभ कर परिवार चला सकें।

# दिलावर ने दृष्टिबाधित शिक्षक की परिवेदना पर दिखाई संवेदनशीलता

वार्ता ◄ उदयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने दृष्टिबाधित शिक्षक की परिवेदना पर संवेदनशीलता दिखाते हुए उसके निस्तारण का भरोसा दिलाया। उदयपुर में रविवार को आयोजित 28 वें राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अमृतिया ब्लॉक आसपुर जिला डूंगरपुर में पदस्थापित तृतीय श्रेणी अंग्रेजी लेवल-2 के दृष्टिबाधित शिक्षक भावेश रेबारी ने अपनी परिवेदना शिक्षा मंत्री के समक्ष व्यक्त की। शिक्षक ने बताया कि वह दृष्टिबाधित है एवं कुछ दिनों पहले उन्हें आंशिक रूप से लकवा भी हो चुका है। उनका वर्तमान में पदस्थापन उनके गृह जिले डूंगरपुर में ही है लेकिन उनका पूरा परिवार लंबे समय से उदयपुर में निवास करता है ऐसे में वह अपनी राजकीय सेवा अच्छे ढंग से नहीं कर पा रहे हैं एवं दृष्टिबाधित होने से विद्यालय आवागमन में भी काफी परेशानी है। शिक्षा मंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए सम्मान समारोह के बीच अवसर मिलते ही शिक्षक भावेश रेबारी को मंच पर बुलाया। उसकी परिवेदना ली और कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा उन शिक्षकों को अपने इच्छित स्थान पर लगाया जा रहा है जो वास्तव में गंभीर रूप से बीमार, दृष्टि बाधित या गंभीर रूप से विकलांग है। उन्होंने मंच पर शिक्षक से ही पूछ लिया बताओ तुम कहां लगना चाहते हो शिक्षक ने राजकीय अंध विद्यालय मल्लातलाई उदयपुर में स्थानांतरण चाहा।

इस पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि जहां तुम चाहते हो वहां तुम्हारा स्थानांतरण कर दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से उचित आदेश जारी करने को कहा।

शिक्षक के प्रति इस संवेदनशीलता पर सभागार में तालियां की गूंज उठी।

शिक्षक भावेश रेबारी ने शिक्षामंत्री का आभार व्यक्त किया।

# रेवंत रेड्डी को 'कैश फॉर वोट' मामले में सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने तेलंगाना में 2015 के कथित 'कैश फॉर वोट' घोटाला मामले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को सार्वजनिक बयान देने में कुछ संयम बरतने की नसीहत देते हुए नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक गुंटाकंडला जगदीश रेड्डी और तीन अन्य की याचिका पर कांग्रेस नेता रेड्डी के अलावा अन्य आरोपियों से दो सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा। बीआरएस नेता और अन्य की याचिका में मुकदमे को स्थानांतरित करने की मांग करते हुए कहा गया है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के पास गृह मंत्रालय का भी प्रभार है और वह इस मामले में सार्वजनिक रूप से बयान दे रहे हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सी ए सुंदरम ने मुख्यमंत्री के कुछ बयानों का उल्लेख किया तो पीठ ने कहा, जब कोई व्यक्ति इतने ऊंचे पद पर होता है, तो कुछ संयम की उम्मीद की जाती है। सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठे लोगों को सावधान रहना चाहिए। पीठ ने रेड्डी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा से भी पूछा कि उन्होंने (रेड्डी) अपने बयानों में अदालतों और वकीलों को क्यों घसीटा है। शीर्ष अदालत ने पिछली सुनवाई के दौरान रेड्डी को दिल्ली की आबकारी नीति कथित घोटाले मामले में बीआरएस नेता के. कविता को दी गई जमानत पर उनके बयान के लिए फटकार लगाई थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से सुंदरम ने अपनी दलील में कहा कि रेड्डी गृह मंत्री हैं और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के प्रभारी हैं, जिसे उन्हें रिपोर्ट करना है। वह अभियोजन के प्रभारी हैं, चश्मदीद गवाहों की अभी जांच होनी है। इस पर पीठ ने कहा, हम इस सब के प्रति संवेदनशील हैं। शीर्ष अदालत इस मामले पर दो सप्ताह बाद अगली सुनवाई करेगी। रेड्डी ने कविता को शीर्ष अदालत की ओर से दी गई जमानत से संबंधित बयानों के लिए 30 अगस्त को 'बिना शर्त' खेद व्यक्त किया, जिस पर अदालत ने कड़ी फटकार लगाई थी। तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के तत्कालीन नेता रेवंत रेड्डी को विधान परिषद चुनावों में पार्टी उम्मीदवार वेम नरेंद्र रेड्डी का समर्थन करने के लिए मनोनीत विधायक एल्विस स्टीफेंसन को 50 लाख रुपये की रिश्वत देते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने 31 मई 2015 को गिरफ्तार किया था।

# सोमवती अमावस पर लाखों ने लगायी मंदाकिनी में पवित्र डुबकी

एजेंसी ◄ चित्रकूट
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के पौराणिक तीर्थ स्थल चित्रकूट में सोमवती अमावस्या के पावन पर्व पर 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र मंदाकिनी नदी में डुबकी लगायी और कामदगिरि की पांच किलोमीटर की परिक्रमा लगा कर परिवार की सुख शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। खोया पाया केंद्र के माध्यम से 1100 से अधिक भूले बिसरे को मिलने का भी काम किया गया। चित्रकूट मुख्य द्वार के महंत रामस्वरूप आचार्य ने बताया कि आज सोमवती अमावस्या के पावन पर्व पर जो भी श्रद्धालु मंदाकिनी नदी में डुबकी लगाकर कामदगिरि की परिक्रमा लगाते हैं और अन्न दान करते हैं तो उन्हें भगवत कृपा से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है और उनके पुराने पाप नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि भगवान कामतानाथ अर्थ धर्म काम मोक्ष को देने वाले हैं और आज के दिन प्रभु राम माता सीता भाई लखन के सहित चित्रकूट में निवास कर श्रद्धालुओं की मनोकामना की पूर्ति करते हैं। आज का दिन अति पावन दिन है इस दिन जो भी दान करते हैं इसका लाभ पूरे परिवार को मिलता है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने सोमवती अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराने को लेकर जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस बल का व्यापक व्यवस्था की थी। जिलाधिकारी ने बताया कि पूरे मेल को सकुशल संपन्न करने के लिए 7 जोन व 21 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट के अलावा 14 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 23 थाना प्रभानिरी, 25 निरीक्षक, 235 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, 15 महिला उप निरीक्षक, 635 हेड कांस्टेबल, दो पीएससी कंपनी के साथ सिविल पुलिस भी लगाई गई है।

## मसूरी गोलीकांड की बरसी पर शहीदों को धामी की श्रद्धांजलि

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री



पुष्कर सिंह धामी ने मसूरी गोलीकांड की 30वीं बरसी पर सोमवार को मसूरी के शहीद स्मारक पहुँच, शहीद आंदोलनकारियों को नमन किया एवं उनकी प्रतिमा पर श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था लागू किये जाने पर राज्य आंदोलनकारियों की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया। धामी ने कहा कि हमारे राज्य आंदोलनकारियों ने अपनी जान की परवाह किये बिना अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

# एससीआर ने तेलंगाना में युद्ध स्तर पर शुरू किया रेलवे ट्रैक बहाली का कार्य

वार्ता ◄ हैदराबाद
www.dailypioneer.com

दक्षिण-मध्य रेलवे (एससीआर) ने शनिवार रात भारी बारिश के कारण रेलवे लाइन के कुछ हिस्से बह जाने के बाद महबूबाबाद जिले में इंतिकान्ने और केसामुद्रम स्टेशनों के बीच एक बड़ा ट्रैक बहाली अभियान शुरू किया है। परिणामस्वरूप, कई ट्रेनें रद्द कर दी गयीं या उनका मार्ग विजयवाड़ा- काजीपेट मार्ग बदल दिया गया। पिछले दो दिनों में, लगभग 177 ट्रेनें रद्द कर दी गयी हैं, नौ को आंशिक रूप से रद्द कर दिया गया, और प्रभावित खंड में देरी से बचने के लिये 103 ट्रेनों को चुने



गये रास्तों से डायवर्ट किया गया है। इसके कारण रुकी हुई ट्रेनों में सवार यात्रियों को काफी असुविधा हुयी।

रेलवे अधिकारी सामान्य रेल सेवायें बहाल करने के लिये हर संभव प्रयास कर रहे हैं। रविवार को दिन में तीन बजे बहाली का काम शुरू हुआ, जिसमें रेत के थैले, सीमेंट और बजरी जैसी सामग्री काजीपेट से विशेष ट्रेनों में ले जाई गयी। मरम्मत कार्य में तेजी लाने के लिये लगभग 300 कर्मचारी चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं और लगभग 50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, अगर मौसम की स्थिति अनुकूल रही, तो यातायात बहाली सोमवार तक होने की उम्मीद है, मंगलवार को रेल सेवायें फिर से शुरू होने की संभावना है। एससीआर के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन व्यक्तिगत रूप से यातायात बहाली के प्रयासों की निगरानी कर रहे हैं और जमीन पर स्थिति की निगरानी के लिये संबंधित मंडल रेलवे प्रबंधकों (डीआरएम) के साथ लगातार संवाद कर रहे हैं।

# प्रदेश में महिलाओं के प्रति 3094 अपराध और 600 से अधिक दुष्कर्म की घटनाएं हुई है लेकिन भाजपा सरकार मौन है : विक्रम मंडावी

## भाजपा सरकार दुष्कर्म जैसी घटनाओं को छिपाने का काम कर रही है : नीना रावतिया उद्दे

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने जिला मुख्यालय बीजापुर में प्रेस वार्ता का आयोजन कर जिले के कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि 8 माह के भाजपा सरकार के राज में छत्तीसगढ़ में महिलायें असुरक्षित हो गयी है और रोज-रोज प्रदेश में कहीं न कहीं सामूहिक बलात्कार की घटना हो रही है जो बेहद चिंता जनक हैं इससे बड़ा दुर्भाग्यजनक क्या हो सकता है राजधानी में महिलायें सुरक्षित नहीं है। रायपुर नया बस स्टैण्ड में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म होता है। दूसरे दिन रिपोर्ट लिखा गया उसमें भी सामूहिक दुष्कर्म को नकार दिया गया। बलात्कार का रिपोर्ट लिखा गया, यहां भी पुलिस अपराधियों को सजा देने के बजाय उन्हें बचाने में भाजपा की सरकार लगी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महामंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार के 8 माह के कार्यकाल में महिलायें खुले में बाहर निकलने में भयभीत हो रही है। बस्तर, जशपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर से लेकर राजधानी रायपुर में भी महिलायें खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है उन्होंने आगे कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यजनक है कि सरकार जिसे इन मामलों को गंभीरता से लेकर कार्यवाही करवाना चाहिये, वह बलात्कार जैसी घटनाओं को भी छुपाने और अपराधियों को बचाने का काम कर रही है। बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि अभी तक 8 माह में प्रदेश में महिलाओं के प्रति 3094 अपराध हुये है और 600 से अधिक बलात्कार की घटना हुई है। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि भिलाई के डीपीएस स्कूल में 4 साल की मासूम बच्ची के साथ दुराचार की घटना हो गयी। बिना एफआईआर के एसपी ने घटना को नकार दिया, जबकि पॉक्सो एक्ट में प्रावधान है कि ऐसी कोई घटना होने पर पहले एफआईआर होना चाहिये उसके बाद जांच होनी चाहिये।भिलाई के बच्ची के साथ दुराचार के मामले में दो-दो डॉक्टरों ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि बच्ची के साथ गलत हुआ है। उसके बाद एसपी मामले को नकारते है।

विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा सरकार से सवाल करते हुए कहा कि पुलिस ने एफआईआर कब किया ? मेडिकल बोर्ड का गठन कब हुआ ? बच्ची का स्वास्थ्य परीक्षण कब कराया गया ? घटना सरकार के संज्ञान में था। सरकार ने क्या कार्यवाही किया.? पॉक्सो एक्ट में एफआईआर बिना किये क्लीनचीट दिये जाने के कारण एसपी पर कार्यवाही क्यों नहीं किया गया ?

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि रायगढ़ के पुसौर में एक आदिवासी महिला के साथ 14 लोगों ने दुराचार किया, पुलिस रिपोर्ट लिखने में बहानेबाजी कर रही थी, मीडिया में दबाव के बाद रिपोर्ट लिखा गया। जशपुर के एक नाबालिक बच्ची के साथ सामूहिक दुराचार हो गया। कोण्डागांव में एक महिला के साथ सामूहिक दुराचार हो गया, 20 दिन तक रिपोर्ट नहीं लिखी गयी। बेहद दुर्भाग्यजनक है कि बंगाल की घटना पर प्रतिक्रिया देने वाले भाजपाई छत्तीसगढ़ में 4 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी पर मौन है। बीजापुर जिले में भी लगातार महिलाओं पर अत्याचार हो रहे है भाजपा सरकार घटनाओं को रोक पाने में विफल है। विधायक विक्रम मंडावी प्रेस वार्ता में कहा कि इस मामले में कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि हम अपनी बहन, बेटियों की रक्षा की लड़ाई लड़ेंगे, आंदोलन करेंगे। सरकार को महिलाओं की सुरक्षा के लिये मजबूर करेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे, जिला पंचायत सदस्य सोमारू नाग, जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लुर, नगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता, मंगल राणा, मनोज अवलम, इदरीश खान, वरिष्ठ कांग्रेसी गिरधारी लाल राठी, सह प्रवक्ता प्रवीण उद्दे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जगबन्धु मांझी, महेश बेलसरिया, लक्ष्मण कुरसम, असंघटित कामगार कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सदाशिव राणा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# कोंटा नेशनल हाईवे बारिश से जाम, वाहनों की लंबी कतार



पायनियर संवाददाता ◄ दोरनापाल
www.dailypioneer.com

विगत तीन दिनों से हो रही मुसलाधार बारिश की वजह से नेशनल हाईवे के पुलिए में पानी भर गया है जिसके कारण आवागमन अवरुद्ध हो गया है। वाहनों की लंबी कतारें लग गई है जिसके कारण यह इलाका अंतर्राज्यीय सीमा से कट गया है। दोरनापाल नगर पंचायत से कोंटा नगर पंचायत की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित बिरला के उपर बह रहे पानी की वजह से यह स्थिति निर्मित हुई है और सुरक्षा की दृष्टि से बड़े -छोटे वाहनों को जाने से रोका गया है जिसकी वजह से यहां वाहनों का जमावाड़ा लगा हुआ है।

## ईसाई धर्मांतरित परिवार ने किया सनातन धर्म में वापसी

**जगदलपुर।** मामला चित्रकोट परगना अतंर्गत ग्राम पं बाहारगुड़ा निवासी लूदरूराम परिवार का है। विगत दिनों से ईसाई धर्म मे धर्मांतरित किया था।आज समाज में सम्मिलित हुआ। उक्त परिवार क्षेत्रीय परगना के नाईक पाइक को तथा समाज प्रमुखों को एक सप्ताह से निवेदन कर रहा था समाज के प्रमुखों एकत्रित होकर उक्त परिवार के विषयों के संबंध में विचार विमर्श कर समाज के विधि विधान के अनुसार माता मावली से पानी लाकर पीड़ित परिवार को सींचकर समाज में सामिल किया गया। कार्य म में माहरा समाज के पदाधिकारी गण एवं समाज प्रमुख निम्न अनुसार उपस्थित रहे। मनीराम नाईक, बलदेव नाग पाइक,सुखलाल कश्यप समरत, लिब्रूराम कश्यप परगना अध्यक्ष,मगनराम बघेल,अजय बघेल, सुफल बघेल,देऊराम बघेल, सूरज नाग, रत्तीराम बघेल, किशोर सूर, मंगल, जगतू नाग, दामू नाग, मानू सूर,श्री रतन बघेल,श्री दसमू भैरा, चैतन नाग, अन्य समाज प्रमुख उपस्थित रहे।

# उल्लास भारत का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रकाश प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रव्यापी उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिला बस्तर में शिक्षा से वंचित असाक्षरों को साक्षर करने हेतु कलेक्टर विजय दयाराम के तथा जिला सीईओ प्रकाश सर्वे, जिला शिक्षा अधिकारी बी आर बघेल, डायट प्राचार्य नितिन डंडसेना, साक्षरता जिला परियोजना अधिकारी राकेश कुमार खापर्डे, साक्षरता डीएलसी प्रभारी चंद्रकांत पाणिग्रही के मार्गदर्शन में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिनांक 30 अगस्त को ड्ढह्यू भवन बस्तर में शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण के शुभारंभ में जिला साक्षरता नोडल श्री राकेश खापर्डे, चन्द्रकांत पनिग्राही, बस्तर ड्ढद्गश लोकनाथ नाग, राजेंद्र ठाकुर की उपस्थिति में हुई । जिले के सभी 7 विकासखंड से 35-35 महिला -पुरुष कुशल प्रशिक्षक उपस्थित हुए। जिला स्रोत व्यक्ति के रूप में राज्य द्वारा प्रशिक्षित श्रद्धा दीप देवांगन एवं अनंत देवांगन के द्वारा प्रशिक्षण में बताया गया कि उल्लास कार्यक्रम का क्रियान्वयन प्रत्येक ग्राम पंचायत में संचालित साक्षरता केंद्र के स्वयं सेवी शिक्षकों द्वारा असाक्षर व्यक्तियों को 200 घंटे अध्यापन की व्यवस्था संचालित की जानी है।

# कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिला कार्यालय के विभिन्न कक्षों का किया औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिले के नवपदस्थ कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिला कार्यालय के सभी कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निर्वाचन शाखा, भू-अभिलेख, कार्यालय सहायक आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, खाद्य विभाग, जनसंपर्क विभाग सहित जिला कार्यालय के सभी विभागों का अवलोकन किया। इस दौरान एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गवेल, डिप्टी कलेक्टर उत्तम सिंह पंचारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



# नेरली घाटी में लगा जाम, कई घंटे से फंसी रही यात्री बस

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

किरंदुल-से दंतेवाड़ा सड़क मार्ग पर यह दृश्य बेहद आम है. कई वर्षो से इस मार्ग की हालात ख़राब है. बरसात के दिनों में जहां घंटों वाहने फसी रहती है तो शेष मौसम में उड़ते गुबार ने राहगीरों को हलाकान किये हुए है. इस मार्ग के निर्माण के लिए अनेक कवायद भी इस दरम्यान जारी रही लेकिन इससे आम राहगीरों को राहत नहीं मिल सकी.इस मार्ग ने अब तक कई लोगों की जान भी ले ली है सामान्य दुर्घटना तो प्रायः प्रतिदिन होती है.फिर भी यह निर्माण कछुवा गति से चल रही है.यद्यपि नई सरकार के गठन के बाद कुछ फुर्ती दिखी थी लेकिन अब यह गायब है।

# हजारों यात्रियों से लेकर अतिआवश्यक सामग्री के आवागमन में ड्राइवरो की अहम भूमिका : आशा नेताम

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन की ज़िला इकाई ने 01सितंबर को ड्राइवर संघ जिला कांकेर ने ड्राइवर दिवस मनाया। ड्राइवर दिवस में जिले के अम्तागढ़ दुगुकोंदल पखांजूर चारामा भानुप्रतापपुर कांकेर के ड्राइवर बायपास रोड स्थित ऑफिस से बाइक डीजे की धन रैली निकाली गई। रैली माकड़ी से होता नादनमार गोविंदपुर सिविल लाइन गिल्ली चौक कहचरी चौक मस्जिद चौक पुराना बस से होता सीधे कलेक्टर ऑफिस रोड स्थित मां शीतला मंदिर परिसर में सभा आयोजित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक आशा नेताम अरुण नायक युवा मोर्चा के अंशु शुक्ला मीरा सलाम उपस्थित थे। सर्व प्रथम ड्राइवर संघ के जिला अध्यक्ष याकूब गौरी ने विधायक का पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया गया । इसी तरह सभा में बैठे अतिथियों का ड्राइवर संघ कार्यकर्ताओ ने स्वागत वंदन किया गया।

कांकेर विधायक आशा नेताम ने ड्राइवर दिवस को लेकर उपस्थित जनों से कहा कि ड्राइवर भाईयो की भी अपनी जिम्मेदारी है। जो हजारों यात्रियों से लेकर मालवाहक अति आवश्यक जरुरी सामानों के आवागमन में अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते है। ड्राइवर संघ शासन की योजना से लाभान्वित होकर और भी लोगो को जोड़े। साथ ही ड्राइवर के नियम वर्दी आधार कार्ड लायसेंस रखकर वाहन चलाए। ड्राइवर संघ का जिले में गठन होने से शहर के ड्राइवरो को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। ड्राइवर संघ ज़िला अध्यक्ष याकूब गौरी ने उपस्थित जनों से कहा कि संगठन में जुड़ने वाले ड्राइवर भाइयों को भारत देश के किसी भी कोने में किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या हो व्हाट्सएप ग्रुप में सूचना देने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी ड्राइवर के उत्थान हेतु एवं आर्थिक मदद में साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा समाज सेवा एवं ड्राइवर भाइयों पर हो रहे अत्याचार को रोकथाम करने हतु बनाया गया संगठन हमारीसंस्था संपूर्ण ड्राइवर भाइयों को समाज में एक नई पहचान के साथ-साथ समाज में एक साफ सुथरी छवि के के साथ सम्मान दिलाना चाहती है ड्राइवर पर हो रहे अत्याचार को पूरी तरह समाप्त करना चाहती है हमारी संस्था मुख्य रूप से ड्राइवर समाज को पूरे विश्च में एक नए रूपके साथ पेश करना चाहती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ड्राइवर संघ उपाध्यक्ष सैयद जाकिर मोहन भागवत रमेश कुमार अहमद इम्तियाज सहित बड़ी संख्या में ड्राइवर संघ के लोग शामिल हुए।

## निगम कार्यालय के घेराव की बनी रणनीति

# महाराणा प्रतापदेव और छत्रपति शिवाजी वार्ड में गंदगी के खिलाफ वार्डवासी आंदोलित





पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

जगदलपुर निगम के अंतर्गत आने वाले महाराणा प्रतापदेव और छत्रपति शिवा जी वार्ड में एस आर एल एम सेंटर है। सेंटर के पास ही पुराना मुरुम खदान है जोकि अब बंद हो चुका है। खदान वाली जगह ने गहरी खाई की शक्ल ले ली है। जहाँ अब निगम शहर की सारी गंदगी डंप करने लगा है। वार्डवासी द्रय लंबे समय से क्षेत्र के अंदर बेतरतीब कचरा डलने से नाराज़ है, जिसे लेकर कई बार वार्डवासियों ने निगम में ज्ञापन दिया है पर आज पर्यंत कोई कार्यवाही नही हो पाई है।

रविवार को वार्डवासी भैरम बाबा मंदिर के पास एकत्रित हुए। बैठक में सामाजिक संगठन पब्लिक वॉइस के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। वार्डवासियों ने बताया कि कचरा, गंदगी और बदबू से हम त्रस्त हो गये है। घर के लोग लगातार बीमार पड़ रहे हैं। निगम को बार बार निवेदन करने के बाद भी कुछ नही हो रहा है। हम सभी बहुत परेशान है। विषय पर वहाँ उपस्थित पब्लिक वॉइस के सदस्य रोहित सिंह आर्य, गोपाल तीर्थानि, एन एस कुशवाहा व अन्य ने कहा कि यहां की स्थिति वाकई चिंताजनक है। असहनीय दुर्गंध की वजह से वार्डवासियों का जीवन दूभर हो गया है। सोमवार को पूरे विषय को लेकर वार्डवासियों के साथ निगम जाएंगे उनके प्रतिउत्तर के आधार पर आगे क्या करना है तय करेंगे। निसंदेह निगम का यह कृत्य अमानवीय है। इस दौरान वहाँ ज्योति साहू, सीमा वर्मा, शमशुल निशा, उर्मिला साहू, धनाती, रुक्मणि लोनहरे, संतोषी ठाकुर, रीना गुप्ता, संगीता मिस्त्री, रेखा उइके, राजकुमारी झा, सुरेंद्र, राजेश, अशफाक, गोविंद सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## लगभग एक दर्जन ग्रामीणों को नारायणपुर पुलिस ने लिया हिरासत में

**जगदलपुर।** वामपंथी उग्रवाद प्रभावित नारायणपुर जिले में ग्यारह ग्रामीणों को जिले की पुलिस ने हिरासत में लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि माओवादियों के खिलाफ कार्यवाही करने की आड़ में ओरछा व नारायणपुर ब्लाक में सुरक्षा बल कहर बन कर टुट रहें हैं और निरापराध ग्रामीण ग्रामीणों को जेल भेजा जा रहा है। नारायणपुर जिले के ओरछा ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोंगे निवासी बुरसू पद्दा, ग्राम मरकाबेड़ा के रघु और राजेश नुरुटी, कोड़ोनार गांव के सैनु पद्दा, चैतू पद्दा और सन्नू पद्दा को गिरफ़्तार कर अपने साथ ले गई है। वहीं नारायणपुर जिले के ही ग्राम पंचायत गोम्मे के आदनार गांव के रहने वाले रामजी पददा, कांडे नुरूटी, पंडरु पददा, मूका पददा, मनकू पददा, सुकदेव पद्दा को भी पुलिस जवानों ने हिरासत में लिया है। नारायणपुर जिले के पुलिस अधिकारी इन ग्रामीणों को क्यों पकड़े हैं इसका खुलासा नहीं किया जा रहा है जिसकी वजह से तरह -तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है।

**एनएमडीसी स्टील लिमिटेड**
**(भारत सरकार का उद्यम)**
**रजि. कार्यालयः सी/ओ. एनएमडीसी आयरन स्टील प्लांट, पोस्टः नगरनार, जिला : बस्तर, पिनः 494001, छत्तीसगढ़ सीआईएन : U27310CT2015GOI001618**

**9वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना और ई-वोटिंग सूचना**

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि एनएमडीसी स्टील लिमिटेड ('कंपनी') की 9वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) **मंगलवार, 24 सितंबर, 2024 को दोपहर 03:30 बजे** भारतीय समयानुसार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य दृश्य-श्रव्य माध्यमों (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जाएगी, ताकि नोटिस में बताए अनुसार कारोबार किया जा सके। कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुपालन में, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और सेबी द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्रों के साथ, 9वीं एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट जिसमें वित्त वर्ष 2023-24 के वित्तीय विवरण, उस पर ऑडिटर की रिपोर्ट, बोर्ड की रिपोर्ट और अन्य दस्तावेज शामिल हैं, 2 सितंबर 2024 को ई-मेल के माध्यम से उन सभी सदस्यों को भेज दिए गए हैं, जिनकी ई-मेल आईडी कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के साथ पंजीकृत हैं। उक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट यानी **https://nmdcsteel.nmdc.co.in,** स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट यानी **www.bseindia.com और www.nseindia.com** और NSDL की वेबसाइट **www.evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध हैं।

इसके अलावा, कंपनी ने नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (NSDL) को नियुक्त किया है ताकि कंपनी के सदस्य VC/OAVM के माध्यम से उक्त AGM में भाग ले सकें और कंपनी की 9वीं AGM में किए जाने वाले व्यवसायों के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट कर सकें। कट-ऑफ तिथि यानी **मंगलवार, 17 सितंबर, 2024।** कंपनी के सदस्य जिनके पास भौतिक रूप में या डीमैट रूप में शेयर हो व्यवसाय के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। रिमोट ई-वोटिंग प्लेटफॉर्म **शनिवार, 21 सितंबर, 2024 (सुबह 09:00 बजे) से सोमवार, 23 सितंबर, 2024 (शाम 05:00 बजे)** तक मतदान के लिए खुला रहेगा। इसके बाद वोटिंग के लिए NSDL द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा। वे सदस्य, जो उपरोक्त अवधि के दौरान रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डालते हैं और उन्हें ऐसा करने से अन्यथा प्रतिबंधित नहीं किया गया है, वे एजीएम के दौरान ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से वोट देने के पात्र होंगे।

जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है या जो एजीएम की सूचना भेजे जाने के बाद कंपनी के सदस्य बनते हैं और कट-ऑफ तिथि तक शेयर रखते हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से डिपॉजिटरी में इसे पंजीकृत करें यदि शेयर इलेक्ट्रॉनिक रूप में हैं और शेयरों के भौतिक रूप में होने की स्थिति में, कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट यानी मेसर्स आरती कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, ईमेलः **info@aarthiconsultants.com** के पास पंजीकृत है। कोई भी व्यक्ति जिसका ई-मेल आईडी कंपनी/डीपी के साथ पंजीकृत नहीं है, वह **evoting@nsdl.co.in** पर अनुरोध भेजकर ई-वोटिंग के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि, यदि सदस्य पहले से ही एनएसडीएल/रिमोट ई-वोटिंग के साथ पंजीकृत है, तो वह वोट डालने के लिए अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकता है।

किसी भी प्रश्न के मामले में, सदस्य एनएसडीएल वेबसाइट यानी **www.evoting.nsdl.com** के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और ई-वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका देख सकते हैं या 9वीं एजीएम की सूचना में उल्लिखित निर्देशों का संदर्भ ले सकते हैं या टोल फ्री नंबरः 1800-1020-990 या 1800-22-44-30 पर कॉल कर सकते हैं या **evoting@nsdl.co.in** पर अनुरोध भेज सकते हैं।

**बुक क्लोजर :**
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के अनुसार सूचना दी जाती है कि कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक कंपनी की आगामी 9वीं एजीएम के उद्देश्य से 18 सितंबर 2024 से 24 सितंबर 2024 तक (दोनों दिन सम्मिलित) बंद रहेंगे।

**वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेना :**
सदस्यों को एनएसडीएल ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने की सुविधा प्रदान की जाएगी। सदस्य नोट्स टू नोटिस में **'एनएसडीएल ई-वोटिंग सिस्टम तक पहुंच'** के लिए उल्लिखित चरणों का पालन करके पहुंच सकते हैं। लॉगिन क्रेडेंशियल के साथ सफल लॉगिन के बाद, सदस्य कंपनी के नाम के सामने 'ज्वाइन मीटिंग' मेनू के तहत रखे गए 'वीसी/ओएवीएम' का लिंक देख सकते हैं। सदस्यों से अनुरोध है कि वे ज्वाइन मीटिंग मेनू के तहत रखे गए वीसी/ओएवीएम लिंक पर क्लिक करें। वीसी/ओएवीएम के लिए लिंक शेयरधारक/सदस्य लॉगिन में उपलब्ध होगा जहां कंपनी का ईवीएन प्रदर्शित किया जाएगा।

**सदस्य वक्ता पंजीकरण :**
जो सदस्य 9वीं एजीएम के दौरान अपने विचार व्यक्त करना/प्रश्न पूछना चाहते हैं, वे खुद को वक्ता के रूप में पंजीकृत कर सकते हैं और 12 सितंबर 2024 (सुबह 9 बजे IST) से 14 सितंबर 2024 (शाम 5 बजे IST) तक अपना नाम, डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी/फोलियो नंबर, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए अपना अनुरोध **cs_nisp@nmdc.co.in** पर भेज सकते हैं।

**एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के लिए**
**एसडी/-**
**(अनिकेत कुलश्रेष्ठ)**
**कंपनी सचिव**
**सदस्यता संख्या. एफसीएस 7795**

**दिनांकः 2 सितंबर, 2024**

# जयस्तंभ चौक मे संगीत कार्यक्रम मे कलाकारों ने एक से बढकर एक फिल्मी नगमों की प्रस्तुति दी, कार्यक्रम को संबोधित किया विधायक इन्द्र साव ने

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com





एक सुरमई शाम संगीत निशा का आयोजन शुक्रवार को शंकरवार्ड जय स्तंभ चौक मे किया गया, जहां बिलासपुर से आये उमाशंकर ग्रुप आर्केस्ट्रा ने एक से एक गानों की प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। शंकरवार्ड के पूर्व पार्षद, पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धनंजय तिवारी के द्वारा आयोजित इस संगीतमय शाम कार्यक्रम के आयोजन मे देर रात तक लोगो नै इसका आनंद उठाया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव, अध्यक्षता पूर्व मण्डी अध्यक्ष सुशील शर्मा व विशेष अतिथि कांग्रेस नेता, समाजसेवी राधेश्याम शर्मा फग्गा महराज, कांग्रेसी ईश्वरसिंह ठाकुर, देवेन्द्र भृगु, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अरूण यादव मौजूद रहे, इस अवसर पर विशेष रूप से मुंशी इस्माईल वार्ड के कांग्रेस नेता चन्द्रशेखर चक्रधारी विशेष रूप से मौजूद रहे। विधायक इन्द्रसाव का स्वागत कर कार्यक्रम के आयोजक धनंजय तिवारी का हौसला बढाया। विधायक इन्द्र साव ने अपने संबोधन मे इस आयोजन के लिए धनंजय तिवारी को बधाई दी व लगातार रामसप्ताह जूलूस के बाद यह कार्यक्रम बीते 13 वर्षो से कराया जा रहा है इसके लिए उनकी प्रशंसा की और यथा संभव जो भी सहयोग इस कार्यक्रम के लिए होगा उसे करूंगा, कार्यक्रम को सुशील शर्मा एवं देवेन्द्र भृगु ने भी संबोधित कर इस आयोजन के लिए बधाई दी, धनंजय तिवारी जो इस कार्यक्रम के आयोजक थे उन्होंने सभी शंकरवार्ड वासियों सहित उपस्थित नगरवासियों का इस कार्यक्रम मे जो उनका सहयोग मिला उसके लिए सभी का आभार मानते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया, साथ ही अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आपने जो अपना बहुमूल्य समय निकाला और यहां आये और मेरा मनोबल बढाया इसके लिए आप सभी का हृदय से आभारी हूं। कार्यक्रम का बहुत ही सुन्दर ढंग से संचालन पत्रकार कोमल शर्मा ने किया। कार्यक्रम मे उमाशंकर ग्रुप के गायक कलाकारों ने एक से एक फिल्मों नगमों की प्रस्तुति ने लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया खासकर ग्रुप की 71 वर्षीया तृप्ति निगम ने अपने मीठे स्वर मे गीतो और शेरो शायरी ने लोगो को बांधे रखा गायक कलाकार आशीष, आयुषी के स्वर का जादू पूरे समय मंच पर छाया रहा। साथ वाद्य कलाकारों की बहुत सुन्दर प्रस्तुति रही। लगभग चार घंटे चले इस कार्यक्रम को लोगों ने बड़ी शांति से सुना। इस दौरान कुछ चुनिंदा नगमे जो आज भी लोगो की जुंबा पर है जिसमें ढपली वाले, मुझे नौ लक्खा दिला दे, भोले वो भोले, तेरे जैसा यार कहां, परदेशिया, छुप गये तारे नजारे आदि नगमो के साथ अन्य गानों की शानदार प्रस्तुति दी गई।

# नशे के खिलाफ कार्रवाई है जारी, कोटपा एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई, एक दिन में 25 चालान किये गए



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर नियम विरुद्ध तंबाकू उत्पादों के विक्रय पर राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत भाटापारा के सिद्ध बाबा,शराब केंद्र के आस-पास और तरेंगा रोड पर तंबाकू उत्पादों के विक्रेताओं की जाँच की गई। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया की चालानी कार्रवाई के दौरान दुकानों में कोटपा एक्ट के प्रावधानों के उल्लंघन पर कोटपा एक्ट की धारा 4 एवं 6 के तहत कुल 25 चालान एवं 3350 रुपये की राशि का जुर्माना किया गया। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ रोशन देवांगन ने बताया कि, कोटपा एक्ट की धारा 4 के अनुसार सार्वजनिक स्थल जैसे होटल, रेस्टोरेंट, शैक्षणिक संस्थान, समस्त निजी एवं सरकारी कार्यालयों पर धूम्रपान करना प्रतिबंधित है। इसी प्रकार धारा 6 के तहत शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज की परिधि में तंबाकू उत्पाद बेचना अपराध है। इसके अलावा तंबाकू विक्रेताओं की ओर से 18 साल से कम उम्र के व्यक्ति को तंबाकू उत्पाद बेचना भी दंडनीय अपराध है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा के अनुसार यह कार्यवाही स्वास्थ्य विभाग, खाद्य एवं औषधि विभाग तथा पुलिस विभाग के परस्पर समन्वय से की गई।

# पीएम जनमन आवास योजना से ममता कमार की जिंदगी में आई नई खुशहाली

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कसडोल विकासखंड अंतर्गत अंतिम छोर में स्थित वनांचल ग्राम बल्दाकछार की निवासी ममता कमार की कहानी, उन तमाम संघर्षशील महिलाओं की कहानी है जो अपने परिवार के बेहतर भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। ममता कमार के परिवार में उनके पति पंच राम कमार और तीन बेटियाँ हैं: नंदनी कमार 10 साल की है जो चौथी कक्षा, निधि 7 साल है जो पहली कक्षा में पढ़ती है। ममता की सबसे छोटी बेटी लवली अभी 3 साल की ही है। पंच राम कमार का जीवन-यापन बांस के कार्य पर निर्भर है,जो एक पारंपरिक और श्रमसाध्य कार्य है। इस मेहनत के बावजूद, परिवार के लिए एक स्थायी और सुरक्षित छत का सपना अधूरा था। पहले वे एक कच्चे मकान में रहते थे, जहाँ मौसम की मार से बचना हमेशा एक चुनौती रहती थी। लेकिन प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना ने ममता कमार और उनके परिवार की जिंदगी में नई रोशनी ला दी है। इस योजना के तहत उन्हें पक्का मकान मिल गया है,जिससे अब उनके जीवन में स्थिरता और सुरक्षा की भावना पैदा हो गई है। अब ममता और उनका परिवार एक सुरक्षित और मजबूत घर में रह रहा है, जहाँ उनकी बेटियाँ बिना किसी चिंता के अपने भविष्य की ओर बढ़ सकती हैं। ममता कमार इस योजना के लिए प्रधानमंत्री और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पक्के मकान ने उनके परिवार के जीवन को एक नई दिशा दी है और उनकी बेटियों के भविष्य के प्रति उन्हें आत्मविश्वास से भर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया की मुझे महतारी वंदन के तहत प्रतिमाह 1 हजार रूपये मिलता है जिसका उपयोग बांस खरीदने एवं दैनिक खर्चे के लिए करती हूं। यह कहानी ममता कमार के संघर्ष और उनकी सफ्लता की है और यह इस बात का उदाहरण है कि सही समय पर सही मदद कैसे एक साधारण परिवार की जिंदगी बदल सकती है।

# पांच वर्षों से बंद दही हांडी मटकी फोड़ प्रतियोगिता को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने ऐतिहासिक पूर्ण रूप से पुन: किया आरंभ

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com




विश्व हिंदू परिषद् एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में प्रभु श्री कृष्ण के जन्म के पावन पर्व जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर शहर के मुख्य चौक जयस्तंभ चौक पर भव्य दही हांडी का आयोजन किया गया। दही हांडी मटकी फोड़ प्रतियोगिता में 4 टीमों ने हिस्सा लिया, सभी टीमों ने पांच-पांच प्रयास किया, जिसमें से प्रथम पुरस्कार हेतु अपने कड़ी मेहनत से सभी टीमों को टक्कर देते हुए बाल गोपाल देवसराल के टीम ने पांचवे प्रयास में हासिल किया। और साथ ही साथ बाल गोपाल देवसराल की टीम ने एक अद्भुत प्रदर्शन करते हुए द्वितीय इनाम भी अपने नाम किया। प्रथम इनाम जो कि 21000 रुपए था उस इनाम को सरायपाली के नगरवासियों ने श्रद्धा प्रकट करते हुए विजेता टीम को मिलने वाले इनाम 21000 को प्रतिभागी टीमों के उत्साहवर्धन हेतु बढ़ाते-बढ़ाते लगभग 38000 के पुरस्कार से पुरस्कृत किया। और द्वितीय पुरस्कार 11000 रहा। साथ ही पूरे प्रतियोगिता में विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सभी टीमों पर पुष्प एवं जल का छिड़काव जारी रखा। एवं सभी उपस्थित टीमों के नाश्ता की व्यवस्था भी की गई थी। प्रतियोगिता में द्वितीय इनाम के लिए 21 फीट पर मटकी रखी गई थी एवं प्रथम इनाम की लिए 31 फीट पर मटकी रखी गई थी। कार्यक्रम में नगरवासियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उन्ही के वजह से 21000 का इनाम 38000 तक पहुंच पाया। प्रतियोगिता के पश्चात विजेता टीम से आयोजकों के प्रतिनिधि मंडल से चर्चा में उन्होंने कहा कि वे सरायपाली में हुए इस भव्य आयोजन को कभी भूला नहीं पाएंगे। इसके अगले ही दिवस को विश्व हिंदू परिषद् के 60 वाँ स्थापना दिवस के अवसर पर विहिप एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में 5 कुंडिय महायज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ सरायपाली में किया गया। इस कार्यक्रम के 5 कुंडीय महायज्ञ में सत्य सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार एवं विश्व में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार एवं उन अत्याचारियों के विनाश के लिए आहुति दी गई। और इस यज्ञ के साथ ही विहिप बजरंग दल द्वारा अनौपचारिक चेतावनी दी गई है कि अगर किसी ने हिंदुओं एवं हमारी गौ माता के ऊपर अब अत्याचार असहनीय है। अब भी अगर किसी ने हमारे धर्म, गौ माता के साथ छेड़-छाड़ करने की कोशिश की तो उन्हे भी इसी प्रकार के यज्ञ में आहूत कर दिया जाएगा।

# निता चौधरी बनीं विश्व हिंदू परिषद प्रखंड की ग्रामीण संयोजिका

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com



विश्व हिंदू परिषद की हाल ही में संपन्न हुई बैठक में समाजसेविका एवम् विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग की राष्ट्रीय सदस्य अनिता चौधरी को प्रखंड संयोजिका ग्रामीण के रूप में नियुक्त किया गया है। यह महत्वपूर्ण बैठक गीता भवन, सरायपाली में आयोजित की गई, जिसमें जिला पदाधिकारी सौरभ अग्रवाल और बसंत देवता की अगुवाई में बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में विभिन्न पदाधिकारियों को अनेक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। बैठक के दौरान जिलाधिकारी सौरभ अग्रवाल ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद समाज की सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने नई नियुक्तियों के माध्यम से संगठन को और सशक्त बनाने पर जोर दिया। बसंत देवता ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए नये और उत्साही सदस्यों को जोड़ना आवश्यक है। नव नियुक्त प्रखंड संयोजिका अनिता चौधरी इससे पहले दुर्गा वाहिनी की जिला सहसंयोजिका थीं और उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। अनिता चौधरी ने अपनी नई भूमिका को स्वीकार करते हुए बताया कि संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी और ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन को और मजबूती देने के लिए कार्य करेंगी। जबकि शांति मिश्रा नगर सयोजिक के रूप में कार्यरत हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक में कई अन्य पदाधिकारियों को भी नियुक्त किया गया। प्रदीप साहू को बजरंग दल का संयोजक, जितेंद्र यादव को गौ सेवा प्रमुख, और सीमा चौधरी को प्रखंड सहसंयोजिका के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई। कुछ अन्य आवश्यक पदो पर भी पदभार सौपे गए। इन सभी पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को स्वीकार करते हुए संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने नई नियुक्तियों का स्वागत किया और संगठन की एकजुटता और मजबूती पर बल दिया। उन्होंने विश्वास जताया कि नई टीम के नेतृत्व में विश्व हिंदू परिषद अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होगी। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने विचार साझा किए और संगठन की गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न सुझाव दिए। यह बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई और सभी ने एकजुट होकर संगठन की सेवा में लगे रहने का वचन दिया। इस प्रकार अनिता चौधरी की नई नियुक्ति से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिली है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन की गतिविधियाँ और भी मजबूत होंगी।

# जय स्तंभ चौक पर हुआ भव्य दही हांडी मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन





**सरायपाली।** नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भी नगर के हृदय स्थल जयस्तम्भ चौक में विश्वहिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा भव्य मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल सम्मिलित हुए। भारत माता एवं भगवान कृष्ण की तैलचित्र के सामने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दही हांडी प्रतियोगिता में उपस्थित सभी प्रतिभागियों व दर्शकों को संबोधित करते हुवे प्रखर अग्रवाल ने कहा कि दही हांडी मटकी फोड़ प्रतियोगिता युवाओ में शक्ति, संघर्ष व एकता का प्रतीक है। यह हमें यह सिखाता है कि मंजिल जितनी भी दूर व ऊंचे स्थान पर क्यों न हो यदि साथियों में एकता, सामर्थ्य, धैर्य, शक्ति व संघर्ष का समावेश हो तो सफलता अवश्य मिलती है। यह आयोजन एक सामूहिक प्रयास को दर्शाता भी है। अग्रवाल ने युवाओ का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समय समय पर आयोजित होते रहना चाहिए जिससे जीवन में उत्साह बने रहता है। अग्रवाल ने खेल सांस्कृतिक सामाजिक हर तरह के कार्य आयोजनों के लिए सहयोग का आश्वासन दिया कार्यक्रम में सरायपाली थाना प्रभारी प्रवीण चौहान, धर्मेंद्र चौधरी, अनीता चौधरी, शांति मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# आस्था के शांति पूर्ण वातावरण मे रामसप्ताह जूलूस सम्पन्न होने पर प्रशासन की भूमिका सराहनीय



**भाटापारा।** भाटापारा धर्म नगरी के रामसप्ताह जूलूस के समापन आस्था के सैलाब के रुप मे शामिल लगभग 40 से 50 हजार लोगों के भीड़ को व्यवस्थित कर जूलूस को आस्थामय व शांतिपूर्ण वातावरण मे सम्पन्न होने पर पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन का विशेष सहयोग रहा जिसके लिये प्रेस क्लब के सचिव श्याम पुरोहित व सहसचिव शंकर लाल सोनी व ललित तिवाड़ी ने पुलिस प्रशासन का धन्यवाद करते हुये शहर थाना प्रभारी प्रवेश तिवारी को पुष्प गुच्छ भेट किया।

# सरस्वती साइकिल योजना छात्राओं के लिए बनी वरदान, समय पर स्कूल पहुंचना होगा अब और आसान

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com




शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे कक्षा नवमीं के बालिकाओं को निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत स्कूल शिक्षा विभाग से प्राप्त साइकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि नवनियुक्त एस एमडीसी अध्यक्ष अमर झा एवं अध्यक्षता प्राचार्य जगदीश प्रसाद पटेल, विशिष्ट अतिथि के रूप में पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष सन्यासी प्रधान एवं सेवानिवृत्ति व्याख्याता शशि भूषण पाढ़ी की गरिमामई उपस्थिति में स्कूली छात्राओं को चाबी सौंपकर साइकिल प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि अमर झा ने बताया कि यह महत्वाकांक्षी योजना है जो न सिर्फ बेटियों को स्कूल आने-जाने में मदद करती है बल्कि इससे बेटियों की शिक्षा की राह भी आसान होती है। अतिथि शिक्षक पालक संघ अध्यक्ष सन्यासी प्रधान ने कहा कि यह योजना बालिका शिक्षा प्रोत्साहन के लिए काफी महत्वपूर्ण एवं सराहनीय है। अतिथि, सेवानिवृत्त व्याख्याता शशिभूषण पाढ़ी ने कहा कि यह साइकिल छात्राओं के सपने को साकार करने में सहायक सिद्ध होगा। प्राचार्य जे.पी. पटेल ने कहा कि साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान/खुशी देखकर काफी प्रसन्नता हुई वास्तव में यह शासन की उन्नत, दूरवर्ती सोच को प्रदर्शित करता है।

# साइकिल की घंटी बजाकर बच्चों ने छत्तीसगढ़ सरकार एवं शिवरतन शर्मा के प्रति अपनी खुशी जाहिर की

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित योजना सरस्वती साइकिल योजना कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को भाटापारा विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल गोढ़ी (टी) में पढ़ने वाले नवीं कक्षा के छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान विद्यालय के 27 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने बच्चों के बीच साइकिल वितरण किया। इसके पहले शिवरतन शर्मा एवं अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने उपस्थित छात्राओं के साथ अभिभावक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में विकास की गंगा सदैव बह रही है। लगातार क्षेत्रवासियों को सीधे तौर पर लाभ देने का काम भाजपा की सरकार द्वारा ही किया गया है। साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्राओं को अब आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी। बच्चे मन लगाकर पढ़ें, यही सरकार की सोच है। इससे बच्चे उत्साहित होंगे तथा शिक्षण कार्य में सुधार होगा। ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में कमी आएगी एवं नियमित रूप से विद्यालय आने को प्रेरित होंगे। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि शासन आपकी हर जरुरत के हिसाब से अपनी सोच बना कर काम कर रही है, हमारी सरकार चाहती है कि बेटियां पढ़ लिख कर आगे बढ़े। छात्राओं को मन में एक दृढ़ संकल्प लेकर पढाई करना चाहिये की उन्हें भविष्य में कुछ ऐसा काम करना है जिससे उनका और उनके माता-पिता, परिवार का नाम रोशन हो। साथ ही छात्राओं को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गायत्री साहू का हुआ एमबीबीएस में चयन, अंचल का किया नाम रोशन



**सरायपाली।** नगर के महलपारा निवासी खिरोद्रा कुमार साहू की सुपुत्री कुमारी गायत्री साहू का चयन एमबीबीएस यूजी मेडिकल कॉलेज में चयन हुआ है गायत्री साहू ने बिना किसी कोचिंग क्लासेस के स्वयं घर में रहकर पढ़ाई कर सफ्लता प्राप्त की, जो साहू समाज के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है गायत्री साहू के पिता एक एलआईसी एजेंट है, अपने इस बेहतर सफलता के लिए अपने माता-पिता, गुरु-जानो के मार्ग दर्शन से सफलता को प्राप्त किए। उनके इस सफलता के लिए माता-पिता और परिवार वालो ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सेवा सुगंधम व एमजीएम नेत्र चिकित्सालय के संयुक्त तत्वाधान मे नेत्र परीक्षण व जाँच शिविर

## परीक्षण शिविर ने 170 से अधिक लोगों का नेत्र परीक्षण, जाँच शिविर मे 40 लोगों निकले मोतियाबिंद के मरीज

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com




धरसींवा क्षेत्र ग्राम मोंहदी के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मे सेवा सुंगधम सामाजिक संस्था व एमजीएम आई नेत्रालय के संयुक्त तत्वाधान मे एक दिवसीय विशाल नेत्र परीक्षण एवं जाँच उपचार शिविर आयोजित किया गया जिसमे धरसींवा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत लगभग 17 गाँव से भी अधिक ग्रामीण के लोगों ने अपने आँख का परीक्षण व जाँच छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एम.जी.एम नेत्र चिकित्सालय के डॉक्टरों के द्वारा किया गया। उक्त शिविर मे सभी वर्गो के लोगों ने सेवा का लाभ उठाया उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा ने अपने क्षेत्र मे आयोजित उक्त स्वास्थ्य शिविर के आयोजन कर्ता सेवा सुगंधम सामाजिक जन कल्याण समिति व एम.जी.एम नेत्र चिकित्सालय कि मानव सेवा परमोधर्मः का उल्लेख करते हुये सराहना किया उन्होंने उपस्थित आम जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुये कहा कि पहले के समय मे मोतियाबिंद का इलाज जटिल था परंतु आज के तकनीकी युग मे विज्ञान ने कई गुणा तरक्की कर लिया है जिसके कारण मोतियाबिंद का इलाज सहज व सरल हो चुका है जिसका समय रहते इलाज किया जाना आवश्यक होता है उक्त शिविर का आयोजन मेरे क्षेत्र के लिये गरिमामय है विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि ऐसे परमार्थ आयोजन के लिये सहयोग हेतु मे सदैव तत्पर हूँ। एम.जी.एम नेत्र चिकित्सालय विशाल नेत्र परीक्षण शिविर के संयुक्त आयोजन को लेकर एम.जी.एम के डॉक्टर प्रखर श्रीवास्तव ने कहा कि आज के आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर मे 150 से अधिक लोगों ने आँखों का परीक्षण कराया जिसमे 30 से अधिक लोगों का मोतियाबिंद वही डाक्टर ने कहा कि पाया गया समय रहते मोतियाबिंद का इलाज कराया जाना चहिये ताकि आगे जाकर बडी समस्या ना बन सके साथ ही बच्चों का भी आँख से जुडे नार्मल चैकब कराया जाना चहिये ताकि किसी भी प्रकार की सूक्ष्म समस्या बडे होने पर बडी समस्या ना खडा कर सके।

# अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की लगातार कार्रवाई जारी

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी एल के गायकवाड़ के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा 31 अगस्त को बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम तुरमा में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी के रिहायशी मकान की तलाशी लेने एक सफेद रंग की प्लास्टिक जरीकेन (क्षमता 15.00 ली.) में 14.00 ली. एवं दो नग स्प्राईट की बोतल (क्षमता 2-2 ली) में 4.00 ली. कुल जुमला 18.00 बल्क लीटर हाथभ?ट्ठी मुहआ मदिरा जब्त किया गया। इसी तरह 1 सितंबर को भारी मात्रा में अवैध मदिरा की सूचना पर जिला आबकारी दल द्वारा वृत्त- कसडोल के ग्राम घटमड़वा डेरा में दबिश दी गई। मौके पर 70 ली. महुआ मदिरा एवं महुआ शराब निर्माण के लिये तैयार 85 बोरियों में रखे कुल 3400 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया तथा सैंपल लेकर गवाहों के समक्ष नष्टीकरण किया गया। उक्त कार्रवाई में आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2).59 (क) के तहत अचौर्यनयन के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी।

# शासकीय महाविद्यालय में एनिमेशन पर हुआ वेबिनार

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com



डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा के कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल तथा एरेना एनीमेशन बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में एनिमेशन विषय पर वेबिनार हुआ। मुख्य वक्ता संदीप गुप्ता एमडी एरेना एनीमेशन द्वारा गूगल मीट के ऑनलाइन प्लेटफार्म में एवीजीसी क्षेत्र में करियर, नौकरियां, अवसर और प्लेसमेंट पर अपना व्याख्यान दिया। एनिमेशन वीएफएक्स गेमिंग कॉमिक्स के अंतर्गत एनीमेशन के इतिहास व प्रकार जैसे स्टॉप मोशन, 2डी, सेल, क्लासिकल, मोशन ग्राफिक्स, 3डी एनीमेशन में मॉडलिंग, टेक्सचरिंग, लाइटिंग रिगिंग, कैमरा ट्रैकिंग को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से आपको एवीजीसी क्षेत्र में रोमांचक करियर के अवसरों को समझने, सफलता के लिए आवश्यक कौशलों को जानने, और इस गतिशील उद्योग में अपनी जगह सुरक्षित करने के रास्तों को जानने में सहयोग प्राप्त होगा। कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के संयोजक गजानंद नायक द्वारा राष्ट्रीय अप्रेंटिसिप ट्रेनिंग स्कीम के बारे में बताया कि इसके माध्यम से प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम 9000 की राशि प्रतिमाह प्रशिक्षण हेतु शासन प्रदान करेगी तथा सभी छात्रों को इसके पोर्टल में पंजीयन हेतु प्रेरित किया। प्राचार्य अनिता पटेल द्वारा कार्यक्रम को छात्रों के कैरियर के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बताते हुए एरेना एनीमेशन का धन्यवाद ज्ञापन किया। वेबीनार के अंत में छात्रा योगिता प्रधान द्वारा छात्रों की तरफ से अपने सारे जिज्ञासाओ को शांत किया। इस वेबिनार में सहायक प्राध्यापक गण कमला बाई दीवान, किरण कुमारी, जितेंद्र पटेल, रमेश पटेल, अंजेला लकड़ा, रश्मि निबर्गिया, रितुराज भोई, माधुरी प्रधान सहित लगभग 200 डिजिटल प्लेटफार्म से जुड़कर लाभान्वित हुए।

# सिंगल युज प्लास्टिक पर बड़ी कार्रवाई, 85 दुकानदानों से सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्यवाही की, 32,500 वसूला अर्थ दंड

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com





नगर निगम भिलाई द्वारा लगातार सिंगल युज प्लास्टिक पर बड़ी कार्रवाई की जा रही है इसी के अंतर्गत पावर हाउस सर्कुलर मार्केट में स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली अपने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ धावा बोल दिए। बार-बार समझाईस देने के बाद भी, व्यापारी सिंगल युज प्लास्टिक बेच रहे थे। 85 दुकानदानो से सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्यवाही की गयी।

नगर निगम की टीम को देखकर व्यापारी सिंगल प्लास्टिक को इधर-उधर फेंकने लगे। कोई कहीं छुपाता, कोई कहीं छुपाता, इतना बचा हुआ था आगे से नहीं बेचेंगे यही सब व्यापारी बहाना बना रहे थे। बड़ी-बड़ी दुकानों द्वारा भी गंदगी फैलाई जा रही थी। पुराने वासी खाद्य सामग्री को मिलाकर के बेचा जा रहा था । इन सभी पर भी चेतावनी देते हुए जुर्माने की कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य विभाग के टीम के द्वारा 32 दुकानों पर 32500 रुपये जुर्माना किया गया। प्रमुख दुकान पॉपुलर प्लास्टिक, मनीष टी कंपनी,पवन पुत्र टी स्टॉल, सिंह ट्रेंडिंग, न्यू भारत प्लास्टिक, रुक्मणी एजेंसी, पवन पुत्र टी कंपनी, दीपक किराना दुकान, एजाज अहमद पावर हाउस, पूजा किराना स्टोर, कृष्ण ट्रेडर्स,संजय चना दुकान, शारदा चना, जैन मार्ट, रामाश्रय गुप्ता, गुप्ता कबाड़ी आदि। 50 से अधिक दुकानों को समझाइस दिया गया। प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। इन होटल में गंदगी पायी गयी नवरंग डेयरी, गुरु नानक बेकरी, बिहार होटल, मां जगदंबा स्वीट्स, शंकर डेयरी, समीर डेयरी के विरूद्ध भी कार्यवाही की गई। सिंगल यूज प्लास्टिक शासन के आदेशानुसार प्रतिबंधित है। यह सबके लिए हानिकारक है। पर्यावरण स्वास्थ्य, सफाई सभी दृष्टिकोण से इसको रखना, इसमें सामग्री बेचना, इसमें रखी गई सामग्री को खाना नुकसानदेह है। महापौर नीरज पाल आयुक्त देवेश ध्रुव ने व्यापारियों एवं आम नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए अपील की है कि मौसमी बीमारियों से बचने के लिए साफ सफाई पर ध्यान दें। पानी उबालकर पिए, हाथ धोकर साफ सुथरा भोजन करें। किसी प्रकार का तकलीफ होने पर डॉक्टर से परामर्श लेकर इलाज करवावे। नगर को साफ सुथरा, स्वच्छ रखने के लिए सिंगल प्लास्टिक का उपयोग न करें। कार्रवाई के दौरान जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, वीरेंद्र बंजारे, हेमंत माझी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, प्रवीण कुमार, बीरबल बघेल, नरेंद्र भारती, सुरेश पटेल, धन बहादुर सोनी, दानी लाल, सोनू सोनवानी आदि उपस्थित रहे।

# मंत्री बाद में पहले विधायक हूं क्षेत्र का: कैबिनेट मंत्री जायसवाल

- जर्जर भवन निरीक्षण के बाद अधिकारियों को दिए निर्देश, जमीन चयन कर प्रधानमंत्री आवास की कालोनी बनाकर देने की बनाई जाएगी योजना।
- गंदगी और सफाई को लेकर मस्वास्थ्य मंत्री भड़के एस ई सी एल पर कहा लापरवाही आप करे और भुगते हम।

पायनियर संवाददाता ➤ चिरमिरी
www.dailypioneer.com



चिरमिरी के गोदरीपारा एकता नगर एस ई सी एल कालोनियों में निवासरत लोगों के बैठक में स्वास्थ्य मंत्री हुए शामिल और सुनी उनकी व्यथा, कालोनियों का निरीक्षण कर तत्काल अधिकारियों को दिये निर्देश। दरअसल दोपहर लगभग दो बजे चिरमिरी के गोदरीपारा सामुदायिक भवन में एकत्र हुए स्थानीय निवासियों की बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित जन मानस अपनी मूलभूत समस्यायों को लेकर मंत्री से चर्चा किए। चर्चा के दौरान बड़ी समस्या जर्जर एस ई सी एल भवन, पानी और साफ -सफाई रहा जिसे लेकर मंत्री जायसवाल ने कहा की मैं मंत्री बाद में हूँ पहले क्षेत्र का विधायक हूँ। चिरमिरी जैसे जैसे धीरे धीरे उजड़ा है वैसे ही धीरे धीरे विकास करेगा और 05 साल का विकास ही उसको कैसा रफ्तार देगा आप सब देखेंगे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों को शिकायत का निराकरण किया और बाद में एकता नगर गोदरीपारा के एस ई सी एल जर्जर भवन का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण पश्चात मौके पर उपस्थित अधिकारियों को सर्वे कर समस्या का हल निकालने का निर्देश दिए वही जिलाधिकारी को जमीन चयन कर प्रधानमंत्री आवास की कालोनी बनाने की बात कही. वही एस ई सी एल के अधिकारियों को फ्टकार लगाते हुए कहा कि गंदगी और साफ -सफाई की आ रही शिकायतों को जल्द समाप्त करे वरना बर्दास्त नही किया जाएगा क्योंकि गंदगी और सफाई की कमी से बीमारियां पैदा होती है और भुगतना स्वास्थ्य विभाग को पड़ता है। इस दौरान गोदरीपारा एकता नगर के जन मानस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

# सुपारी कीलिंग का मामला, धारदार चाकु से हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



उमेश कुमार वर्मा निवासी कृष्णा नगर सुपेला द्वारा 05.08.2024 को रात्रि ड्यूटी कर करीबन 01:00 बजे अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह गणेश मार्केट सुपेला के पास पहुंचा था। उसी दौरान तीन अज्ञात लड़के आये और मोटर सायकल को रोककर चाबी छीनने लगे मना करने पर गाली गलौज करते हुए तुझे जान से मार देंगे कहते हुए हाथ मे रखे चाकु से ताबडतोड वार कर दिया जिसे प्रार्थी गंभीर रूप से घायल होकर गिर गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला द्वारा गुण्डागर्दी करने वालो के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त है एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर भिलाई) सुखनंदन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में सुपेला पुलिस त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों की तलाश में लग गई। मुखबीर सूचना एवं प्रार्थी द्वारा बताये हुलिया के आधार पर संदेही नरेन्द्र सोनी, राज मानिकपुरी एवं शैलेष सिन्हा उर्फसर्किट से पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किये तथा घटना में प्रयुक्त धारदार चाकु बरामद कराये। आरोपियों को 01.09.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। पकड़े गये आरोपियो से पुछताछ करने पर बताया कि राजनांदगांव निवासी अश्वनी वर्मा उर्फ आशु ने सुपेला स्थित अंग्रेजी शराब भट्टी के मैनेजर उमेश कुमार वर्मा को चाकू से मारना है।

उसके एवज में 50,000 रूपये आरोपियों को दी जायेगी जिस पर तीनो आरोपी चाकू मारने के पहले दो दिन रैकी किये तथा तीसरे दिन मौका मिलने पर चाकू मारकर फरार हो गये थे। वादा के मुताबिक चाकु मारने के पश्चात 30,000 रूपये अश्वनी द्वारा दिया गया तथा शेष रकम उसके द्वारा नही दी गई है।

# अग्रसेन धाम में हुई आयोजित राज्य स्तरीय ब्रेनिस अबकस प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

## बच्चों ने जीते खेल प्रतियोगिताओं में पुरस्कार

- राज्य स्तरीय ब्रेनिस अबकस प्रतियोगिता स्टेज 3 लेबल में दुर्ग के शिवांश गौतम ने तीसरा स्थान पर मारी बाजी

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com




ब्रेनिस अबकस के तत्वाधान में रविवार को रायपुर स्थित अग्रसेन धाम में आयोजित राज्य स्तरीय अबकस प्रतियोगिता स्टेज 3 लेबल ब्रेनिस में शिवांश गौतम के द्वारा तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए दुर्ग शहर नगर का गौरव बढ़ाया शिवांश गौतम कृष्णा पब्लिक स्कुल पुलगांव चौक दुर्ग के प्रतिभावान छात्र हैं जो कि कक्षा चौथी में अध्ययनरत हैं, सहायक अभियंता नगर वृत्त कार्यालय में कार्यरत ऋतुराज गौतम एवं सेजस सेलूद में पदस्थ प्रधान अध्यापिका डॉ रितिका गौतम के सुपुत्र हैं। उक्त उपलब्धि के लिए शिवांश गौतम के द्वारा अपने प्रशिक्षक अमन सर, अमित सर एवं माता-पिता के प्रति आभार व्यक्त किया जिनके अथक परिश्रम और मेहनत के कारण ही वो इस उपलब्धि को हासिल कर पाये। सफलता प्राप्ति के पश्चात् जब शिवांश गौतम अपने निवास स्थान पहुंचे तब उनके नानी, बड़ी मम्मी पापा, मामा-मामी एवं भाई बहनों के द्वारा जोश एवं उमंग से स्वागत कर विजयी आर्शीवाद प्रदान किया।रायपुर अग्रसेन धाम में हुई आयोजित राज्य स्तरीय ब्रेनिस अबकस प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा,बच्चों ने जीते खेल प्रतियोगिताओं में पुरस्कार।

# रोजगारोन्मुखी ट्रेडों पर 90 दिनों के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्घाटन



पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

पीएम अभ्युदय योजना के तहत एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र दुर्ग में विगत 22 अगस्त को जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्यामल दास द्वारा सहायक ऑपरेटर सीएनसी टर्निंग, सहायक इलेक्ट्रीशियन (घरेलू सह औद्योगिक) और तकनीशियन कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग जैसे रोजगारोन्मुखी ट्रेडों पर 90 दिनों के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्घाटन किया गया। यह कौशल प्रशिक्षण भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के रसमड़ा (जिला दुर्ग) स्थित प्रौद्योगिकी केंद्र में शुरू किया गया है। जिसमें निगम द्वारा प्रायोजित अनुसूचित जाति के 90 छात्र 10वीं पास योग्यता के आधार पर भाग ले रहे हैं। यह प्रशिक्षण आवासीय और पूरी तरह से निःशुल्क है। सत्र के दौरान भाग लेने वाले प्रशिक्षुओं को संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम के लाभों और उपयुक्त नौकरी के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाकर इस कौशल उन्मुख प्रशिक्षण को सक्रिय रूप से सीखने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# बीज उत्पादन कार्यक्रम संपन्न



पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल के निर्देशन से कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा cअष् में दुर्ग जिले के किसानों के बीज उत्पादन कार्यक्रम समापन कार्यक्रम में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. एस.एस. टूटेजा ने जिले के किसान प्रशिक्षणार्थी के समस्त प्रश्नों जैसे बीज की ग्रेडिंग मशीन लगाने की प्रक्रिया, बीज प्रमाणीकरण के लिये पंजीयन प्रक्रिया, बीज निरस्त होने पर किसानों को नुकसान हो तो क्या करना है, जैविक बीज बनाने के लिये प्रमाणीकरण की प्रक्रिया, जैविक बीज भंडारण में सावधनियां, जैविक फसल में कोई रसायन मिला हो तो कैसे जांच हो, बीजों के भर्ती के लिये बोरी जूट की हो या प्लास्टिक बोरी का उपयोग किया जाए, बोरे की व्यवस्था किसके माध्यम से किया जायेगा जैसे कई प्रश्नों की तकनीकी जानकारी प्रदान की। छः दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 28 किसानों ने भाग लिया इस कार्यक्रम में किसानों को जैविक धान उत्पादन की पंजीयन प्रक्रिया, जैविक बीज उत्पादन, जैविक धान विक्रय के लिये एफपी.ओ. की भूमिका पर भी चर्चा हुई। इसके पूर्व डॉ. ईश्वरी कुमार द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र के ग्रेडर ईकाई जहां बीज संशाधित किया जाता है का प्रायोगिक प्रदर्शन किसानों को कराया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख डॉ. विजय जैन में आगामी फसलों जैसे सरसों, चना, आदि के लिए तकनीकी ज्ञान उपलब्ध कराने का किसानों को आश्वस्त किया। कार्यक्रम के अन्त में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विनय नायक द्वारा प्रेषित किया गया।

# कलिंगा विश्वविद्यालय ने आकर्षक व्याख्यान के साथ मनाया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com





भारत सरकार ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के सम्मान में 23 अगस्त को आधिकारिक तौर पर "राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस" घोषित किया है, जिसके तहत 'शिव शक्ति' बिंदु पर विक्रम लैंडर की सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग कराई गई तथा 23 अगस्त, 2023 को प्रज्ञान रोवर को चंद्र सतह पर तैनात किया गया। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस अंतरिक्ष अन्वेषण में महत्वपूर्ण उपलब्धियों को मान्यता देता है और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रगति को उजागर करता है। यह दिन छात्रों के बीच अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में रुचि पैदा करके और उन्हें रोल मॉडल प्रदान करके भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए समर्पित है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर, कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर के विज्ञान संकाय ने एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया, जिसमें पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के मूल विज्ञान केंद्र के सहायक प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मी कांत चावरे ने विशेष अतिथि व्याख्यान दिया। विज्ञान संकाय की सहायक प्रोफेसर डॉ. सोहिनी भट्टाचार्य ने स्वागत भाषण दिया और उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिष्ठित विद्वान डॉ. चावरे ने इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता और संसाधन व्यक्ति दोनों के रूप में कार्य किया। उनके व्याख्यान में अंतरिक्ष अन्वेषण के विभिन्न पहलुओं, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नवीनतम विकास और भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों की संभावनाओं पर चर्चा की गई। उनकी अंतर्दृष्टि ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें कलिंगा विश्वविद्यालय के छात्र, संकाय सदस्य और कर्मचारी शामिल थे। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का उत्सव, विश्वविद्यालय द्वारा अपने विद्यार्थियों में विज्ञान, विशेषकर रसायन विज्ञान और भौतिकी के क्षेत्र में गहरी रुचि पैदा करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का एक हिस्सा था। इस कार्यक्रम ने छात्रों को समकालीन वैज्ञानिक मुद्दों और प्रगति से जुड़ने के लिए एक मंच प्रदान किया, जिससे उनकी शैक्षणिक और शोध गतिविधियों को और अधिक प्रेरणा मिली। डॉ. चावरे ने अंतरिक्ष अनुसंधान को आगे बढ़ाने में अंतःविषयक सहयोग के महत्व और अंतरिक्ष अन्वेषण के भविष्य को आकार देने में युवा वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने अंतरिक्ष विज्ञान में संभावित कैरियर के अवसरों पर भी प्रकाश डाला और छात्रों को इस रोमांचक क्षेत्र में अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन एक आकर्षक सत्र के साथ हुआ, जिसमें छात्रों और संकाय सदस्यों ने डॉ. चावरे से प्रश्न पूछे, जिससे उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान की जटिलताओं और चमत्कारों के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त हुई। कलिंगा विश्वविद्यालय ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करके अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को कायम रखता है, जो मूल्यवान शिक्षण अनुभव प्रदान करते हैं और छात्रों को विभिन्न वैज्ञानिक विषयों में नवीनतम रुझानों और शोध से अवगत कराते हैं। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2024 का उद्देश्य न केवल अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धियों का स्मरण करना।

# साक्षर होने का संदेश लेकर निगम कर्मियों ने निकाली उल्लास के साथ रैली







पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर रिसाली निगम के कर्मियों ने उल्लास के साथ रैली निकाली। साक्षर होने के संदेश को जन जन तक पहुंचाया। आयुक्त मोनिका वर्मा और डॉ. पुष्पा पुरुषोत्तमन जिला नोडल अधिकारी साक्षरता कार्यक्रम ने रैली को मरोदा चौपाटी के निकट झंडी दिखाई। रैली में लगभग 200 अधिकारी कर्मचारी शामिल थे। अधिकारी कर्मचारियों का काफिला आधा किलोमीटर का था। यही वजह है कि रैली को देखने स्लम क्षेत्र मरोदा में भीड़ एकत्र हो गई। कलेक्टर ऋचा प्रकाश और जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा के मार्गदर्शन में निकली रैली के पहले क्रम में लगभग 50 महिलाएं पैदल मार्च कर रही थी। वही 50 से अधिक बाइक में रिसाली के अधिकारी कर्मचारी शामिल थे। इसके अलावा काफिला में जन स्वास्थ्य विभाग के 70 वाहनों को शामिल किया गया था। इस अवसर पर अमित घोष सहायक संचालक, तनवीर अकिल जिला क्रीड़ा अधिकारी, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, अखिलेश गुप्ता, नितीश अमन साहू , चंद्र पाल हरमुख आदि उपस्थित थे।

**साक्षर बनाना उद्देश्य–** प्रदेश में 1 से 8 सितंबर तक अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाना और जिले के असाक्षर साथियों को साक्षर कर उन्हें डिजिटल युग के लिए सुदृढ़ बनाना है।

**हर दिन अलग अलग आयोजन–** साक्षरता सप्ताह में जन-जन में साक्षरता की अलख जगाने के लिए प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है ।उसी क्रम में आज स्वच्छता मितान और निगम कर्मचारियों ने साथ मिलकर वाहन रैली निकालकर साक्षरता सप्ताह के प्रथम दिवस का आगाज किया। रैली श्रमिक बाहुल्य बस्तियों के विभिन्न वार्डों में निकाली गई ।

## सड़क से संसद तक की लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस-सुनिल सिंह

# छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर नहीं भाजपा सरकार

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com




जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर आरोप लगाते हुए कहां है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में विगत 9 माह से महिलाएं अ- सुरक्षित महसूस कर रहे हैं जिसमें सामूहिक बलात्कार की घटनाएं सबसे अधिक हुई है इसके विरोध में कांग्रेस पार्टी के द्वारा जिला स्तर पर 3 सितंबर 2024 को काली पट्टी लगाकर सरकार के नीतियों के खिलाफ मौन व्रत के माध्यम से सरकार को मजबूर करेंगे ताकि प्रदेश की महिलाएं सुरक्षित रह सके। आयोजित प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी एवं कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है तब से महिलाओं पर अत्याचार चरण सीमा को पर कर रही है। विगत 8 महीना में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं पर कुल 3094 अपराध दर्ज किए गए हैं जिसमें लगभग 600 से ऊपर की संख्या सिर्फ बलात्कार कि घटनाएं बताई जा रही है। इस बात से यह स्पष्ट हो जाता है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद सामूहिक बलात्कार की घटनाएं तेजी से बढ़ी हुई है जिसे रोक पाने में सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। पत्रकार वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेंद्र गुप्ता व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता गण भी मौजूद रहे।

**पास्को एक्ट जैसे ममाले में मौन क्यों है सरकार** –इस्पात नगर भिलाई के डीपीएस स्कूल मे 4 साल की मासूम बच्ची के साथ दुराचार की घटना सामने आने के बाद भी एफआईआर दर्ज किए बगैर ही वहां के पुलिस अधीक्षक के द्वारा जानकारी दी गई। जबकि पास्को एक्ट में एफआईआर दर्ज करने का प्रावधान है इसके बाद जांच किया जाता है। उक्त घटना के संबंध में भिलाई के दो-दो डॉक्टरों ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि मासूम के साथ कुछ गलत हुआ है उसके निजी अंगों में चोट है तो फिर पुलिस अधीक्षक ने मामले को क्यों नकारा यह समझ से परे है? उक्त मामले में पुलिस ने प्राथमिक कब लिखी,मेडिकल बोर्ड का गठन कब हुआ,स्वास्थ्य परीक्षण कब कराया गया। सरकार ने क्या कार्यवाही की? यह गुत्थी अब तक अन सुलझी पहेली बनकर रह गई है।

**बस्तर से लेकर बलरामपुर तक महिलाएं नहीं है सुरक्षित**–प्रदेश के सुदूर अंचल बस्तर से लेकर बलरामपुर तक महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं है अपने घरों से निकलने में अपने आप को अ-सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यही हाल छत्तीसगढ़ प्रदेश की राजधानी रायपुर की है जहां नए बस स्टैंड में सामूहिक दुष्कर्म को अंजाम दिया गया जिसकी रिपोर्ट दूसरे दिन लिखी गई। ताजूब की बात यह है कि जो रिपोर्ट लिखी गई है उस रिपोर्ट में सामूहिक बलात्कार का जिक्र न कर केवल दुष्कर्म का रिपोर्ट दर्ज किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार अपराधियों को बचाने में लगी हुई है यह बेहद दुर्भाग्य जनक है कि सरकार गंभीर मामले में भी कार्रवाई करने के बजाय छुपाने की कोशिश कर रही है। व्ही रायगढ़ जिले के पुसौर ब्लॉक की घटना सामूहिक दुराचार की हो या कोडागांव में महिला के साथ सामूहिक दुराचार जिसमें 20 दिन तक रिपोर्ट नहीं लिखी गई थी ऐसी कई घटनाएं हैं।

**डबल इंजन की सरकार में हो रही**–इन दुर्भाग्य जनक घटनाओं पर मौन साधने वाले भारतीय जनता पार्टी के बड़ बोले नेता बंगाल की घटनाओं पर गहरी प्रतिक्रिया देने से नहीं चूक रहे हैं पर छत्तीसगढ़ में मासूम बच्चों के साथ दरिंदगी पर मौन क्यों है।

**पश्चिम बंगाल की घटना को बताया शर्मनाक**–पश्चिम बंगाल की घटना पूर्णता निंदनीय है चिकित्सकों को अगर सुरक्षा नहीं मिल पा रही है तो यह भी गंभीर और शर्मनाक घटना है कांग्रेस पूरी तरह से इसकी भर्त्सना करती है परंतु छत्तीसगढ़ में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध को लेकर संवेदनशील ना होना सरकार की निष्क्रियता को दर्शाता है इसलिए कांग्रेस ने अब यह निर्णय ले लिया है कि आने वाले समय में अपनी बहन बेटियों की रक्षा की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ने को तैयार है।

## संपादकीय

# केरल फिल्म उद्योग हेमा कमेटी रिपोर्ट

**हेमा कमेटी रिपोर्ट** ने केरल फिल्म उद्योग में व्याप्त यौन उत्पीड़न का खुलासा किया है जिससे पूरे देश में गुस्से की लहर दौड़ गई है। यह केरल फिल्म उद्योग में 'मी टू' जैसा क्षण है। हेमा कमेटी रिपोर्ट आने के बाद केरल फिल्म उद्योग की छवि रसातल में पहुंच गई है। इसमें व्यापक यौन उत्पीड़न, महिलाओं के लिए मूलभूत सुविधाओं की कमी आदि की चर्चा की गई है। यह उस राज्य में आश्चर्यजनक है जिसने देश को सर्वाधिक प्रगतिशील फिल्में दी हैं। केरल भारत की आलोचकों द्वारा सर्वाधिक प्रशंसित और प्यारी फिल्मों का स्थान रहा है, पर वह अब गंभीर संकट का सामना कर रहा है। हेमा कमेटी की उल्लेखनीय रिपोर्ट ने इस जीवन्त फिल्म उद्योग में व्याप्त गहरे 'जेंडर मुद्दों' तथा यौन उत्पीड़न को उजागर किया है। इससे उद्योग की कलात्मक उपलब्धियों पर आश्चर्यजनक रूप से अंधेरा छा गया है। केरल उच्च न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस के. हेमा की अध्यक्षता में तीन सदस्यों द्वारा तैयार 290 पेज की रिपोर्ट में मलयालम-भाषा फिल्म उद्योग पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। यह कार्यस्थल की निराशाजनक तस्वीर पेश करती है जहां यौन उत्पीड़न व्यापक और व्यवस्थित है तथा 'शक्तिशाली पुरुषों के माफिया' के नियंत्रण के चलते महिलायें शोषण के लिए अभिशप्त हैं। केरल सरकार ने 2017 में पूरे उद्योग को झकझोर देने वाला हाई-प्रोफाइल मामला सामने आने पर हेमा कमेटी का गठन किया था। हेमा कमेटी रिपोर्ट ने उन व्यवस्थागत समस्याओं को उजागर किया है जिनको लंबे समय से अनदेखा किया जा रहा था या कम महत्वपूर्ण समझा जाता था। इस रिपोर्ट में अनेक प्रकार के उत्पीड़नों का उल्लेख



है जिनमें जूनियर कलाकारों के लिए शौचालय व 'चेंजिंग रूम' जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव तथा उद्योग में शक्तिशाली पुरुषों द्वारा बार-बार यौन संबंधों की मांग करना शामिल है। इसमें उन महिलाओं के भयानक अनुभवों का उल्लेख है जिनको बहुत लंबे समय तक बिना शौचालय सुविधा के काम करने पर मजबूर किया गया जिससे उनको स्वास्थ्य समस्यायें पैदा हुईं। समिति ने यह भी पाया कि यौन उत्पीड़न न केवल व्यापक था, बल्कि अक्सर बदले की कार्रवाई के भय से इसकी शिकायत भी नहीं की जाती थी। जैसी कि उम्मीद थी, केरल फिल्म उद्योग के लोगों ने इन सभी आरोपों का खंडन किया है। चिन्ताजनक रिपोर्ट के बावजूद, प्रमुख उद्योग संस्था 'असोसियेशन आफ मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स'-अम्मा ने आरोपों को खारिज किया है। संगठन के महासचिव सिद्दीकी ने इन आरोपों का खंडन करते हुए कहा है कि हालिया वर्षों में फिल्म सेटों पर महिलाओं की स्थिति सुधरी है और उद्योग पर शक्तिशाली पुरुषों के समूह का नियंत्रण नहीं है। लेकिन रिपोर्ट जारी होने के बाद गुस्सा फैल गया है।

एक्टिविस्टों और विपक्षी नेताओं ने तत्काल आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कमेटी के समक्ष बयान देने वाली किसी महिला द्वारा शिकायत दर्ज कराने पर कार्रवाई का वादा किया है। इन खुलासों के बाद उम्मीद है कि केरल फिल्म उद्योग अपने भीतर झांक कर देखेगा और स्थाई परिवर्तन करेगा। केरल फिल्म उद्योग लंबे समय से अपनी कलात्मक उपलब्धियों के लिए देश-दुनिया में प्रशंसा प्राप्त करता रहा है और उसने आलोचकों द्वारा बहु-प्रशंसित अनेक प्रगतिशील फिल्में दी हैं। अब उसे अपने साथ काम करने वाली महिलाओं समेत सभी लोगों के लिए सम्मान, सुरक्षा और गरिमा का प्रतीक बनना होगा।

# पर्यटन और पर्यावरण में संतुलन

भारत में पर्यटन क्षेत्र का भविष्य परिस्थितिकी के प्रति निष्ठा व आर्थिक प्रगति के बीच संतुलन बनाए रखने पर निर्भर है। इसे बनाने का प्रयास फौरन शुरू करने की जरूरत है।



कोटा श्रीराज
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

भारत में पर्यटन क्षेत्र का भविष्य परिस्थितिकी के प्रति निष्ठा व आर्थिक प्रगति के बीच संतुलन बनाए रखने पर निर्भर है। इसे बनाने का प्रयास फौरन शुरू करने की जरूरत है। अति-पर्यटन के कारण दुनिया भर में पर्यावरण क्षरण को लेकर चिन्ता पैदा हो गई है। इसका एक उदाहरण यूनान का बहुत सुंदर दृश्यावलियों वाला सैंटोरिनी द्वीप है। यहां यूनान को आपातस्थिति घोषित करनी पड़ी है क्योंकि इस द्वीप पर एक ही दिन में 17,000 पर्यटक पहुंच गए। इसके कारण द्वीप के परेशान मूल निवासियों को अपने घरों के भीतर ही रहने की सलाह दी गई क्योंकि पर्यटकों की भारी भीड़ के कारण वहां की ढांचागत संरचनाओं पर भारी दबाव पड़ा। इसके साथ ही आवास संबंधी समस्या पैदा हुई तथा शानदार समुद्र तटों पर भारी भीड़ एकत्र हो गई। इसके कारण स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए रैलियां निकालीं जहां उनके हाथों में तख्तियों पर लिखा था, 'व्यापक पर्यटन असहनशील है।'

अति-पर्यटन के कारण प्रदूषण बढ़ता है तथा जल व ऊर्जा जैसे संसाधनों पर भारी दबाव पड़ता है। यह पर्यटकों की भारी भीड़ वाले स्थानों पर साफ दिखाई देता है जिसका स्थानीय परिवेश, जैव-विविधता तथा ढांचागत संरचनाओं पर भारी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। भारत में भी अति-पर्यटन के व्यापक प्रभाव दिखने लगे हैं। हर साल उत्तर भारत के लोकप्रिय पहाड़ी स्थानों, जैसे कुल्लू मनाली व मसूरी में पर्यटकों की भारी भीड़ के कारण ट्रैफिक जाम जैसी स्थिति पैदा हो जाती है। पर्यटकों के वाहनों के कारण कई किलोमीटर तक लंबी कतारें लग जाती हैं और इन शहरों में प्रवेश करना तक कठिन हो जाता है।

बड़ी संख्या में लोगों के आने के कारण यहां का औसत तापमान भी बढ़ जाता है और हिमालय पर्वत के अनेक लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर तापमान बढ़ने की घटनायें बार-बार सामने आई हैं। इन स्थानों पर तापमान बढ़ने के कारण मौसम-चक्र भी बदल गया है। पिछले दो दशकों में भारतीय हिमालयी क्षेत्र में हिमपात वाले दिनों में लगातार कमी आई है। इसके कारण गुलमर्ग और औली जैसे पर्यटन स्थलों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है जिससे राजस्व प्राप्ति घटी है तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ा है। यहां तक कि सुदूर तीर्थस्थल, जैसे जोशीमठ आदि स्थान भी भारी संख्या में आने वाले पर्यटकों का सामना कर रहे हैं। इस सम्मानित हिमालयी शहर में हर साल 10 करोड़ से अधिक लोग आते हैं जिसके परिणामस्वरूप परिस्थितिकी संबंधी मुद्दे गंभीर हो रहे हैं।

यहां जमीन की कमी पड़ रही है तथा जैव-विविधता का विनाश हो रहा है। दक्षिण भारत में केरल जैसे पर्यटन केन्द्र समझे जाने वाले राज्य भी अति-पर्यटन के विनाशकारी प्रभावों का सामना कर रहे हैं। पूरे केरल में सामान्य से अधिक बरसात, मानव गतिविधियों में असाधारण वृद्धि तथा पर्यटन बढ़ने के कारण भूमि उपयोग में परिवर्तन से वनस्पतियों और पेड़ पौधों के पैटर्न में भी बदलाव आया है। 'ईश्वर का अपना देश' कहा जाने वाला केरल मानवीय लालच का शिकार हो गया है। अति-पर्यटन के कारण होटलों, रेस्तराओं और संबंधित बिजनेसों की मांग बढ़ गई है।

इसके परिणामस्वरूप पहाड़ी ढलानों पर बेलगाम तरीके से इमारतें बनाई जा रही हैं, मिट्टी निकाली जा रही है तथा निर्वनीकरण के कारण पर्यावरण पर भयानक विपरीत प्रभाव पड़ा है। इसके साथ ही पहाड़ी ढलानों पर भूस्खलन जैसी समस्यायें भी सामने आ रही हैं। हालिया वायनाड त्रासदी इसका एक दुर्भाग्यपूर्ण उदाहरण है जहां 500 से अधिक लोगों की जानें गईं तथा 400 लोग घायल हुए। इसके साथ ही भूस्खलन के कारण संपत्ति का भारी नुकसान हुआ। पर्यटन के दुर्भाग्यपूर्ण प्रभाव को फ्रेंच स्टार्टअप 'मुरमुरेशन' ने दर्ज किया है जो उपग्रह से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर पर्यटन के पर्यावरणीय प्रभावों के आंकलन का विशेषज्ञ है। इस फर्म ने कहा है कि 80 प्रतिशत पर्यटक केवल 10 प्रतिशत विश्व पर्यटन स्थलों पर जाते हैं जिसके कारण कुछ स्थानों पर भारी भीड़ हो जाती है।

'युनाइटेड नेशन्स वर्ड टूरिस्ट आर्गेनाइजेशन'-यूएनडब्लूटीओ के अनुसार अगर यही प्रवृत्ति बनी रही तो 2030 तक दुनिया में पर्यटकों की संख्या 1.8 बिलियन हो जाएगी, जबकि 2019 में यह 1.5 बिलियन थी। इसके साथ ही पर्यटन के कारण परिवहन-संबंधी कार्बन उत्सर्जन में 2016 के स्तर की तुलना में 25 प्रतिशत वृद्धि की आशंका है। आस्ट्रेलिया जैसे कुछ देशों ने इस समस्या से निपटने के लिए व्यापक कदम उठाए हैं। उदाहरण के लिए, आस्ट्रेलिया का 'इको सर्टीफिकेशन प्रोग्राम' न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव वाले पर्यटन को प्रोत्साहित करता है। इससे पर्यटकों को जिम्मेदार यात्रा पसंद का अवसर मिलता है। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका ने अपने 'फेयर ट्रेड टूरिज्म सर्टीफिकेशन' के माध्यम से 'नैतिक पर्यटन' का समर्थन किया है जिसमें पर्यटन उद्यमों के लिए उचित वेतन और कार्यस्थितियों को अनिवार्य किया गया है। हमारे पड़ोसी देश भूटान ने 'हाई वैल्यू, लो वाल्यूम' नीति अपनाई है जो दुहरा लाभ देती है। इसमें पर्यटकों को दैनिक फीस देनी होती है जिससे स्थानीय समुदायों की सेवायें प्राप्त करने में सहायता मिलती है तथा अति-पर्यटन से बचने के लिए पर्यटकों की संख्या सीमित रहती है।

भारत को विश्व स्तर पर चल रहे ऐसे प्रयोगों से उचित सबक लेना चाहिए। दुनिया में अब सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश भारत में सप्ताहांतों तथा अन्य छुट्टियों में स्थानीय पर्यटन स्थलों और तीर्थस्थलों पर भारी संख्या में पर्यटकों और श्रद्धालुओं के पहुंचने की समस्या से भी निपटना पड़ रहा है। इसके लिए और अधिक पर्यटन स्थलों के विकास के साथ ही पुराने व नये तीर्थस्थलों को पर्यटकों व श्रद्धालुओं के लिए आकर्षक बनाने व उनके विस्तार की आवश्यकता है। भारत में धार्मिक पर्यटन का विशेष स्थान है, ऐसे में इसे भी पर्यावरण संरक्षण तथा प्रकृति प्रेम से जोड़ा जाना चाहिए।

लेकिन भारत की अपनी विशिष्ट समस्यायें हैं और हमारे देश में अति-पर्यटन से बचने के लिए ज्यादा विशिष्ट समाधानों की आवश्यकता है। इसके लिए शुरुआती बिंदु के रूप में एक पर्यटन सप्लाई श्रृंखला क्षेत्र का गठन करना जरूरी है जिसमें ट्रेवल कंपनियां, क्रूज कंपनियां, टिकट देने वाली फर्में और पैकेज टूर प्रोवाइडर्स को शामिल किया जाना चाहिए। उन उद्यमों को अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह निभाते हुए भारत के सभी पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों का संतुलित प्रवाह सुनिश्चित करना होगा। इसके लिए पर्यटन स्थलों के अति-प्रचार से बचते हुए पर्यटकों को अन्य स्थानों पर जाने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। इससे कुछ परंपरागत पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की भारी भीड़ से बचने के साथ ही पर्यावरण पर पड़ने वाले भारी दबाव से बचने में भी सहायता मिलेगी। पर्यटन मंत्रालय को पर्यावरण मंत्रालय से सहयोग कर ऐसी खोजी पहलों को जन्म देना चाहिए जिनसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर परिस्थितिकी तथा जैव-विविधता संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

इस साझेदारी की शुरुआत सबसे पहले पर्यटन और टिकटिंग एजेंसियों पर नियंत्रण से होनी चाहिए। इसके लिए प्रत्येक टूरिस्ट आपरेटर का अनिवार्य पंजीकरण होना चाहिए ताकि पर्यटन क्षेत्र में घुसने वाले अवैध उद्यमों पर रोक लगाई जा सके। पर्यटन और पर्यावरण मंत्रालयों की परस्पर साझेदारी से भारत में पर्यावरण के प्रति संवेदनशली पर्यटन का नया युग शुरू हो सकता है। इसके लिए दोनों मंत्रालयों को विशिष्ट व गैर-हस्तांतरणीय पंजीकरण आईडी की व्यवस्था करनी होगा जिनके माध्यम से टूरिज्म कंपनियों पर लगाम लगाई जा सकती है। इसके साथ ही पर्यटन उद्योग से जुड़े जिम्मेदार उद्यमों व लोगों के लिए समय-समय पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाना चाहिए ताकि उनको परिस्थितिकी, जैव-विविधता और जलवायु परिवर्तन संबंधी मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाया जा सके।

इस साझेदारी के एक हिस्से के रूप में मंत्रालयों को एक विकसित एल्गोरिद्म-आधारित साफ्टवेयर विकसित करने की जरूरत हो सकती है। इसके प्रयोग से पर्यटन क्षेत्र से जुड़ी कंपनियां स्वत: ही लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर सीमित होटलों व परिवहन सुविधाओं को देखते हुए यह तय कर सकती हैं कि वहां कितने पर्यटकों को स्थान मिल सकता है। इससे भारत के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों के भारी बोझ से बचने में सहायता मिलेगी। यह पर्यावरण व पर्यटन में संतुलन में सहायक होगी।

# वैश्विक प्रतिरक्षा आपूर्तियों में भारत के लिए अवसर



पद्मलोचन दास
(लेखक राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन स्कूल से जुड़े हैं)

वैश्विक रक्षा परिदृश्य तेज़ी से विकसित हो रहा है, जिसमें भू-राजनीतिक संघर्षों में वृद्धि और महत्वपूर्ण सैन्य हार्डवेयर और प्रौद्योगिकी तक पहुंच को प्रतिबंधित करने के लिए इनकार की रणनीति का बढ़ता रणनीतिक उपयोग शामिल है। भारत के प्रमुख रणनीतिक साझेदारों सहित कई राष्ट्र अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रहे हैं क्योंकि आवश्यक रक्षा भंडार समाप्त हो रहे हैं और परिष्कृत युद्ध मशीनें अप्रचलित हो रही हैं या नए प्रकार के विध्वंस के प्रति संवेदनशील हो रही हैं।

इसके जवाब में, प्रमुख रक्षा आपूर्तिकर्ता, विशेष रूप से प्रथम-विश्व देशों में, बाहरी बिक्री की तुलना में अपने भंडार के संरक्षण को प्राथमिकता दे रहे हैं। इन चुनौतियों के बीच, भारत के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर उभर रहा है। इन अंतरालों को भरने और अपने रणनीतिक प्रभाव और साझेदारी को बढ़ाने के लिए रणनीतिक रूप से डिज़ाइन किए गए दृष्टिकोण को अपनाकर, भारत वैश्विक रक्षा आपूर्ति श्रृंखला में उभरती हुई कमियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

वैश्विक रक्षा आपूर्ति श्रृंखला में कमज़ोरियां: कोविड-19 महामारी, यूक्रेन, मध्य पूर्व और इंडो-पैसिफिक जैसे क्षेत्रों में चल रहे संघर्षों के साथ, वैश्विक रक्षा आपूर्ति श्रृंखलाओं की कमज़ोरी को उजागर कर दिया है। चूंकि भारत खुद को रक्षा उपकरणों के एक विश्वसनीय और विविधतापूर्ण आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित करना चाहता है, इसलिए तुरंत कार्रवाई करना अनिवार्य है। इन क्षमताओं को बढ़ाना और दीर्घकालिक रणनीतिक उद्देश्यों में निहित मजबूत, लचीली नीतियों को लागू करना भारत के लिए वैश्विक रक्षा बाज़ार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरने के लिए महत्वपूर्ण है। भारत ने संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, फ्रांस और इज़राइल सहित प्रमुख वैश्विक शक्तियों के साथ अपनी रक्षा साझेदारी को मज़बूत किया है। हालांकि, इन गठबंधनों को लेन-देन संबंधी व्यवस्थाओं से आगे बढ़कर स्थायी, पारस्परिक संबंधों में विकसित होना चाहिए। भारत के लिए, हर लेन-देन या साझेदारी का लाभ देश की अधिशेष उत्पादन करने की क्षमता को बढ़ाने और अन्य देशों की रक्षा आवश्यकताओं के लिए एक प्रमुख प्रदाता के रूप में उभरने के लिए उठाया जाना चाहिए। इन रणनीतिक गठबंधनों से न केवल भारत की वैश्विक खिलाड़ी के रूप में स्थिति में सुधार होगा, बल्कि वैश्विक रक्षा बाज़ार में इसे एक स्थायी प्रतिस्पर्धी बढ़त भी मिलेगी। भारत ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन में काफी प्रगति की है, जिसका उदाहरण अर्जुन मुख्य युद्धक टैंक, ब्रह्मोस मिसाइल और तेजस लड़ाकू जेट जैसी उपलब्धियां हैं। हालांकि, वैश्विक रक्षा बाजार की बढ़ती माँगों को पूरा करने के लिए इन सफलताओं को विकसित किया जाना चाहिए। विश्व स्तरीय रक्षा उत्पादक के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए, भारत को सैन्य-श्रेणी के यूएवी, उन्नत मिसाइल रक्षा प्रणाली और अत्याधुनिक साइबर रक्षा प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में अपनी उत्पादन क्षमताओं का विस्तार करना चाहिए। इसके अतिरिक्त, अपने उत्पादन पोर्टफोलियो में उन्नत समुद्री टोही विमान, पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रणाली और व्यापक निगरानी बुनियादी ढांचे को एकीकृत करना आवश्यक है। भारत की स्वदेशी रक्षा उत्पादन क्षमता को अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों को पूरा करने के लिए बढ़ाया जाना चाहिए, जिससे देश वैश्विक रक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित हो सके।

भारत की अग्रणी, आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादक बनने की महत्वाकांक्षाएं, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहलों द्वारा रेखांकित की जाती हैं। हालांकि, सफलता का सही मापदंड यह होगा कि ये उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय मांगों के साथ कितनी अच्छी तरह से संरेखित होते हैं और वैश्विक रक्षा आपूर्ति श्रृंखला में बढ़ते अंतराल को कैसे संबोधित करते हैं। भारत को वैश्विक आवश्यकताओं के लिए तेज़ी से अनुकूलन करना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि उसके उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफ़ॉर्म और मानकों के अनुकूल हों।

इसे प्राप्त करने के लिए, देश की नीतियों को उन्नत विनिर्माण अवसंरचना में निवेश आकर्षित करने, रक्षा उत्पादन प्रणालियों का समर्थन करने और महत्वपूर्ण उत्पादन विशेषज्ञता को उन्नत करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, कठोर गुणवत्ता नियंत्रण लागू करना और नवाचार-संचालित, उच्च-गुणवत्ता वाले उत्पादन आधार को बढ़ावा देना वैश्विक रक्षा मांगों को पूरा करने के लिए आवश्यक है।ससस विविधीकरण और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता प्राप्त करने के लिए भारत के रक्षा क्षेत्र में विविधीकरण और परिवर्तन महत्वपूर्ण हैं। एक विविध विनिर्माण आधार जो रणनीतिक रूप से सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों को निजी उद्यमों के साथ जोड़ता है, को अधिक अनुकूलनीय और उत्तरदायी आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए विकसित किया जाना चाहिए। चूंकि भारत एक प्रमुख रक्षा आपूर्तिकर्ता बनने का लक्ष्य रखता है, इसलिए सफलता एक स्थायी नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर निर्भर करेगी जो मूर्त परिणाम उत्पन्न करती है। एक अग्रणी रक्षा आपूर्तिकर्ता के रूप में भारतएक अग्रणी रक्षा आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरने की भारत की महत्वाकांक्षा निर्णायक कार्रवाई और रणनीतिक फोकस की मांग करती है। इस दृष्टि को साकार करने के लिए, भारत को अपनी निर्यात क्षमताओं को बढ़ाना होगा, प्रमुख बाजारों को लक्षित करना होगा और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ संरेखित करना होगा। इस क्षेत्र में सफलता लगातार उच्च गुणवत्ता वाले, अनुकूलनीय और सटीक रक्षा उत्पादों को विविध देशों की जरूरतों के अनुरूप वितरित करने के लिए एक दृढ़ नीति प्रतिबद्धता स्थापित करने पर निर्भर करती है।

## आप की बात

### जयशंकर का बयान

**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने साफ-साफ कह दिया कि पाक से अब लगातार बातचीत का युग समाप्त हो गया है। इसका मतलब है कि उसे जैसे को तैसा वाला जवाब मिलेगा। पाकिस्तान से देश की आजादी के बाद से बार-बार बातचीत होती रही है, लेकिन उसका कश्मीर राग बंद होने का नाम नहीं लेता है। भारत ने जम्मू कश्मीर में लागू अनुच्छेद 370 और 35 ए हटाकर समस्या समाप्त कर दी है। अब यदि पाकिस्तान कोई आतंकी या सैनिक दु:साहस करता है तो उसे माकूल जवाब भारत देगा। बांग्लादेश पर भी भारत की पैनी नजर लगी हुई है क्योंकि वहां पाकिस्तान-समर्थक व भारत-विरोधी तत्व शेख हसीना का तख्ता पलटने के बाद बांग्लादेश की जनता को भारत के खिलाफ भड़का रहे हैं तथा हिंदुओं का नरसंहार कर उनको भारत भागने के लिए मजबूर कर रहे हैं। पाकिस्तान भले ही बांग्लादेश में कट्टरपंथी व इस्लामवादी तत्वों को भारत के खिलाफ भड़काने के प्रयास कर रहा हो, पर उम्मीद है कि बांग्लादेशी जनता का वह हिस्सा फिर सक्रिय होगा जो 1971 में बांग्लादेश बनने के बाद लाभान्वित हुआ है तथा मुक्ति संग्राम की विरासत का पक्षधर है। ऐसे में पाकिस्तान के प्रति कठोर दृष्टिकोण अपना कर भारतीय विदेश मंत्री ने बिल्कुल सही काम किया है।

– **महेश नेनावा**, इंदौर

### फिल्म उद्योगों की दशा

**मलयालम** फिल्म इंडस्ट्री पर हेमा कमेटी की रिपोर्ट ने न सिर्फ मलयालम फिल्म इंडस्ट्री की हालत उजाकर कर दी है, बल्कि इसने प्रकारान्तर से देश की सभी फिल्म इंडस्ट्रियों की अंदरुनी हालात का एक्सरे दिखा दिया है। पर्दे पर जो हीरो महिलाओं के लिए जान पर खेल जाते हैं, उनमें से अनेक इस इंडस्ट्री के छुपे हुए विलेन भी होते हैं। फिल्म इंडस्ट्री में प्रवेश के इच्छुक कलाकारों, खासकर महिला कलाकारों के भयानक शोषण का यह घिनौना खेल कोई आज ही शुरू नहीं हुआ है। कई वर्षों से यह पैटर्न बन चुका हैए कि फिल्में तो फिल्में टीवी सीरियल तक में रोल पाने के लिए सबसे पहली शर्त ही खुद की इज्जत को दांव पर लगाने की होती है। इस चक्रव्यूह में एक बार उलझने के बाद फिर महिला कलाकारों का बाहर निकलना मुश्किल जो जाता है। कास्टिंग काउच की अफवाहों के बाद 6 साल पहले बॉलीवुड में मी टू संबंधी खुलासों के बाद यह पूरा मामला भुला दिया गया। अब यही मी टू एक बार फिर मलयालम फिल्म उद्योग में उभरा है जिसकी हलचल तमिल फिल्म उद्योग में भी सुनाई दे रही है। हालांकि, अतीत की तुलना में फिल्म उद्योग में थोड़ी पारदर्शिता आई है, पर यहां मौजूद माफिया का पूर्णत: सफाया जरूरी है।

– **सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### जड़ी-बूटी व्यापार

**वनों** से जुड़ी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के दृष्टिकोण से सुदूर गांवों तक जड़ी-बूटियों का व्यापार एक सकारात्मक आयाम है। महिलाओं के जीवन में समृद्धि लाने के दृष्टिकोण से वनोपज एकत्र करने के बाद उसके उत्पाद बनाकर बेचने का काम वन के समीप बसे समुदायों के लिए आजीविका के साथ ही नारी सशक्तिकरण को एक नई दिशा देगा। आदिवासी महिलाओं द्वारा वनोपजों व खासकर जड़ी-बूटियों से बनाए उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में काम किया जाना चाहिए। अनेक वनवासी व वनों से निकट रहने वाले समाजों में महिलाएं जड़ी बूटियों को ढूंढ कर उनका कारोबार करती आ रही हैं। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों अपने पूर्वजों के ज्ञान से पीढ़ी दर पीढ़ी जड़ी बूटियों की पहचान कर छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज करने में भी उनको काफी महारत प्राप्त है। जमीनी स्तर से लेकर देश-विदेश तक जड़ी-बूटी व्यापार व इससे आदिवासी महिलाओं को लाभ दिलाने के लिए व्यापक प्रयासों की जरूरत है। इनमें वनस्पति विज्ञानियों, संरक्षणवादियों, आयुर्वेद औषधि निर्माताओं, कृषि वैज्ञानिकों तथा सहकारी संघों के साथ आम जनता की व्यापक सहभागिता हो सकती है। इससे वे परंपरागत ज्ञान का संवर्धन करेंगे।

– **संजय वर्मा**, मनावर

### पैरालिंपिक में तिरंगा

**पेरिस पैरालिंपिक** खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन से हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। निशानेबाज अवनी लेखरा, मोना अग्रवाल, मनीष नरवाल एवम प्रीति पाल के पदक विजयी प्रदर्शन ने भारत में दिव्यांग खिलाड़ियों की क्षमता का शानदार पदर्शन किया है। पेरिस पैरालंपिक में अभी कई स्पर्धा होना है। उम्मीद है कि हमारे खिलाड़ी निश्चित रूप से पदकों की संख्या बढ़ाने में सफल होंगे। अवनी लेखरा पैरालंपिक खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई है। एथलीट प्रीति पाल ने भी महिलाओं की टी 35 वर्ग की 100 मीटर स्पर्धा में 14.21 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय से कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा है। पैरालंपिक पदक विजेता देशवासियों के प्यार, सम्मान और पुरस्कार के हकदार है। भारत समेत दुनिया भर के पैरालिंपिक खिलाड़ियों ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि यदि कोई ठान ले तो दिव्यांगता उसकी प्रतिभा प्रदर्शन में बाधा नहीं बन सकती है।

– **रीतेश जोशी**, देवास

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# हौसला बुलंद : चावल गबन करने वाले अधिकारी के पत्रों का जवाब देना नहीं समझते उचित

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले के उचित मूल्य की दुकानों का संचालन कर्ताओ के द्वारा राशनकार्ड धारियों के चावल में हेराफेरी तो कर लिए हैं अब जब ग्रामीणों ने शिकायत किया तो जांच हुई। गड़बड़ी के लिए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी हुआ। संचालन कर्ता ने नोटिस का जवाब देना तो दूर उन्हे तबज्जों भी नहीं दिया। संचालकों के ऐसा बर्ताव से लगता है कि विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से इतना बड़ा कृत्य को अंजाम दिया गया है। जिस प्रकार से विभागीय अधिकारी जांच, नोटिस और जवाब में जल्दबाजी कर रहे हैं उससे तो यही अंदेशा जताया जा रहा है जो जनमानस में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।

**एक दुकान में दो लाख से ज्यादा का गड़बड़ी** – बोडला विकासखण्ड आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण शासन के द्वारा उचित मूल्य की दुकानों में चावल, शक्कर, नमक के आलावा चना का भी वितरण किया जा रहा है। वनांचल क्षेत्र होने के कारण आधिकारी कर्मचारी ज्यादा ध्यान नही देते। बोडला विकासखण्ड के 12 उचित मूल्य दुकान की संचालन कर्ताओ को आर सी सी जारी किया गया है जिसमे बोक्करखार भी शामिल हैं जहा पर दो लाख पच्चीस हजार रुपए की गड़बड़ी पाई गई है लेकिन जो आर सी सी जारी हुआ है उसमे लगभग दो हजार दो सौ बीस क्विंटल चावल गायब पाया है। जिसकी कीमत करोड़ों की हो सकता है।









**एसडीएम के पत्रों को तबज्जों नही देते विक्रेता** – हाल ही में बोडला विकासखण्ड के बोक्करखार के ग्रामीणों ने चावल नही मिलने की शिकायत कलेक्टर से किया तब खाद्य निरीक्षक ने जांच किया जिसमे गड़बड़ी पाई है जिसको लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया है जिसको संचालक एजेंसी ने जवाब देना तो दूर तबज्जों भी नही दिया। जबकि कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला जिला-कबीरधाम (छ.ग) द्वारा कारण बताओ नोटिस क्रमांक /1909/ वाचक-1/अ.वि.अ./ 2024, बोड़ला 22.08.2024 में सरपंच/ सचिव ग्राम पंचायत बोक्करखार. गंगाराम धुर्वे (पूर्व विक्रेता). बलराम मेरावी (वर्तमान विक्रेता) शासकीय उचित मूल्य की दुकान बोक्करखार आई.डी. 572002084 के द्वारा वितरण में अनियमितता बरतने एवं खाद्यन के अपयोजन के संबंध में। खाद्य निरीक्षक बोड़ला के द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान बोक्करखार के विक्रेता/ संचालनकर्ता एजेंसी द्वारा हितग्राहियों को आबंटित खाद्यान को व्यपवर्तित करते हुए राशि 225000.00 रूपये की राजस्व हानि की गई है तथा अध्यक्ष/ सचिव/ विक्रेता के द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 की कण्डिका 5. 11, 12, 14 एवं 15 का उल्लघंन किया गया है जो दण्डनीय है।

**आज तक नहीं दिया जवाब :** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बोडला द्वारा जारी पत्र में यह भी कहा था कि उपरोक्त संबंध में आप 29.08.2024 को मेरे न्यायालय में प्रातः 10.30 बजे उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें। समाधान कारक जवाब निर्धारित तिथी तक प्राप्त नहीं होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी तथा संस्था को निलंबित / राजस्व वसूली / प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होगें बावजूद आज दिनांक तक जवाब देना उचित नहीं समझ रहे हैं।

**विभागीय अधिकारियों की संलिप्तता की संभावना** : बोडला विकासखण्ड के जिन बारह उचित मूल्य की दुकानों को खाद्यांह की कमी को लेकर आर सी सी जारी किया गया है जिसमे बोक्करखार भी शामिल है। बोक्करखार के उपभोक्ताओं ने खाद्यान्ह नही मिलने की शिकायत किए तो उसके लिए खाद्य निरीक्षक ने तत्काल जांच करने पहुंच गया और अपना प्रतिवेदन सक्षम अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बोडला को सौप दिया। खाद्य निरीक्षक ने प्रतिवेदन के अनुसार एसडीएम ने 27 अगस्त को कारण बताओ नोटिस जारी किया और जवाब की तिथि 29 अगस्त निर्धारित किया जबकि यही कार्यालय का नोटिस 15 दिन में भी तमिल नही होता तो यह पत्र एक ही दिन में कैसे तामिल होगा जारी करते समय इसका ध्यान नही दिया गया जो लोगो में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।

**नियमित निरीक्षण का अभाव** : उचित मूल्य की दुकानों की नियमित रूप से निरीक्षण और भौतिक सत्यापन जिम्मेदारों के द्वारा किया गया होता तो यह स्थिति निर्मित नही होता। इसके जिम्मेदार संचालन एजेंसी के साथ साथ विभागीय अधिकारियों और ज़िम्मेदार भी है।

# 8 माह में प्रदेश में महिलाओं के प्रति 3 हजार 94 अपराध जिसमें 600 से अधिक बलात्कार की घटना : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में भाजपानीत सरकार के 9 माह में प्रदेश की महिलाएं असुरक्षित हो गई हैं। प्रतिदिन प्रदेश में कहीं ना कहीं बलात्कार/सामूहिक बलात्कार की घटना होना आम हो गया है। सबसे बड़ी दुर्भाग्य जनक बात है कि प्रदेश की राजधानी में भी महिलाएं सुरक्षित नहीं है। रायपुर में नया बस स्टैंड में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म होता है, दूसरे दिन रिपोर्ट लिखी जाती है लेकिन सामूहिक बलात्कार को बलात्कार बता दिया जाता है पुलिस के द्वारा अपराधियों को सजा देने के बजाय बचाया जा रहा है। ऊक्ताशय के उद्गार सोमवार को दोपहर 2 बजे बालोद जिला कांग्रेस भवन में प्रेस को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री रत्तीराम कोसमा, महामंत्री धीरज उपाध्याय, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव कृष्णा दुबे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथिलेश नुरेटी, युवा कांग्रेस के प्रवक्ता अंचल प्रकाश साहू ने कही।

**पुलिस अधीक्षक पर क्यो नहीं की गई कार्यवाही?**

रत्ती राम कोसमा ने बताया कि बीते 8 माह में प्रदेश में महिलाओं के प्रति 3 हजार 94 अपराध हुए हैं। जिसमें 600 से अधिक बलात्कार की घटना है, जो की अत्यंत शर्मनाक है। भिलाई के डीपीएस स्कूल में 4 साल की मासूम बच्ची के साथ दुराचार की घटना हो गई, बिना एफआईआर के पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना को जानकारी दिया गया। जबकि पॉक्सो एक्ट में प्रावधान है कि ऐसी कोई घटना होने पर पहले एफआईआर होना चाहिए, उसके बाद जांच होनी चाहिए। जबकि बच्ची के साथ हुई घटना की पुष्टि दो-दो डॉक्टरों ने की है कि बच्ची के निजी अंग में चोट है। कुछ तो गलत हुआ है। हम पूछना चाहते हैं कि पुलिस ने एफआईआर कब किया? मेडिकल बोर्ड का गठन कब किया? बच्ची का स्वास्थ्य परीक्षण कब किया गया, और घटना सरकार के संज्ञान में था तो सरकार ने क्या कार्रवाई की? पॉक्सो में एफआईआर किए बिना क्लीन चीट देने वाले पुलिस अधीक्षक पर अभी तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई?




### बहन बेटियो के रक्षा की लड़ेंगे लड़ाई

उन्होंने कहा कि भिलाई की घटना, कोंडागांव की महिला के साथ दुराचार होने के 20 दिन बाद भी एफआईआर का नहीं लिखा जाना। बंगाल की घटना पर प्रतिक्रिया देने वाले भाजपाई छत्तीसगढ़ की दुष्कर्म की घटनाओं पर मौन साधे हुए हैं। इस मामले में कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि हम अपनी बहन बेटियों की रक्षा की लड़ाई लड़ेंगे, आंदोलन करेंगे, सरकार को महिलाओं की सुरक्षा के लिए मजबूर करेंगे। उक्त प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री रत्तीराम कोसमा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव कृष्णा दुबे, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री धीरज उपाध्याय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथिलेश नुरेटी, एवं युवा कांग्रेस के प्रवक्ता अंचल प्रकाश साहू उपस्थित रहें।

# छत्तीसगढ़ रामधुनी महांसघ का हुआ वार्षिक सम्मेलन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ रामधुनी महासंघ के अध्यक्ष थानू राम देवांगन के नेतृत्व में ग्राम डोगीं तराई जिला रायपुर की वार्षिक सम्मेलन के आयोजन किया गया। जिसमे रामधुनी से संबंधित पत्रिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर संघ के सचिव चंद्रहास साहू ने बताया की छग रामधुनी महासंघ में छत्तीसगढ़ के 10 जिला राजनांदगांव रायपुर दुर्ग बालोद धमतरी कांकेर गरियाबंद बेमेतरा बस्तर से 689 मंडली पंजीकृत है, जिसका पूरे छग में भ्रमण रहता है। जिससे सांस्कृतिक धरोहर जीवंत रह सके। मंडलियों के द्वारा अनेक आध्यात्मिक एवं भगवान की रोचक कथाओं को लीला के माध्यम से मंचीय प्रस्तुति प्रदान किया जाता है, जो मंच में उपस्थित दर्शक दीर्घा के मन में भक्ति का भाव संचार करता है। अतिथि दीपक गुहा ने ऐसे कार्यक्रमों में युवाओं की भागीदारी पर प्रकाश डाला वही राज मानस संघ धमतरी के अध्यक्ष अर्जुन पूरी गोस्वामी कार्यक्रम को सराहा जिला अध्यक्ष बेमेतरा देवलाल सिन्हा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामधूनी मंच में कर्तव्यों को जिम्मदारी से निर्वहन करने की बात कही कार्यक्रम का संचालन प्रेमलाल साहू गुदगुदा किशोर ध्रुव सेनचुवा ने किया। इस अवसर पर छग लोक कला रामधुनि मंडली गुदगुदा एवं जय श्री राम धूनी मंडली चंपारन की विशेष प्रस्तुति हुआ। जिससे पूरा मंच में सांगीतिक भक्तिमय माहौल का संचार हुआ। अंत मे आभार प्रदर्शन संघ के कोषाध्यक्ष भानु राम सार्वा ने किया।




# शिक्षक ने अपने जन्मदिन पर विभिन्न पौधारोपण किया



**बेमेतरा।** ग्राम खमरिया के स्कूल में पदस्थ शिक्षक एवं पर्यावरण प्रेमी संगठन के सदस्य मिलन राम साहू ने अपने जन्मदिन पर कटहल, अमरूद, गुलमोहर करंच एवं फूलों का पौधा लगाकर अपना जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि पर्यावरण हमारा जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसे सुरक्षित करना हमारा कर्तव्य है। बता दें कि शिक्षक साहु के द्वारा प्रतिवर्ष स्कूली बच्चों को पेड़ पौधे लगाने का कार्य करते रहते हैं।

# मिडिल स्कूल मटका की शिक्षिका ज्योति बनाफर का कलिंगा विश्वविद्यालय में हुआ सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलिंगा वि वविद्यालय नया रायपुर द्वारा शैक्षिक संवाद सह शिक्षक सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत आईएएस और उच्च शिक्षा विभाग के पूर्व मुख्य प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में संपन्न इस शैक्षिक संवाद एवं शिक्षक सम्मान समारोह में बेमेतरा जिले से मटका स्कूल शिक्षिका ज्योति बनाफर को प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह तथा शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉक्टर संदीप गांधी द्वारा स्वागत भाषण दिया गया तथा डॉ सुनैना शुक्ला कॉर्पोरेट एवं माइंडफूलनेस प्रशिक्षक ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर एक सत्र लिया। जिले के पूर्व माध्यमिक शाला मटका की शिक्षिका ज्योति बनाफर खिलौने, टीएलएम ,रोल प्ले के माध्यम से गणितीय अवधारणाओं का सरलीकरण करते हुए भयमुक्त वातावरण में बच्चों को पढ़ाने की विशिष्ट शैली है। ऑगमेंटेड रियलिटी शो में दक्षता के साथ बच्चों को पढ़ाते हुए यूट्यूब के माध्यम से विशेष क्रियाकलाप का प्रदर्शन एवं अध्यापन पदार्थ भी उपलब्ध कराती है। जिससे बच्चे आसानी से पुनरावृत्ति कर सके। अध्यापन के साथ ही अन्य गतिविधियों का क्रियान्वयन कमजोर बच्चों को स्तर में लाने के लिए भाषाओं एवं गणितीय कौशल के विकास के लिए सतत प्रयासरत रहती है विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के लिए के माध्यम से बच्चों को आगे लाने का प्रयास करती है। बच्चों में अनुशासन शतप्रतिशत उपस्थिति एवं प्रतिभागी परीक्षाओं के लिए योग्य बनना ही उनका एक लक्ष्य है।अंगना में शिक्षा में जिला नोडल के रूप में कार्य करते हुए माता उन्मुखीकरण, कबाड़ से जुगाड़, मॉडल निर्माण, हस्तलिखित पुस्तक लेखन तथा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन करती रहती हैं।



# दो दिन में ट्रांसफार्मर नहीं लगने पर चक्का जाम करने की चेतावनी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत मारो वार्ड नंबर एक दो में ट्रांसफार्मर नहीं लगने से पेयजल की समस्या से नागरिकों को जुझना पड़ रहा है यहां पर दो दिन में ट्रांसफार्मर नहीं लगने पर कार्यपालन अभियंता बेमेतरा के सामने चक्का जाम कर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई है। इस संबंध में कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में नगर पंचायत मारो के साहेब दास, चिंता राम, अशोक राधे श्याम विजय कुर्रे रमे लाल परमप्रकाश सहित अन्य नागरिकों ने विद्युत विभाग के अधिकारी को लिखित में बताया है कि नगर पंचायत मारो के वार्ड नंबर एक दो में लगे ट्रांसफार्मर विगत 15 दिन से फैल है जिससे वार्ड क्रमांक एक व दो में पेयजल की विकट समस्या विकराल रूप लेते जा रही है। वहां के लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। लिखित जानकारी में आगे बताया गया है कि बारिश नहीं होने के कारण खेत भी सूखे पड़े हैं ट्रांसफार्मर खराब होने के संबंध में अधिकारी से चर्चा करने पर आज पर्यंत तक मात्र केवल आश्वासन प्राप्त हुआ है, लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं लग पाया है, जिससे नागरिक परेशानी का सामना कर रहे हैं। इन लोगो के द्वारा टांसफार्मर लगाने की मांग किया गया है अन्यथा 2 दिन के अंदर ट्रांसफार्मर नहीं लगने पर कार्यपालन अभियंता कार्यालय बेमेतरा के सामने चक्का जाम एवं धरना प्रदर्शन करने की बात कही है इसकी प्रतिलिपि विधुत विभाग के कार्यपालन अभियंता पुलिस अधीक्षक नवागढ़ के राजस्व अनुविभागीय अधिकारी को दी गई है।

# बिलई में साक्षरता सप्ताह के तहत कार्यक्रम का आयोजन




**बेमेतरा।** संकुल केंद्र बिलई के ग्राम ढोलिया में साक्षरता सप्ताह अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, उक्त कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी सुनील कुमार झा ने जनप्रतिनिधियों ग्रामवासियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों को उल्लास नव भारत साक्षरता के विषय मे विस्तार से जानकारी प्रदान की, साथ ही इस राष्ट्रीय महत्व के अभियान में अपना योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को उल्लास शपथ भी दिलाया। इस अवसर पर एक जन जागरूकता रैली भी निकाली गई जो ग्राम का भ्रमण करते हुए प्राथमिक शाला में संपन्न हुई। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने साक्षरता के लिए नारे लगाकर, साक्षरता गीत गाकर ग्राम वासियों को जागृत करने का प्रयास किया। उक्त कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य तिवारी, पूर्व सरपंच लेखूराम साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार खरे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राजेंद्र साहू, सहायक परियोजना समन्वयक भूपेंद्र साहू, संकुल समन्वयक योगेश साहू, प्रधान पाठक विनोद कुमार सेन, संस्था की शिक्षिकाएं अर्चना झा, सुकन्या राजपूत, हेमलता साहू सहित, खेलावन साहू, अंजू दीवान, गणेश साहू, जान कुँवर और ग्राम वासी शामिल हुए।

# हायर सेकंडरी स्कूल साजा के बालिकाओं को अपराध के प्रति सजग रहने का दिया संदेश

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, बेमेतरा पुलिस द्वारा प्रति दिन पुरे जिले में बाल सुरक्षा पर आधारित अभिव्यक्ति अभियान एवं महिला शसक्तिकरण, बालक/ बालिकाओ/ महिलाओं की सुरक्षा, नशा मुक्ति के खिलाफ एवं सायबर अपराध, महिलाओं एवं बच्चो संबंधित अपराधों व यातायात के नियमों एवं चलित थाना के माध्यम से गांव एवं स्कुल, कालेजों में छात्र/छात्राओं, आमजनों को जागरूक करने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के तहत 31 अगस्त को थाना प्रभारी साजा निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, महिला आरक्षक सरला भारती एवं अन्य स्टाफ के द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साजा के बालिकाओं को शिक्षक/शिक्षिकाओं की उपस्थिति में अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा ऐप के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर प्रचार प्रसार किया गया। बालिकाओं को गुडटच व बेडटच, सेल्फ डिफेंस, बच्चों के साथ होने वाले अपराधों और अत्याचार/ शोषण, बाल श्रम, भिक्षावृत्ति आदि की सूचना किसी भी नागरिक द्वारा चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर 1800-123-6010 पर देने के संबंध में जानकारी देकर प्रचार-प्रसार एवं उपयोग के संबंध में बताया गया तथा बालिकाओं/महिलाओ पर हो रहे अपराध एवं मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध एवं उनके रोकथाम तथा महिलाओ एवं बालिकाओ पर हो रहे लैंगिक शोषण के बचाव एवं कारण से संबंधित तथा सायबर अपराधों से बचाव हेतू महत्तवपूर्ण जानकारी साझा की गई।



## भोजली विसर्जन किया गया

# जिले में पोला पट कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पोला पर्व

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व में से एक महत्वपूर्ण पर्व पोला त्यौहार को सभी लोगों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर जहां लोगों ने निर्धारित स्थल पर पोला पटकने पहुंचे वह घरों में लोगों ने मिट्टी के बने बैल पोला जांता की पूजा पारंपरिक तरीके से किया गया। पोला पर्व इस साल सोमवती अमावस्या होने पर इस पर्व का महत्व और बढ़ गया, इसलिए बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ पोला पर्व मनाया गया। इस त्यौहार में लोगों ने खेती कार्य पूरी तरह बंद कर दिया गया था, वही सुबह से लोग अपने घरों में मिट्टी से अथवा लकड़ी के बनाए गए रंग-बिरंगे बैल जोड़ी पोला एवं जाता का पूजा किया गया, जिसमें लोगों के द्वारा इन तीनों का जल चंदन गुलाल अक्षत फूल चढ़ाए कर पूजा अर्चना किया और श्रीफल चढ़ाया गया और धुप दीप अगरबत्ती से आरती कर घर में बनाया गया छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी खुरमी बरा चीला का भोग लगाया गया तदुपरांत आशीर्वाद लिया गया। बाद में मिट्टी से बने बैल जोड़ी पोला जांता को बच्चों को खेलने के लिए दिया दे दिया गया।



**निर्धारित स्थल पर महिलाओं ने पटके पोला भोजली का हुआ विर्सजन** – वहीं जिला मुख्यालय सहित विभिन्न गांव एक निर्धारित स्थल पर महिलाओं के द्वारा पोला पटका गया तथा वहां पर रामधुनी सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। कई गांव में तो विभिन्न प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया जिसमें फुगड़ी कबड्डी खो-खो आदि प्रतियोगिता शामिल था। वहीं कुछ गांव में बैल जोड़ी दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजेता बैल जोड़ी को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर लोगों के द्वारा अपनी बैल जोड़ी को सुंदर आकर्षक विभिन्न रंग बिरंगी विभिन्न कपड़े पहना कर सजाया गया था। बेमेतरा जिला मुख्यालय में कवर्धा रोड पर स्थित एक तालाब मंदिर के सामने महिलाओं के द्वारा पोला पटका गया पोला में लोगों के द्वारा ठेठरी खुरमी भी डाला गया था। कई गांव में पोला पर्व के दिन गाजे बाजे के साथ भोजली विसर्जन भी किया गया। इसके पहले श्रद्धा भक्ति के साथ महिलाओं के द्वारा भोजली को सर पर रख कर कतारबद्ध होकर तलाब पहुंचे जहां पर विधि विधान के अनुसार भोजली का विसर्जन किया गया।

# ऑनलाइन कक्षाओं के द्वारा विज्ञान शिक्षकों ने विभिन्न अवधारणाओं में समझ अपनी समझ विकसित की : मंजू साहू

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में संस्थान के प्राचार्य जे के घृतलहरे के मार्गदर्शन में दो दिवसीय विज्ञान विषय पर आनलाईन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें बेमेतरा जिले के दो विकासखंडों बेमेतरा एवं बेरला के पूर्व माध्यमिक स्कूल में अध्यापन कराने वाले विज्ञान शिक्षकों ने ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त किया। मास्टर ट्रेनर्स मंजू साहू शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटका तथा केजहा राम निषाद शासकीय हाई स्कूल करंजिया नवागांव एवं उक्त प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी और डाइट की व्याख्याता कीर्ति घृतलहरे ने विभिन्न बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में एनईपी 2020, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या, लर्निंग आउटकम्स, अच्छी कक्षा का संचालन कैसे हो। क्रास, विज्ञान की प्रकृति इत्यादि विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। मास्टर ट्रेनर्स मंजू साहू ने नई स्कूली ढांचा 5 + 3 + 3 + 4 के औचित्य एवं तर्क पर बहुत ही गहनता के साथ चर्चा हुई। कक्षा छठवीं से आठवीं तक लर्निंग आउटकम को किस तरह से हमें अपनी कक्षा में प्राप्त करना है। विभिन्न गतिविधियों एवं विभिन्न प्रकार के टीएलएम के द्वारा समझाया गया। साथ ही लर्निंग आउटकम्स क्या है एवं उसकी उपयोगिता शिक्षा को एवं बच्चों के लिए इतना महत्वपूर्ण क्यों है? इस पर विभिन्न उदाहरण के माध्यम से चर्चा हुई। चित्र एवं फ्लोचार्ट द्वारा अधिगम की प्राप्ति कैसे हो। प्रश्नों के उत्तर ज्ञात करने के लिए सरल छानबीन, खोज द्वारा, प्रक्रियाओं एवं घटनाओं की व्याख्या करना सीखे। ऑनलाइन के दौरान शिक्षकों ने अपनी विज्ञान कक्षा में आने वाली विभिन्न अवधारणाओं को साझा किया। साथ ही हम कम समय में अधिक प्रभावशाली शिक्षक किस प्रकार से कर सकते हैं इस पर भी शिक्षकों ने अपनी अपनी राय दिए, शिक्षकों को असाइनमेंट भी दिया गया।



# छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 1 सितंबर को राजधानी रायपुर के जय स्तंभ चौक स्थित होटल आदित्य में संपन्न हुई, इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान अग्रसेन जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर हुआ, तत्पश्चात प्रयागराज से पधारे मेडिटेशन के प्रमुख दिलीप अग्रवाल एवं उमेश अग्रवाल द्वारा 1 घंटे का विशेष सत्र के माध्यम से मेडिटेशन की विभिन्न क्रियाओ पर जानकारी दी गई तथा मंच पर इस दौरान उपस्थित पदाधिकारीयो में मंच के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल रायपुर, हरिबल्लभ अग्रवाल रायपुर, निर्वित्तमान प्रदेश अध्यक्ष संजय गर्ग दुर्ग, महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष संध्या अग्रवाल रायपुर, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के महामंत्री मनोज अग्रवाल दुर्ग, प्रांतीय महामंत्री नितेश अग्रवाल रायपुर प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए संरक्षक कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि आगामी 11 एवं 12 जनवरी को 13वां अखिल भारतीय एजुकेटेड विवाह योग युवक युवती परिचय सम्मेलन है, तथा इस परिचय सम्मेलन को हम सभी को मिलजुल कर फिर से सफल बनाना है, तथा बैठक के दौरान सभी सदस्यों से जहां सुझाव आमंत्रित किए गए तो वहीं परिचय सम्मेलन को बेहतर बनाने एवं विभिन्न व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई, तथा बैठक के दौरान मंच के संरक्षक हरिवल्लभ अग्रवाल रायपुर ने भी विस्तार पूर्वक मंच के कार्यों पर चर्चा करते हुए बताया कि युवा अग्रवाल मंच का वैवाहिक परिचय सम्मेलन राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है, तथा इस वर्ष भी हम सभी को मिलजुल कर इसे सफ्ल बनाना है, बैठक के दौरान रायपुर जिला इकाई के अध्यक्ष मानस अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के परिचय सम्मेलन में ऑनलाइन में किए गए संशोधन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा सोशल मीडिया की विभिन्न तकनीकों के संबंध में भी मंच के पदाधिकारीयो का अवगत कराया, साथ ही बैठक के दौरान महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष संध्या अग्रवाल ने भी कहा कि यह परिचय सम्मेलन सभी के सहयोग से निरंतर आयोजित हो रहा है, एवं इस वर्ष भी यह कार्यक्रम अच्छे ढंग से संपन्न होगा। वही बैठक के दौरान जहां छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के रायपुर जिला अध्यक्ष अक्षत अग्रवाल, जिला महामंत्री के पद वीर अग्रवाल की नियुक्ति कर जिम्मेदारी दी गई तो वहीं रायपुर जिला इकाई की अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल रायपुर को भी छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच की महिला विंग के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया, साथ ही रीना नरेश गेवाडीन सकती को महिला विंग की प्रदेश महामंत्री, सीमा जाजोदिया बिलासपुर प्रदेश उपाध्यक्ष, रीना अग्रवाल बसना प्रदेश उपाध्यक्ष, सुनीता मोदी को जांजगीर चांपा जिला अध्यक्ष, रितु पवन अग्रवाल को शक्ति जिला अध्यक्ष, लक्ष्मी अग्रवाल गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला अध्यक्ष, सीमा अग्रवाल अंबिकापुर जिला अध्यक्ष, संध्या अग्रवाल बिलासपुर जिला अध्यक्ष, राजकुमार अग्रवाल प्रदेश उपाध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई। तथा बैठक के दौरान आगंतुक सदस्यों को परिचय सम्मेलन की प्रचार सामग्री का भी वितरण करते हुए अग्रसेन जयंती पर्व पर अधिक से अधिक अपने-अपने शहरों में परिचय सम्मेलन का प्रचार प्रसार करने तथा स्थानीय स्तर पर प्रकाशित होने वाली जयंती की पत्रिकाओं में भी परिचय सम्मेलन की जानकारी समाहित करने की बात कही गई।

# चाय नाश्ता दुकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



खरसिया पुलिस चौकी में ग्राम रतनमहका के निवासी गणेश राम राठौर (31) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके ग्राम महका के तेलमिल के स्थित पास चाय-नाश्ते की दुकान पर बीते रात्रि चोरी हो गई है। गणेश राम ने बताया कि उसने 31 अगस्त की रात करीब 8:30 बजे होटल बंद किया और घर चला गया था। अगले दिन सुबह करीब 8 बजे जब वह होटल खोलने पहुंचा तो देखा कि दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। होटल से एक कुकर, डेचकी, लोहे का कढाई, गुटखा पाउच पैकेट और गल्ले में रखा चांदी का कुबेर यंत्र गायब था। गणेश राम को संदेह हुआ कि गाँव का शनि खंडेल चोरी किया है, क्योंकि छह महीने पहले भी शनि खंडेल ने होटल में ताला तोड़कर कुछ सामान चोरी किया था, जिसे उसने बाद में लौटा दिया था। पुलिस ने शनि खंडेल (28) को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने चांदी का कुबेर यंत्र रिपोर्टकर्ता गणेश राम राठौर को लौटा देना बताया, लेकिन बाकी सामान नहीं लौटाया था। पुलिस की तफ्तीश के बाद आरोपी की निशानदेही पर ग्राम महका में बीएसएनएल टावर के पास रेलवे लाइन के किनारे पेड़ों के झुरमुट से चोरी का कुकर, चूल्हा, लोहे की कढ़ाई और गुटखा पाउच पैकेट (कीमत करीब 3,000 रुपये) बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी शनि खंडेल को धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

## घरघोड़ा पुलिस ने आरोपित को छेड़खानी और पोक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना में कल एक महिला ने उसकी लड़की की छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराने थाना आयी। महिला के अनुसार, उसकी बेटी ने घर लौटने के बाद बताया कि स्कूल का टीचर महेन्द्र खंडेल उसे गलत तरीके से स्पर्श कर गंदी बातें किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए, थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को इस घटना की सूचना दी। उनके मार्गदर्शन में निरीक्षक कमला पुसाम ने महिला की लिखित शिकायत पर धारा 74 बीएनएस 8 पोक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करवाई। पीड़िता से पूछताछ कर उसका बयान भी लिया गया। घरघोड़ा पुलिस थाना प्रभारी अमित तिवारी के नेतृत्व में तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपित महेन्द्र खंडेल (उम्र 54 वर्ष) मूल निवासी तपकरा, जिला जशपुर को घरघोड़ा क्षेत्र में उसके निवास स्थान पर दबिश देकर हिरासत में लिया। आरोपित की गिरफ्तारी की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# शासकीय प्राथमिक शाला अमोदी में मिट्टी का बैल बनाकर जाना पोरा तिहार का महत्व



पायनियर संवाददाता जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जिले के बम्हनीडीह विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला अमोदी में मिट्टी का बैल बनाकर बच्चो ने पोरा त्यौहार के महत्व को जाना। छत्तीसगढ़ राज्य अपने विशेष कला ,परंपरा और संस्कृति के जाना जाता है। यहा के लोकनृत्य , लोकगीत के साथ साथ त्यौहारों का भी विशेष महत्व है। पोरा त्यौहार भी छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पर्व है, जिसे ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाया जाता है। हमारा छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है। इसीलिए कृषि से जुड़ी बहुत सा त्यौहार यहां मनाया जाता है। शिक्षक गुलजार बरेठ ने बताया कि पहले खेती किसानी परंपरागत तरीकों से होता था। जिसमे हल, बैलगाड़ी आदि का प्रयोग किया जाता था जिसमें मुख्य रूप से बैलों का उपयोग किया जाता था। बुआई से लेकर मिसाई, ढुलाई आदि सभी के लिए बैलों पर निर्भर रहते थे द्य इसी कारण इस दिन मिट्टी के बैल बनाकर उसका पूजा किया जाता है, और चावल आटे का रोटी बनाकर उसमें चढ़ाया जाता है और उसका पूजा किया जाता है। इस दिन घर में कई तरह के अन्य व्यंजन भी बनाया जाता है। मिट्टी के बैल के साथ साथ कई तरह के दूसरे खिलौने भी बनाए जाते है जिनसे बच्चे खेलते भी है। इस तरह इस त्यौहार का ग्रामीण अंचलों में विशेष महत्त्व है।

# शासकीय सस्थान के अपेक्षा निजी संस्था फल फूल रहा

पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com

यदि कैलेंडर को देखा जाए तो यह देखने को मिलता है कि माह के आधे दिन ही छुट्टी रहता है जिनकी अपेक्षा शासकीय कार्य में जो कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी अपने छुट्टी का इंतजाम एवं कुछ लोग अपने कर्तव्य में लापरवाही कर रहे हैं जिनकी वजह से उन शासकीय संस्थान में काम करने वाले हमेशा कामचोर दिखाई देते हैं लेकिन शासकीय संस्थान हमेशा गर्त की ओर जाता हुआ नजर आता है कारण यह है कि शासकीय संस्था में कार्य करने वाले कर्मचारीयों को हर माह हजारों रुपए की राशि सैलरी( वेतन) के रूप में प्राप्त होती है । वहीं पर शासन में 15 दिन तो शासकीय अवकाश घोषित किया जाता है ।

यहां पर सुविधा शनिवार - रविवार तथा अन्य छुट्टी में भी शासकीय कर्मचारी अवकाश पर रहते हैं और हजारों रुपए का वेतन प्राप्त करते हैं और जब शासकीय कार्य के लिए वह अपना कार्य में जाते हैं तो सोमवार को 11:00 के बाद एवं शाम को 3:00 के बाद अपने दफ्तर से अपने गंतव्य घर की ओर प्रस्थान करते हैं । इस तरह से देखा जाए तो सप्ताह में चार रोज ही कर्मचारी अपना डिप्टी करते हैं वह भी सही तरीके से नहीं करते । यह हाल उन आने जाने वाले कर्मचारीयों का रोज का हाल है जहां पर रोज इसी तरह से आना-जाना करते रहते हैं और जो कर्मचारी आना जाना नहीं करते। वह भी कर्मचारी 11:00 के बाद कार्यालय जाते हैं और शाम को 4:00 बजे के बाद अपने घर वापस आ जाते हैं।

**निजी संस्था के कर्मचारी अपने कर्तव्य पर अडीग**-निजी संस्था के कर्मचारी को नियमित 8 घंटे ड्यूटी करना पडता है। 8 घंटे कड़ी मेहनत करने के बाद उन्हें पांच हजारू से पन्द्रह हजार रुपए तक की माह में वेतन मिलता है।

**शासकीय कर्मचारी को अनेक सुविधा**-शासकीय कर्मचारीयों को सभी प्रकार के सुविधा मिलती है जिस प्रकार से आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं तीर्थ यात्रा के लिए भी उन्हें छुट्टी मिलती है। निजी संस्था के कर्मचारीयों को किसी प्रकार की सुविधा ना होते हुए भी वह संस्था फल फूल रहा है। क्योंकि वह मेहनत कर कामयाबी हासिल करते हैं । उन संस्था के लोग ईमानदारी से अपना कर्तव्य का निर्वहन करते हैं।

**हर माह कैलेंडर में आधी छुट्टी**- कैलेंडर में यह देखा जाता है कि शासकीय अवकाश हर माह 15 दिन का ही होता रहता है उसके उपरांत शासकीय कर्मचारी अपना कार्य को सही एवं निष्ठा पूर्वक नहीं करते जिनके वजह से उनका कार्य हमेशा पेंडिंग पड़ा हुआ दिखाई पड़ता है क्योंकि रोज लेट में अपना कार्यालय का आना और जल्दी जाना इसका काम है तथा छुट्टियां में भी वे कार्य नहीं करते जबकि निजी संस्थान के कर्मचारी अधिकारी अपना 8 घंटा नियमित रूप से ड्यूटी करते हैं जिनकी वजह से निजी संस्थान हर स्थान पर फ्ल फूल रहा है और ऊंचाई पर पहुंच रहे हैं और शासकीय कार्य गर्त की ओर दिखाई पड़ रहा है।

**केंद्र एवं राज्य शासन को भी ध्यान देना चाहिए**-केंद्र शासन को यह ध्यान देना चाहिए कि जो कर्मचारी लापरवाह है दैरी से अपने काम पर जाते हैं और संध्या के समय जल्द वापस हो जाते हैं ऐसे कर्मचारीयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए यदि वे सुबह कितना समय अपने कार्य पर जाते हैं और शाम को कितना समय वापस आते हैं उनके लिए जसके जिला कार्यालय में उपस्थित अंकित होना चाहिए ताकि जो भी शासकीय कार्य में सुधार हो सके और जिससे शासकीय कार्य भलि भांति निजी कार्यालय की तरह फल फूल सके।

**कैलेंडर की छुट्टी में भी कटौती करना चाहिए**-जिस तरह से प्राइवेट कर्मचारी अपना लगन मेहनत 8 घंटे से कार्य करते हैं इसी प्रकार से शासकीय कर्मचारीयों को भी लगातार 8 घंटे काम लेना चाहिए जबकि शासकीय कर्मचारीयों को काफी हजारों रुपए की वेतन मिलता है उसके उपरांत भी लापरवाही एवं डयूटी पर न जाने पर उन्हें पूरा माह भर का वेतन मिलता है जबकि प्राइवेट कर्मचारीयों को जिस दिन वह अपना कार्य करते हैं इसी दिन का ही वेतन मिलता है इस तरह से यदि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार इस पर गहन अध्ययन करें ताकि शासकीय कार्य भी निजी की तरह फल फूल सके उन पर कड़ी से कड़ी नजर रखा जाए ताकि निजी कर्मचारीयों की तरह शासकीय कार्य कर्मचारी भी 8 घंटे अपना लगातार डिप्टी करें और जो अतिरिक्त छुट्टी है उन पर भी प्रतिबंध लगाया जा सके ताकि हमारा भारत देश सबसे सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र में रूप मै नाम उजागर हो सके।

**नौकरी में भी भर्ती** -केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार को बेरोजगार के लिए नौकरी की भर्ती किया जाना चाहिए जो बेरोजगार पढ़े लिखे हुए हैं वह कम राशि में भी काम करने को तैयार है।जिनके बदौलत बैरोजगार हजार रुपए की सैलरी में भी काम करने को तैयार है।

# रीना गेवाडीन बनाई गई छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच महिला इकाई की प्रदेश महामंत्री

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



शहर सहित पूरे क्षेत्र में वरिष्ठ समाज सेविका एवं सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बना चुकी रीना नरेश गेवाडीन को छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच महिला इकाई का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है, उपरोक्त नियुक्ति 1 सितंबर 2024 को राजधानी रायपुर में संपन्न मंच की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के दौरान मंच के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल रायपुर एवं हरिवल्लभ अग्रवाल रायपुर की स्वीकृति तथा मंच के प्रदेश महामंत्री नितेश अग्रवाल रायपुर की अनुशंसा से से महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष संध्या अग्रवाल रायपुर ने की है,तथा रीना नरेश गेवाडीन की नियुक्ति पर जहां शक्ति की महिला समिति की सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके कुशल मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच की महिला समिति को मजबूत होने की बात कही है. तो वहीं रीना गेवाडीन ने भी अपनी इस नियुक्ति पर प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि जिस विश्वास के साथ उन्हें प्रदेश महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे पूरी सक्रियता के साथ काम करेंगी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी जिलों में इकाइयों का गठन होकर स्थानीय स्तर पर भी सक्रियता के साथ महिला इकाई का गठन हो इस दिशा में काम करेंगी, ज्ञात हो की मती रीना नरेश गेवाडीन वर्तमान में नगर पालिका शक्ति की पार्षद एवं सभापति हैं तथा पूर्व में ये नगर पालिका उपाध्यक्ष भी रह चुकी हैं, तथा उनके पति नरेश गेवाडीन नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष थे एवं वर्तमान में जिला कांग्रेस कमेटी शक्ति के कोषाध्यक्ष भी हैं तथा शक्ति में महिला जागृति शाखा शक्ति की अध्यक्ष रहते हुए रीना के नेतृत्व में शाखा ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित की थी।

# गैंग रैप के विरोध में सर्व आदिवासी समाज ने कैंडल मार्च एवं मशाल रैली निकलकर विरोध प्रदर्शन किया

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के पुसौर थाना क्षेत्र में हुए आदिवासी महिला के साथ गैंग रैप एवं कोंडागाव 19 साल की आदिवासी लड़की गैंग रैप किया गया इसके विरोध में सर्व आदिवासी समाज लोरमी द्वारा लोरमी नगर के विश्राम गृह से कैंडल मार्च एवम मशाल रैली निकलकर गांधी प्रतिमा पुराना स्वाथ्य केंद्र तक निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया एवं पीड़ित महिला को 1 करोड़ की मुआवजा दी जानी चाहिए छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन चुका है भाजपा शासन में आदिवासी मुख्यमंत्री होते हुए भी लगातार आदिवासी महिला के ऊपर लगातार अत्याचार एवम बलात्कार थमने का नाम नही ले रहा है सर्व आदिवासी समाज लोरमी इस शर्मनाक घटना का पुरजोर विरोध करता है दोषियों को फांसी की सजा होनी चाहिए अगर सरकार द्वारा दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा नही होती है तो छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवम उपाध्यक्ष रामजी ध्रुव के नेतृत्व में पुरे प्रदेश में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी जाती है जिसमें मुख्य रूप प्रदेश के संयुक्त सचिव दयाराम ध्रुव, जिलाध्यक्ष चंद्रू ध्रुव, जिला महासचिव सूरज कोल, जिलाध्यक्ष युवा प्रभाग युवा प्रभाग महासचिव योगेश्वर ध्रुव देवा मार्को, रामा नेताम राजेश ध्रुव, जग सिंह, रामेश्वर ध्रुव, कृष्णा ध्रुव, संजय ध्रुव, भागवत ध्रुव, बृजभूषण ध्रुव, रतन ध्रुव, महेंद्र ध्रुव, रूपसिंह ध्रुव, रूपराम ध्रुव, प्रेम ध्रुव, शिवकुमार ध्रुव सन्तोष ध्रुव, इतवारी ध्रुव, धनीराम ध्रुव, सर्व आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या लोग उपस्थित रहे।

## जरहागांव के एटीएम में चोरी की नियत से तोडफोड करने वाले चोर गिरफ्तार



**मुंगेली।** शनिवार रविवार की दरमियानी रात जरहागांव के एटीएम में चोरी की नियत से तोडफोड करने वाले चोर को पुलिस ने पकडने में सफला हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 01 सितंबर की दरम्यानी रात थाना जरहागांव पुलिस द्वारा रात्रि में सघन गश्त पेट्रोलिंग के दौरान पाया कि जरहागांव बस स्टैण्ड में स्थित इंडिया वन बैंक के एटीएम में रात्रि 3.00 बजे एक व्यक्ति घुसकर हथौड़ा एवं पेचकस की मदद से एटीएम को तोड़ रहा था । पुलिस पेट्रोलिंग टीम को आते देख आरोपी भागने लगा जिसे पुलिस टीम द्वारा दौड़ाकर पकड लिया । हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर पता चला कि इस घटना को अंजाम देने के लिये आरोपी योगेन्द्र सिंह गोड़ ने पहले जरहागांव से मोटर सायकल चोरी की बात भी स्वीकार की है।

# नगर में गणेशोत्सव की तैयारी जोर-शोर से



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

नगर में गणेशोत्सव की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। शहर में समितियों द्वारा आकर्षक पंडाल सजाए जा रहे हैं। मूर्तिकार भी भगवान गणेश की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। शहरी इलाके के साथ ग्रामीण अंचल में भी पर्व की तैयारी चल रही है। लोग गणेश प्रतिमाओं को स्थापित करने के लिए अपनी सुविधा के अनुसार ले जाना भी प्रारंभ कर दिये है। अंचल में गणोत्सव मनाने के लिए जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है। आज 31 अगस्त से गणेश चतुर्थी से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना प्रारंभ हो रहा है। गणेश जी की मूर्तियां बाजारों में बिकने के लिए आ गई है।बड़ा बाजार, कुम्हारपारा, खर्रीपारा इत्यादि स्थानों पर मूर्तिकारों द्वारा गणेश मूर्तियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। गोलबाजार, सदर बाजार में गणेश की प्रतिमा बिकने के लिए आ चुके है। गणेश उत्सव आज से प्रारंभ हो जाएगा।एक हफ्ते पूर्व से ही गणेश उत्सव समिति वालों द्वारा रसीद बुक लेकर चंदा वसूली की जा रही है। आज से आरंभ होने वाले गणेशोत्सव पर्व के लिए भगवान गणेश की सुन्दर प्रतिमाएं बिक्री के लिए सदर बाजार में सज गई है।इन्हें कलाकारों द्वारा सुन्दर आकार देकर विभिन्न रंगों से सजाया गया है। 31 अगस्त को घर-घर एवं गली मोहल्लो में जय गणेश, जय गणेश जय गणेश देवा के सुमधुर भजनों से गूंज उठेगा।उल्लेखनीय है कि हिन्दूओं द्वारा प्रत्येक पूजा के पहले देवादि देव गणपति की पूजा अर्चना पहले की जाती है।गणेश भगवान सभी विघ्न बाधाओं का नाश कर अपने भक्तों को मेघा, सुख तथा समृद्धि प्रदान करते हैं। पूजा के भोग में मोदक भगवान को ज्यादा प्रिय है।नगर में सदर बाजार, सोनार पारा, पुराना बस स्टैण्ड, पड़ाव चैक, बालानी चैक सहित विभिन्न मुख्य स्थानों एवं घरो-घर गणेश स्थापना की जा रही है।

**अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अग्र निधि कोष योजना ने किया आयोजन**

# आदिवासी बच्चों को किया गया 300 जोड़ी चप्पलों का वितरण

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com





अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने सत्र 2024 की अपनी नवीन कार्यकारिणी में अलग-अलग प्रकोष्ठों का गठन किया है, तथा इन प्रकोष्ठों के माध्यम से यहां सेवा के काम एवं रचनात्मक कार्य किया जा रहे हैं। वहीं इसी श्रृंखला में अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन अग्रनिधि कोष योजना की राष्ट्रीय चेयरमैन संगीता सेकसरिया कोलकाता,अरूण कुमार अग्रवाल, धनबाद एवं परिवार के सदस्यों द्वारा एकलव्य माध्यमिक चेतना महाविद्यालय छात्रावास परिसर ग्राम सहराज गोविंदपुर (झारखंड) में जरूरतमंद बच्चों को 300 जोड़ी चप्पल वितरण किया गया,अग्र निधि कोष योजना के अंतर्गत हुए इस चप्पल वितरण कार्यक्रम में जहां विद्यालय के बच्चों में उत्साह देखा गया तो वहीं इस अवसर पर काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे सभी आदिवासी नन्हे बच्चों के चेहरे पर खुशियां झलक रही थी, संस्था के सदस्यों द्वारा छात्रावास परिसर अवलोकन पर वहां कुछ पंखों की जरूरत महसूस हुई, अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार की ओर से पंखे की लगवाने की घोषणा की तथा इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल एवं अग्र निधि कोष योजना की राष्ट्रीय चैयरमेन संगीता सेक्सरिया ने कहा कि आज सम्मेलन द्वारा पूरे देश भर में ऐसे रचनात्मक कार्य किये जा रहे हैं, तथा स्कूली बच्चों को भी उनकी शिक्षा के साथ-साथ उनकी समस्याओं के निराकरण की दिशा में सम्मेलन के सदस्य सहयोग कर रहे हैं, तो वहीं यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कार्यों से एक अलग पहचान स्थापित कर चुका है चेतना महाविद्यालय के पर्यवेक्षक शैलेन्द्र, डॉक्टर एस परिदा, सुचित्रा प्रधान, सरोज कुमार महतो, विश्वनाथ हांसदा, सुशील केलीयासाडा द्वारा आभार एवमं धन्यवाद व्यक्त किया गया।

# प्रिशा अग्रवाल कत्थक नृत्य में मुंबई में रही सेकंड विनर

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



देश के विभिन्न स्थानों में आयोजित नेशनल लेवल के कत्थक डांस कंपटीशन में शक्ति शहर के दुल्हन साड़ी शोरूम के संचालक प्रकाश अग्रवाल एवं वर्षा अग्रवाल की मेधावी बिटिया प्रिशा अग्रवाल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए शक्ति क्षेत्र को गौरवन्नित कर रही है,इसी श्रृंखला में विगत दिनों महाराष्ट्र के मुंबई शहर में इंटरनेशनल लेवल का कत्थक डांस कंपटीशन आयोजित किया गया था, जिसमें प्रिशा अग्रवाल ने बहुत ही सुंदर प्रस्तुति देते हुए उपस्थित सभी लोगों का मन हो लिया तो वहीं प्रिशा की प्रस्तुति पर उन्हें सेकंड विनर का गौरव हासिल हुआ, प्रिशा की सफ्लता पर जहां परिवार जनों सहित शहर वासियों ने भी उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है,तो वही प्रिशा अग्रवाल शक्ति शहर के कंचनपुर स्थित जिंदल वर्ल्ड स्कूल की स्टूडेंट है, तथा उनकी सफलता से विद्यालय परिवार भी हर्षित है एवं विद्यालय प्रबंधन ने भी प्रिशा को एवं उनके परिवार जनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# बोडला में मवेशियों को लेकर भारी बवाल, बीच बचाव करने पहुंची पुलिस

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com





अन्नदाता के लिए अब क्षेत्र में गोवंश सबसे बड़ी मुसीबत बनती जा रही है खेतों की फसल चौपट हो रही है तो सड़कों पर आए दिन सड़क हादसे में मवेशियों की जाने जा रही रही है और क्षेत्र में गौ तस्करी का काम भी चल रहा है। खेतो, सड़कों गांव और शहरों में मुश्किल बनी मवेशियों को लेकर गांव के बीच में टकराव भी जारी इसी घटनाक्रम में घटे ताजा घटनाक्रम के अनुसार बीती रविवार शाम को 7:00 से 8:00 बजे के बजरंगदल के कार्यकर्ताओं के द्वारा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 5 में स्थित मिलन चौक के बाड़े में 400 से 500 की संख्या में मवेशियों को लाकर बंद कर दिया गया। जिससे कुछ ही समय मे किसान विरोध में जुटने लगे और देर रात तक छुट्टे मवेशियों को बाहर करने के लिए स्थानीय किसानों और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के बीच में झड़प होने लगी जो थाने तक पहुंच गई। पुलिस प्रशासन के बातचीत के बाद मामला सुलझा थाने के सामने स्थानीय लोगों ने काफी प्रदर्शन किया मामले में पुलिस के द्वारा स्थानीय प्रदर्शनकारियो पर पर कार्यवाही भी की गई है जिसका अंदर ही अंदर विरोध भी हो रहा है।

**ये है मामला** -स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार शाम को 6:00 से 7:00 बजे के बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा अचानक वार्ड नंबर 5 में स्थित बाड़े में सैकड़ो मवेशियों को लाकर बन्द किया जा रहा था। इस बारे में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं से स्थानीय किसानों ने सवाल जवाब किया तो उनके द्वारा तू तड़ाक में जवाब देने से उनके बीच आपस में ही झड़प होने लगी बजरंग दल की कार्यकर्ताओं का आरोप था कि तस्करी करके इन मवेशियों को पैदल ही जंगलों से होकर मध्य प्रदेश की ओर ले जाया जा रहा है।

**नगर के किसानों ने किया विरोध**-बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा मवेशियों के बाड़े में बंद करने का नगर के किसानों ने जमकर विरोध किया मवेशियों के चलते अभी क्षेत्र में खेती किसानी कर रहे किसान हलाकान खेत से नजर हटते ही यह छुट्टे जानवर फसल को चट कर जा रहे हैं इसको लेकर किसान अपनी खेती नहीं कर पा रहे हैं आसपास के दर्जनो सेअधिक गांव के किसानों के द्वारा देर रात के अंधेरे में मवेशियों को लाकर नगर के सड़क में छोड़ दिया जाता है और यही मवेशी बोड़ला नगर व आसपास के गांव में घुसकर फसलों को चट कर रहे हैं जिनसे किसान काफी परेशान है इसलिए मवेशियों को बाड़े में रखने का विरोध किया गया।

**दामापुर क्षेत्र से ला रहे थे मवेशी**-बजरंग दल के कार्यकर्ता ने जिन मवेशियों को पकड़ा उन मवेशियों को कुंडा तहसील के ग्राम अतरिया थाना दामापुर से लाया जा रहा था, इसके लिए बाकायदा अतरिया पंचायत के सरपंच द्वारा पंचनामा 8 लोंगो के नाम जारी किया था जो कि मध्यप्रदेश के मोतीनाला क्षेत्र के हैं। इसी के चलते बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को मवेशी तस्करी का शक हुआ क्योंकि अक्सर मध्य प्रदेश के मनोरी क्षेत्र से पशु तस्करों के द्वारा पैदल ही मवेशियों की तस्करी की जाती है और यह जानकारी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को है इसलिए उन्होंने मवेशियों को पकड़ कर बोड़ला के बाड़े में बंद कर दिया और मवेशियों को लेकर जाने वालों थाने के सुपुर्द कर दिया।

**पुलिस प्रशासन ने किया हस्तक्षेप हस्तक्षेप**-पुलिस प्रशासन को इस बात की पहले से ही जानकारी मिल गई थी कि बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा सैकड़ो की संख्या में मवेशियों को लाया जा रहा है इसलिए पुलिस के जवान उनके आने के पहले ही वार्ड नंबर 5 में स्थित बाड़े में उपस्थित थे पुलिस मौजूद रहने के कारण मामला को नियंत्रित कर लिया गया।

**सुझबुझ के चलते मामला हुआ शांत**-जैसे-जैसे रात बढ़ती जा रही थी और समय बढ़ते जा रहा था मामले की गंभीरता बढ़ती जा रही थी जिले में पहले भी इस तरह से कई प्रदर्शन देखने को मिले हैं जो देखते ही देखते बड़ा रूप ले लिया था बड़े-बड़े मामले हुए थे ऐसे में मामले की गंभीरता को समझते हुए स्थानीय और जिला स्तर के छोटे बड़े कार्यकर्ता घटना की सूचना मिलते ही सक्रिय हो गए थे और उनकी दखल से ही और उच्च स्तरीय दखल व सूचना से ही मामला का पटाछेप हुआ मामला को शांत होते रात को 2:00 बज गए थे। हुआ यह की मवेशियों को जहां से लाया गया था वहीं वापस कर दिया गया और सवेरे तक जहां सैकड़ो मवेशी रखे गए थे वहां सवेरे एक भी मवेशी लोगों को देखने को नहीं मिला। अगर प्रशासन द्वारा मामले की गंभीरता को नहीं समझा जाता और थोड़ी सी भी चूक हो जाती तो बड़ा रूप ले सकता था रात में मामले को लेकर किसान सक्रिय होने लगे थे इसलिए नेताओं के सूझबूझ व दखलंदाजी से मामला का निपटारा हुआ।

**प्रदर्शन कर रहे लोगों पर हुई कार्यवाही**-रात को मामले को लेकर स्थानीय लोगों के द्वारा प्रदर्शन की जा रही थी जिस पर पुलिस प्रशासन के द्वारा कार्यवाही किए जाने की जानकारी मिल रही है रात के 9:00 के बाद थाने के आसपास काफी संख्या में लोग सक्रिय हो गए थे और काफी हो हल्ला मच रहा था जिससे पुलिस प्रशासन कार्यवाही कर मामला को शांत करने का प्रयास किया गया।

## बालको कर्मचारियों ने किसानों के साथ मिलकर किया एसआरआई विधि से धान की रोपाई

पायनियर संवाददाता < बालकोनगर
www.dailypioneer.com




वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने 'मोर जल मोर माटी' परियोजना के तहत लेट्स डू रोपई कार्यक्रम आयोजित किया। रोपाई में भाग लेकर कर्मचारियों ने समुदाय के साथ हरेली उत्सव मनाया। किसानों को सिस्टम फॉर राइसइंटेंसिफिकेशन (एसआरआई) पर प्रशिक्षण देकर रोपाई विधि को आसान बनाया। 50 से अधिक कर्मचारी स्वयंसेवकों ने 4.5 एकड़ खेत में धान लगाने में योगदान दिया। इस अभियान से लाभान्वित किसान के श्रम लागत में लगभग 15 प्रतिशत की कमी आई। छत्तीसगढ़ में हरेली त्यौहार कृषि चक्र की शुरुआत का प्रतीक है। हरेली उत्सव किसानों के लिए महत्वपूर्ण त्यौहार है। छत्तीसगढ़ को 'धान का कटोरा' कहा जाता है। इस वर्ष बालको ने अपने कर्मचारियों को किसानों के साथ मिलकर धान की रोपाई में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। किसानों के साथ मिलकर कार्य करने से एकजुटता की भावना को बढ़ावा मिला। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको किसानों का हरसंभव सहयोग करने के लिए कटिबद्ध है। 'लेट्स डू रोपाई' अभियान में हमारे कर्मचारियों का स्वैच्छिक सेवा, समुदाय के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मोर जोल मोर माटी परियोजना के माध्यम से कंपनी समुदाय के किसानों को सिस्टमेटिक राइस इंटेंसीफिकेशन (एसआरआई) विधि के साथ विभिन्न तकनीक और आधुनिक कृषि पद्धतियों में प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। आवश्यक ज्ञान और संसाधनों के साथ हमारा लक्ष्य किसानों के जीवन में बदलाव लाना है जिसमें कृषि और स्थायी आजीविका के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और बुनियादी ढांचे के विकास भी शामिल है। कंपनी ने पूरे साल लगभग 2,300 छोटे और सीमांत किसानों को एसआरआई में प्रशिक्षित किया जिससे उनको आर्थिक लाभ मिला है। पारंपरिक तरीकों से खरपतवार, पोषक तत्वों, पानी और सूरज की रोशनी के लिए उपज में बाधा उत्पन्न तथा कीट और बीमारी की समस्याएं पैदा होती हैं जिससे किसानों को नुकसान हुआ है। एसआरआई पद्धति को अपनाने से धान की जड़ों का मजबूत विकास होता है जिससे स्वस्थ फसलें प्राप्त होती हैं। इस तकनीक से किट-पतंगों की समस्या में भी कम हुई है जिससे धान के उत्पादन में 20-30 प्रतिशत की वृद्धि होती है।

## साहू समाज के तीज मिलन में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com



नगर साहू समाज उतई एवं महिला प्रकोष्ठ ने मां कर्मा भवन शीतला नगर उतई में तीज मिलन समारोह बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रमशीला साहू थी। अध्यक्षता समाज की उपाध्यक्ष सुनीती साहू ने की। कार्यक्रम में अधिवक्ता तुलसी साहू, जिला साहू संघ की सलाहकार रागिनी साहू, जिला साहू संघ उपाध्यक्ष दिव्या कलिहारी, जिला साहू संघ की उपाध्यक्ष मंजू साहू, जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी साहू, आरपीएफ इंस्पेक्टर तरुणा साहू, यूट्यूबर वन्दना साहू विशेष अतिथि थी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रमशिला साहू ने तीज मिलन समारोह में बड़ी संख्या में महिलाओ की उपस्थिति के लिए नगर साहू समाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि नगर अध्यक्ष किशोर साहू द्वारा उतई नगर के सभी महिलाओ को समाज की मुख्य धारा में जोड़कर उनके प्रतिभा को निखारने का एक मंच प्रदान किया है। ऐसे आयोजन से महिलाओ को अपने विषय में सोचने का समय मिलता है जो उन्हे शसक्त बना सकती है। कई सामाजिक कुरीतियां है जिसे महिलाओ द्वारा दूर किया जा सकता है। प्रमुख अतिथि तरुणा साहू इंस्पेक्टर भारतीय रेलवे ने कहा कि समाज की महिलाएं आत्मनिर्भर बन कर सामाजिक संगठन और एकता को मजबूत करने अपनी भागीदारी निभाएं। नगर साहू समाज द्वारा माता बहनों को एक मंच में इकठ्ठा करना काबिले तारीफ है। कार्यक्रम की अध्यक्ष महिला संयोजिका सुनीति साहू ने तीज मिलन का अर्थ बताते हुए समाज में महिलाओ की भूमिका के बारे में जानकारी दी। समारोह में महिलाओं ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमे गेड़ी दौड़, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, फुगड़ी, बिल्लस, सुई धागा दौड़, तीजा स्पेशल सोलह सिंगार, छत्तीसगढ़िया कलेवा, फुल सजावट, सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वागत गीत, बारहमासी, सुआ नाच, गम्मत की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में महिलाओं ने जीत हासिल किया उन्हें साहू समाज द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सुनीति साहू, शकुन्तला साहू, प्रभा साहू, विजय लक्ष्मी साहू, कुंती साहू, टिकेश्वरी साहू,सोनारिन बाई, नगर साहू समाज अध्यक्ष किशोर कुमार साहू, उपाध्यक्ष खूबीराम साहू, सचिव गिरीश साहू, कुशल साहू, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण साहू, ऋषि साहू, सुमंत साहू, सुभाष साहू सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

## अमेजन इंडिया ने गणेश चतुर्थी स्टोर पर आकर्षक डील्स के साथ की त्योहारों के शुरुआत की घोषणा


- **पारंपरिक पूजा सामग्री से लेकर आधुनिक सुविधाओं तक, गणेश चतुर्थी स्टोर पर विशेष रूप से तैयार चयन के साथ करें खरीदारी**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेजन इंडिया ने अपने गणेश चतुर्थी स्टोर के लॉन्च के साथ त्योहारों के शुरुआत की घोषणा की है, जो उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला और डील्स की पेशकश करता है और पूरे भारत में ग्राहकों के लिए त्योहार की तैयारियों को आसान और आनंददायक बनाता है। गणेश चतुर्थी स्टोर, पारंपरिक वस्तुओं से लेकर आधुनिक गैजेट्स तक, सभी त्योहारी जरूरतों को पूरा करने के लिए 07 सितंबर तक लाइव रहेगा। गणेश चतुर्थी स्टोर में जटिल रूप से तैयार की गई गणेश मूर्तियों और पूजा के लिए आवश्यक वस्तुओं से लेकर, पारंपरिक मिठाई, उत्सव के कपड़े, होम डेकोर और इलेक्ट्रॉनिक्स में नए उत्पादों की श्रृंखला शामिल की गई है। ग्राहक सभी कैटेगरी में आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं, जिससे उनकी त्योहारी खरीदारी के लिए शानदार मूल्य सुनिश्चित होता है। अपने प्रियजनों को खुशी प्रदान करने की चाहत रखने वालों के लिए, स्टोर कस्टोमाइजेबल ई-गिफ्ट कार्ड की पेशकश करता है, जो व्यक्तिगत फेस्टिव उपहार देने के लिए एकदम सही विकल्प है। अमेजन प्राइम मेंबर्स, एक्सक्लूसिव डील्स और अल्ट्रा-फास्ट डिलीवरी ऑप्शन सहित अतिरिक्तलाभ का आनंद उठा सकते हैं, जिससे उनकी खरीदारी का अनुभव और भी सुविधाजनक और फायदेमंद हो जाता है।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने ऑल-न्यू स्लाविया मोंटे कार्लो लॉन्च की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में ऑल-न्यू स्लाविया मोर्टे कार्लो संस्करण लॉन्च किया है। स्पोर्ट्स थीम को आगे बढ़ाते हुए, कंपनी ने कुशाक और स्लाविया में ऑल-न्यू स्पोर्टलाइन रेंज भी लॉन्च की है। स्कोडा ऑटो ने इन कारों की खरीद के लिए जबर्दस्त ऑफर की घोषणा की। इस तरह कंपनी ने भारतीय उपभोक्ताओं को आकर्षक मूल्य पर अपनी पसंदीदा कार तलाश करने के विकल्पों को बढ़ाया है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जनेबा ने इन नई पेशकश के बारे में कहा, मोंटे कार्लो बैज का ग्राहकों के साथ एक मजबूत संबंध है, जो खेल भावना और जीत के जज्बे की झलक देता है। मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हम स्लाविया मोर्टे कॉर्लो को लॉन्च कर रहे हैं। यह भारत में स्कोडा ब्रैंड को आगे बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। भारत यूरोप के बाहर हमारे लिए सबसे बड़े बाजारों में से एक है। यह स्पेशल कार उन उपभोक्ताओं को बेहद पसंद आएगी, जो बेमिसाल, बारीक और स्पोर्टी स्टाइल की खूबसूरत कारों की तलाश में रहते हैं, जिससे उनका एक खास स्टाइल उभरकर आए। इस स्पेशल कार में हमने रैली मोंटे कार्लो में अपने 112 वर्ष, समृद्ध विरासत के 129 वर्षों और भारत में मौजूदगी के 24 वर्षों के अनुभवों को शामिल किया है। हमने स्लाविया स्पोर्टलाइन और कुशाक स्पोर्टलाइन जैसे दो नए ट्रिम भी पेश किए हैं, जो रेंज का लगातार विकास करने और उसे आधुनिक बनाए रखने के हमारे इरादे को दर्शाते हैं।

## सैमसंग ने एडवांस्ड एआई फीचर्स के साथ अपनी बीस्पोक एआई डबल डोर रेफ्रिजरेटर सीरीज लॉन्च की

- ये एडवांस फीचर्स भारतीय उपभोक्ताओं की लगातार बदलती जरूरतों को पूरा करेंगे

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत के प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने भारत में अपनी नई बीस्पोक एआई डबल डोर रेफ्रिजरेटर सीरीज लॉन्च की। रेफ्रिजरेटर की नई सीरीज शानदार डिजाइन और कई एआई फीचर्स से लैस है। इन फीचर्स में स्मार्टथिंग्स एआई एनर्जी मोड, स्मार्टथिंग्स होम केयर और स्मार्ट फॉरवर्ड, कन्वर्टिबल 5-इन-1, ट्विन कूलिंग प्लस और एक्टिव फ्रेश फिल्टर+ शामिल हैं। ये रेफ्रिजरेटर्स भारतीय उपभोक्ताओं की लगातार बदलती जरूरतों को पूरा करेंगे। सैमसंग बीस्पोक एआई डबल डोर रेफ्रिजरेटर सीरीज ग्लास और स्टील फिनिश में कई विकल्पों, ब्लैक ग्लास, ब्लैक मैट, लक्ज़ ब्लैक, एलिगेंट आइनॉक्स और रिफाइंड आइनॉक्स में मौजूद है, जिसमें आप अपने पसंदीदा रेफ्रिजरेटर का चुनाव कर सकते हैं। सैमसंग की नई बीस्पोक आई डबल डोर रेफ्रिजरेटर सीरीज तीन साइज- 396 लीटर, 419 लीटर और 465 लीटर में उपलब्ध होगी। 64990 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध रेफ्रिजरेटर में उपभोक्ताओं को बड़ी स्टोरेज क्षमता, सुविधा और लचीलापन मिलेगा। सैमसंग इंडिया में डिजिटल अप्लायंसेज बिजनेस के सीनियर डायरेक्टर सौरभ बैशाखिया ने कहा, रेफ्रिजरेटर श्रेणी में लीडर होने के नाते, हमारा ध्यान कूलिंग के अलावा कई दूसरी चीजों पर है। उपभोक्ताओं की रोजमर्रा की लाइफस्टाइल को बेहतर बनाने के लिए हमारे अप्लायंसेज यूजर्स की पहुंच और बजट में है। यह उपभोक्ताओं की जरूरतों के अनुकूल बनाए गए है और इनकी काफी शानदार डिजाइनिंग की गई है। बीस्पोक एआई डबल डोर रेफ्रिजरेटर आपके घरों में आसानी से अपनी जगह बनाकर घरों की खूसबरती में चार चांद लगाते हैं। यह एडवांस एआई फीचर्स, बीस्पोक डिजाइन और बड़ी स्टोरेज क्षमता से लैस हैं। इसमें यूजर्स को परफॉर्मेंस, ऊर्जा दक्षता और डिजाइन का परफेक्ट संयोजन मिलता है।

## जॉफ ने जेएम फाइनेंशियल प्राइवेट इक्विटी से सीरीज़ ए फंडिंग में 40 करोड़ रुपए जुटाए

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रमुख मसाला ब्रांड, जॉफ ने जेएम फाइनेंशियल इंडिया ग्रोथ फंड III के माध्यम से जेएम फाइनेंशियल प्राइवेट इक्विटी से सफलतापूर्वक 40 करोड़ रुपए जुटा लिए हैं। कंपनी इस फंडिंग का उपयोग नए प्रोडक्ट्स को लॉन्च करने और व्यवसाय को रेडी-टू-कुक, मसालें, कुकिंग पेस्ट और सीज़निंग किट जैसे नए क्षेत्रों में विस्तार करने के लिए करेगी। इसी के साथ कंपनी सामान्य व्यापार, आधुनिक ट्रेड चैनल्स और अन्य रिटेल आउटलेट्स के माध्यम से अपने ऑफलाइन डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रही है। कंपनी का उद्देश्य मार्केटिंग पहलों के माध्यम से विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर अपनी ब्रांड की उपस्थिति को बढ़ाना और ब्रांड के व्यापार और निर्यात को बढ़ाने के लिए बाजार में एक मजबूत ऑफलाइन नेटवर्क बनाना है। पिछले कुछ सालों में, जॉफ भारत का ऐसा पहला ई-कॉमर्स ब्रांड बन गया है, जिसने इस विशेष क्षेत्र में फंडिंग प्राप्त की है। इन सालों में इसने क्यू-कॉमर्स पर ध्यान केंद्रित करके ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की है, जिससे ब्रांड ने बेहद कम समय में मसाला बाजार में बड़ा नाम कमाया है और लाभदायक राजस्व दर्ज किया है। बाजार में अपनी अलग पहचान बनाने के बाद, ज़ॉफ अब इस फंडिंग के साथ एक 360-डिग्री मॉडल पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने व्यवसाय को बढ़ाने की योजना बना रहा है। पूरे भारत में मजबूत उपस्थिति के साथ, कंपनी अब देश के टियर-II और टियर-III शहरों में अपनी पहुँच बढ़ाकर अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है। 2018 में दो भाइयों आकाश अग्रवाल और आशीष अग्रवाल द्वारा स्थापित ज़ॉफ, उद्योग में पहले ही एक पहचान बना चुका है। ब्रांड ने बोट के को-फाउंडर और सीएमओ, अमन गुप्ता से शार्क टैंक इंडिया में फंडिंग हासिल की थी। अग्रवाल बंधुओं का उद्देश्य ज़ॉफ को भारत का अग्रणी ऑनलाइन मसाला ब्रांड बनाना और एवरेस्ट और एमडीएच के बाद तीसरा राष्ट्रीय ब्रांड बनाना है। उनकी दूरदृष्टि और दृढ़ संकल्प कंपनी की वृद्धि और सफलता को बढ़ावा दे रहे हैं। फंडिंग पर बात करते हुए आकाश अग्रवाल, को-फाउंडर, ज़ाफ, ने कहा, जेएम फाइनेंशियल प्राइवेट इक्विटी से फंडिंग प्राप्त करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हमारी कंपनी ने पिछले कुछ सालों में तेजी से वृद्धि की है और यह निवेश हमें अपने संचालन को बढ़ाने और साथ ही अपनी पहुँच का विस्तार करने के लिए प्रेरित करेगा।

## डुंडेरा की पूनम व रागिनी बनेगी डॉक्टर

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com




ग्राम डुन्डेरा की दो बेटियां पूनम साहू एवं रागिनी देवांगन अब डॉक्टर बनेगी। दोनों ने नीट में सफलता अर्जित कर ग्राम का गौरव बढ़ाया है। दोनों का एमबीबीएस में दाखिला हो गया है। तोमनलाल साहू एवं रामेश्वरी साहू की सुपुत्री पूनम ने नीट की परीक्षा में 608 अंक अर्जित कर यह सफलता पाई है वहीं डोमनलाल देवांगन एवं सरोज देवांगन की सुपुत्री रागिनी ने 592 अंक प्राप्त कर मेडीकल कालेज में एमबीबीएस के लिए चयनित हुई है। दोनो बेटियों को एवं उनके माता-पिता को ग्रामीणों ने इस उपलब्धी के लिए ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

## शरद पूर्णिमा पर बेरीवाल परिवार करेगा महामंगल पाठ: अग्रवाल



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश स्तरीय बेरीवाल परिवार की प्रथम बैठक सालासर मंदिर प्रांगण मे संपन्न हुई बैठक में छत्तीसगढ़ से पहुंचे बेरीवाल परिवार के सदस्यों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष के पद पर ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, उपाध्यक्ष के पद पर सुनील अग्रवाल, महासचिव के पद पर योगेश बेरीवाल और कोषाध्यक्ष के पद पर विनोद अग्रवाल को सर्वसम्मति से चुना गया। सदस्यों के द्वारा पदाधिकारी के चयन के बाद सर्वसम्मति सी निर्णय लिया गया है कि शरद पूर्णिमा के अवसर पर 17 अक्टूबर को मां बेरीवाली का मंगलपाठ अग्रसेन धाम चोकरा नाला में प्रदेश स्तरीय किया जाएगा जिसमें देश भर के बेरीवाल परिवार के सदस्यों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

बैठक में यह भी तय किया गया कि पूरे प्रदेश भर में अभियान चलाकर बेरीवाल परिवार को जोड़ने का भी कार्य किया जाएगा। प्रदेश स्तरीय बैठक में प्रमुख रूप से नंदकिशोर अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, माधव अग्रवाल, शिव गोयल जी के साथ बेरीवाल परिवार के लगभग 200 से अधिक सदस्य मौजूद रहे।

## कच्चा मकान ढहा, मलबे में दबकर महिला की मौत

**रायगढ़।** जिले के तमनार थाना क्षेत्र से आज सुबह एक दुखद घटना सामने आई है। कच्चा मकान ढहने से एक महिला की दब कर मौत हो गई है। मामला ग्राम पंचायत कसडोल के आश्रित ग्राम कोदईडिपा का है। सूचना पर पुलिस मौके के लिए रवाना हो गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार, सुबह 5 बजे महिला घर पर खाना बना रही थी, तभी अचानक मिट्टी के घर का दीवार एकाएक ढहने लगा। मृतिका कुछ समझ पाती उससे पहले वह मलबे में दब गई, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।


### कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली

रिसाली सेक्टर बी.एस.पी. स्कूल नं.-35, पिन-490006
Website:-risali.urbanecg.gov.in

क्र./ लो.क.वि./2024/944 रिसाली, दिनांक 29/08/24

**// निविदा सूचना //**

नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य में सबंधित जी.एस.टी. विभाग में पजीकृत फर्म एजेंसी से नॉन एस.ओ.आर दर पर निविदा आमांत्रित की जाती है :-

| क्रं. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) रू. |
|---|---|---|
| 1. | नगर पालिक निगम रिसाली कार्यालयीन कार्य हेतु कम्प्युटरों एवं अन्य उपकरणों का आवश्यक संधारण / मरम्मत कार्य (वार्षिक निविदा) | 12.00 |

नियम एवं शर्तें तथा कार्यों का विस्तृत विवरण संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं विभागीय risali.urbanecg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम, रिसाली**

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, दिनांक 09.02.2005 को **सायलस पिता अन्द्रेयस एवं अन्य निवासी ग्राम बोजिया, रायगढ** (छ.ग.) के द्वारा **श्रीमति मुलासो बाई पति हरिश्चन्द्र निवासी ग्राम बोजिया रायगढ** (छ.ग.) के पक्ष में एक किता खुली भूमि जिसका खसरा नं. 19/1/झ रकबा 0.607 हेक्टेयर एवं खसरा नबंर 28/1/ख/1 रकबा 0.870 हेक्टेयर कुल रकबा 1.477 हेक्टेयर, जो कि वाके मौजा बोजिया, पटवारी हल्का नबंर 51, रनिम. छाल तह-छाल व जिला रायगढ का विक्रय पत्र निष्पादित किया गया था जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय घरमजयगढ में दस्तावेज क्रं 339 में पंजीकृत किया गया है।

यह कि **श्रीमति मुलासो बाई,** के द्वारा उपरोक्त संपत्ति को **तोषेन्द्र देव साय पिता विष्णुदेव साय निवासी ग्राम बगिया जिला जशपुर** के पक्ष में विक्रय विलेख दिनांक 01.09.2023 को निष्पादित किया गया था, जिसका दस्तावेज क्रं 346 है।

यह कि पूर्व विक्रय विलेख दिनांक 09.02.2005 की मूल प्रति कहीं जूम हो गई है, तथा बहुत प्रयास के बाद भी नहीं मिल रही है। जिसकी प्रथम सूचना संबधित थाना छाल को दिनांक 27.08.2024 को दी गई है।

यह कि उपरोक्त संपत्ति को बंधक रखकर **सी.जी. ट्रकिंग्स प्राईवेट लिमिटेड कोरबा** के द्वारा मेरे पक्षकार **बैंक ऑफ बडौदा सुन्दर नगर रायपुर** से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त गुम हुऐ पूर्व पूर्व विक्रय विलेख दिनांक 09.02.2005 एवं उपरोक्त संपत्ति के संबध में किसी भी व्यक्ति या बैंक, वित्तीय या गैर वित्तीय संस्था या कोई अन्य किसी भी प्रकार का हक दावा संबंधी कोई अपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज के उपस्थित होकर अपत्ति करे म्याद अवधि के पश्चात् कोई भी दावा अपत्ति शुन्य व अवैध मानी जावेगी एवं मेरे पक्षकार परु बंधनकारी नहीं होगी। **सो सूचना जाने।**

रायपुर छ.ग.
दिनांक 02.09.2024

मुहर

भवदीय
**विजय राठौर,** अधिवक्ता
ऑफिस :- भारत गैस गोदाम के पीछे लक्ष्मी नगर, पचपेडी नाका, रायपुर छ.ग. मो.- 9425202167

### नाम परिवर्तन



मैं ललिता यादव पति स्व. रघुवीर यादव उम्र 42 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 18 ग्राम सम्बलपुर, चौकी सम्बलपुर, थाना नवागढ़, जिला बेमेतरा, छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं कि:-

1- यह कि कृष्णा यादव उर्फ दुष्यंत यादव दोनों एक ही व्यक्ति है वह मेरा पुत्र है।

2- यह कि मेरे पति रघुवीर यादव की सड़क दुर्घटना में दिनांक 27.10.2012 को मृत्यु हो जाने के फलस्वरूप मैं अपने तथा अपने नाबालिक पुत्र की ओर से क्षतिपूर्ति हेतु श्रीमान् जिला मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बेमेतरा के समक्ष प्रस्तुत की थी जिसमें न्यायालय के द्वारा मुझे व मेरे पुत्र को क्षतिपूर्ति राशि दिये जाने का आदेश पारित किया गया था।

3- यह कि उक्त क्षतिपूर्ति राशि को मैंने आपके आई.डी.बी.आई.बैंक शाखा बेमेतरा के एमएसीटी / बचत खाता क्रमांक 1221104000149518/ 78535022 अपने पुत्र कृष्णा यादव (चालू, नाम) के नाम पर खोलकर न्यायालय के आदेशानुसार सावधि जमा खाता कमांक 0000- 1221107000000170 में 70,000/- (सत्तर हजार रूपये) 120 माह अर्थात 17.02.2014 से 17.02.2024 तक के लिए फिक्स डिपाजिट किया था, जो कि वर्तमान स्थिति में उक्त राशि मेच्योर होकर ब्याज सहित कुल 1,70,463/- रूपये आपके बैंक में जमा है।

4- यह कि मेरे नाबा. पुत्र का चालू नाम कृष्णा यादव है एवं स्कूल सार्टिफिकेट एवं आधार कार्ड में उसका नाम दुष्यंत यादव दर्ज है। दोनों नाम के ही व्यक्ति है, जिसके संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

5- यह कि उक्त मेच्योर राशि 1,70,463/- रुपये को मेरे पुत्र को प्रदान किया जावे ।

6- यह कि चूंकि मेरा पुत्र नाबालिक है इसलिए उसकी मां अर्थात मेरी ओर से यह शपथ पत्र प्रस्तुत है ।

**शपथकर्ता**

मैं ललिता यादव पति स्व. रघुवीर यादव उम्र 42 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 18 ग्राम सम्बलपुर, चौकी सम्बलपुर, याना नवागढ़, जिला बेमेतरा, छ. ग. सत्यापित करती हूं कि शपथ पत्र की कंडिका क. 1 से अंत तक का कथन मेरे स्वतः के ज्ञान से सत्य एवं सही है। आज दिनांक 23.08.2024 को स्थान बेमेतरा में पढ़कर, समझकर हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

मुहर

**सत्यापनकर्ता**

# किल में राघव जुयाल की एक्टिंग देख डर गई थीं कृतिका कामरा



पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस रहीं कृतिका कामरा अब फिल्मों के साथ-साथ ओटीटी की दुनिया में भी छाई हुई हैं। वह एकदम हटकर किरदार निभा रही हैं और दर्शकों की चहेती बन चुकी हैं। हाल ही वह वेब सीरीज ग्यारह ग्यारह में नजर आईं, जिसमें उन्हें काफी पसंद किया। इसमें कृतिका कामरा के अलावा राघव जुयाल और धैर्य करवा भी थे। कृतिका ने हाल ही खास बातचीत में पहाड़ों और मुंबई में शूट करने का एक्सपीरियंस शेयर किया।

**आपने अपने को-स्टार राघव जुयाल की फिल्म किल देखी है क्या? फिल्म देखने के बाद राघव के साथ शूटिंग करते वक्त आपको डर नहीं लगा?**

बिल्कुल, हम अपनी सीरीज ग्यारह ग्यारह की शूटिंग खत्म कर चुके थे। उसके बाद किल फिल्म रिलीज हुई। हमने इसके प्रीमियर में जाकर तालियां बजाई और सीटी बजाई। बेशक राघव का काम इतना जबरदस्त था कि एक बार को मैं डर गई थी। स्क्रीनिंग के बाद मुझे राघव को गले मिलने में डर लग रहा था। बहुत ही कन्विंसिंग रोल था उनका।

**आपकी हालिया रिलीज वेब सीरीज एक फैंटसी थ्रिलर है, जिसमें अलग तरीके की घटनाएं घटती हैं। क्या असल जिंदगी में भी कभी आपने महसूस किया कि इस तरीके की घटनाएं आपके साथ कभी घटीं?**

यह फिलॉसफी बहुत फैसिनेटिंग है, लेकिन ह्यूमन माइंड बहुत ज्यादा फैसिनेटिंग है। अगर हम किसी चीज के बारे में ज्यादा सोचें, तो हमें वो चीजें ज्यादा दिखने लग जाती हैं। अब जैसे जब से हम लोग ग्यारह ग्यारह से जुड़े हैं और जब से हम शो की बातें कर रहे हैं, तब से बार-बार घड़ी में ग्यारह ग्यारह दिखता रहता है। बजता तो पहले भी दिन में दो बार था, पर अब ज्यादा दिखता है। तो अब लगता है कि कुछ स्पेशल है, एक अलग-सा कनेक्शन हो गया है। एक जिंदगी भर का कनेक्शन हो गया है। वही बात है कि मानो तो भगवान ना मानो तो पत्थर वो वाली बात है।

**जब आपको इस शो के लिए अप्रोच किया गया, तो आपकी फीलिंग क्या थी?**

मैंने, राघव और धैर्य तीनों ने इस शो के लिए ऑडिशन दिए। ऑडिशन देते वक्त आपके पास थोड़ी इंफॉर्मेशन होती है, लेकिन पूरी स्क्रिप्ट नहीं होती। मुझे शुरू में लगा कि ऐसे शो हम देख चुके हैं। लेकिन जब मैंने पढ़ना शुरू किया, तो मुझे महसूस हुआ कि इसके अंदर जो ये मिस्टिकल एंगल है, ये हमने अभी तक इंडियन सिनेमा में या हअअ पर नहीं देखा है। इसके अलावा, जो मेरा कैरेक्टर था, वह भी मुझे बहुत पसंद आया। मैंने इससे पहले एक गैंगस्टर का रोल किया था। फिर मुझे पुलिस वाली का रोल करने का मौका मिल रहा था। मैं दोनों टाइमलाइंस में हूं, तो अलग-अलग उम्र के रोल प्ले करना। उसके बाद जब मैं उमेश सर से मिली, तो मुझे लगा कि उनके साथ मुझे काम करना ही करना है।



# अली गोनी ने किया खुलासा, क्यों नहीं की नताशा स्टेनकोविन से शादी

अली गोनी इन दिनों 'लाफ्टर शैफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' में नजर आ रहे हैं। इसमें सिंगर राहुल वैद्य उनके जोड़ीदार बने हैं। अली लंबे समय से एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन के साथ रिलेशनशिप में हैं। हालांकि कई दफा उनके ब्रेकअप को लेकर खबरें आईं लेकिन ये सब झूठी साबित हुईं। अली हाल ही में कॉमेडियन भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट स्हरुमें दिखाई दिए। वहां उन्होंने अपनी जिंदगी की कई अनसुनी बातें शेयर कीं।

अली ने कहा कि मेरा जो इससे पहले रिश्ता था, जो बहुत ही सीरियस था, वो मतलब, उसका कारण ही यही था कि कहीं ना कहीं उसने मुझे बोला कि यार हम जब शादी करेंगे ना फ्यूचर में, तो हम अलग रहेंगे। मैं एक ही लड़का हूं अपने परिवार में, तो इस वजह से मैं अपने परिवार को साथ लेकर चलूंगा। मैं नहीं छोड़ सकता उनको, दुनिया की कोई भी ताकत आ जाएगी। तो यही वजह रही कि हम एक-दूसरे से अलग हो गए।

माना जा रहा है कि अली यहां जिसकी बात कर रहे थे वो उनकी एक्स गर्लफ्रेंड सर्बियाई मॉडल व एक्ट्रेस नताशा स्टेनकोविक थीं। अली और नताशा साल 2018 में डांस रियलिटी शो नच बलिए 9 में नजर आए थे। शो में अली ने कई बार नताशा के साथ ब्रेकअप के बारे में बात की थी। एक बार उन्होंने खुलासा किया था कि ब्रेकअप ने उन्हें बुरी तरह प्रभावित किया, जिससे उनका दिल टूट गया। तब अली ने यह भी बताया था कि उनकी एकमात्र गलती यह थी कि वे नताशा से बहुत प्यार करते थे और जब उनका ब्रेकअप हुआ तो वे तबाह हो गए। अली और नताशा अलग होने से पहले 5 साल तक साथ रहे थे। बता दें नताशा ने साल 2020 में भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या के साथ शादी कर ली थी। हालांकि पिछले महीने उनका तलाक हो गया। नताशा बेटे अगस्त्य को लेकर सर्बिया चली गईं।

# पैन इंडिया फिल्म कुबेर में बिजनेसमैन की भूमिका में नजर आएंगे जिम सर्भ

जिम सर्भ की अगली फिल्म कुबेर है। यह पैन इंडिया फिल्म है, जिसे नेशनल अवॉर्ड विजेता निर्माता शेखर कम्मुला बना रहे हैं। इसमें जिम सर्भ एक बिजनेसमैन की भूमिका अदा करते दिखाई देंगे। फिल्म से एक्टर का लुक सामने आ चुका है। इस फिल्म की स्टारकास्ट काफी धांसू है। इसमें नागार्जुन, धनुष, रश्मिका मंदाना जैसे सितारे नजर आने वाले हैं।




फिल्म से जिम सर्भ का लुक उनके जन्मदिन के अवसर पर रिलीज हुआ। कल मंगलवार को अभिनेता का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर फैंस को तोहफा मिला। सामने आई तस्वीर में जिम सर्भ कैश के बीच खड़े नजर आ रहे हैं। वे महत्वाकांक्षी बिजनेसमैन की तरह नजर आ रहे हैं। फिल्म में वे ऐसे बिजनेसमैन की भूमिका में हैं, जो अपने पिता के व्यवसाय को आगे बढ़ाता है। जिम ऐसे बिजनेसमैन के रोल में हैं, जो अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाते हुए राह में आने वाली हर चीज को हटाने में वह किसी भी हद तक जा सकता है। इस फिल्म को तमिल और तेलुगु दोनों में भाषाओं में व्यापक स्तर पर रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का साउंडट्रैक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीत निर्देशक देवी श्री प्रसाद तैयार करेंगे। शानदार कहानी, धांसू स्टारकास्ट और नेशनल पुरस्करा विजेता निर्देशक, कुल मिलाकर कुबेर शानदार फिल्म होने वाली है। दर्शकों के बीच इसका उत्साह बन गया है। पोस्टर पर भी यूजर्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं और सकारात्मक कमेंट कर रहे हैं।

# कार्तिक सुब्बाराज की फिल्म में डांस नंबर में दिखाई देंगी श्रिया सरन




अभिनेत्री श्रिया सरन को आखिरी बार 2024 की हिंदी वेब सीरीज शोटाइम में देखा गया था। अब अभिनेत्री के वर्कफ्रंट को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट की मानें तो वह फिल्म निर्माता कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित अस्थायी शीर्षक वाली फिल्म सूर्या 44 का हिस्सा बन गई हैं। इस फिल्म में वह इसके मुख्य कलाकार सूर्या के साथ एक डांस नंबर में दिखाई देंगी। सूर्या और कार्तिक सुब्बाराज की अगली फिल्म सूर्या 44 का फिल्मांकन पूरे जोरों पर चल रहा है। हालिया रिपोर्टों से पता चलता है कि अभिनेत्री श्रिया सरन, सूर्या अभिनीत फिल्म में डांस नंबर पर थिरकती नजर आएंगी। अभिनेत्री ने कथित तौर पर ऊटी शेड्यूल के दौरान अपने हिस्से का फिल्मांकन पूरा कर लिया है और कार्तिक सुब्बाराज निर्देशित इस फिल्म में तमिल स्टार के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। हालांकि, निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर फिल्म में श्रिया की भागीदारी की घोषणा नहीं की है, लेकिन अगर ऐसा होता है तो यह पहली बार होगा जब श्रिया सूर्या के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी। फिल्म के लिए संगीत संतोष नारायणन तैयार कर रहे हैं। सूर्या 44 का फिल्मांकन तेजी से आगे बढ़ रहा है। टीम ने हाल ही में ऊटी में एक शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। प्रोडक्शन अब एक छोटे शेड्यूल के लिए केरल चला गया है। लोकेशन से हाल ही में तमिल अभिनेता सूर्या की एक तस्वीर वायरल हुई थी, जिसमें उनका विंटेज लुक देखने को मिला था।रिपोर्ट्स की मानें तो कुछ दिनों की शूटिंग के बाद टीम एक छोटा ब्रेक लेगी।

फिल्म सूर्या 44 की शूटिंग लगभग 70 प्रतिशत तक पहले ही हो चुकी है और पूरा प्रोडक्शन अक्तूबर तक पूरा होने की उम्मीद है। कार्तिक सुब्बाराज द्वारा लिखित और निर्देशित सूर्या 44 सूर्या और निर्देशक के बीच पहला सहयोग है। फिल्म के एक्शन से भरपूर रोमांटिक कॉमेडी होने की उम्मीद है। हालांकि, टीम ने अभी तक कलाकारों और चालक दल के बारे में अन्य महत्वपूर्ण जानकारी नहीं साझा की है।



# अपारशक्ति खुराना ने बांधे अक्षय कुमार की तारीफों के पुल



दंगल और स्त्री जैसी फिल्मों में अपने अभिनय से अपारशक्ति खुराना ने लोगों के दिलों में अलग छाप छोड़ी है। वह इन दिनों स्त्री 2 की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। इस फिल्म में वह बिट्टू के किरदार के लिए खूब वाहवाही बटोर रहे हैं। इस फिल्म में अक्षय कुमार ने भी उनके साथ काम किया है। हाल ही में अपाशक्ति ने एक बातचीत में बॉलीवुड के खिलाड़ी की खुलकर तारीफ की है। फिल्म में अक्षय ने सरकटा वंश के आखिरी जीवित सदस्य की भूमिका निभाई है। हालांकि, उनके किरदार को लेकर अभी कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है। बातचीत के दौरान अपारशक्ति खुराना ने अक्षय की हंसाने की कला पर बात करते हुए कहा कि कोई भी उनकी कॉमिक टाइमिंग से मेल नहीं खा सकता।

उन्होंने अमेरिका में शूटिंग के दौरान अक्षय के साथ बिताए 20 दिनों को याद करते हुए कहा कि वह वह असीम ऊर्जा, अनुशासन और इंडस्ट्री में उनके अब तक सफर से अचंभित हैं। स्त्री 2 के सेट पर अक्षय की ऊर्जा और काम के प्रति उनके समर्पण की तारीफ करते हुए अपारशक्ति ने कहा, फ़जब वह एक सीन भी करने आते हैं, तो भी उनमें ऐसी उर्जा होती है जैसे वह पूरी फिल्म का हिस्सा हों। वह बहुत दिल से काम करते हैं। अपारशक्ति ने अक्षय के कैमियो रोल में भी अपनी छाप छोड़ने पर आश्चर्य व्यक्त किया।

गौरतलब है कि स्त्री 2 में अक्षय कुमार को विशिष्ट भूमिका में देखकर फैंस भी हैरान रह गए थे। लोगों को उनकी कॉमिक टाइमिंग खूब पसंद आई थी।

# अभिनेता नानी ने कमल हासन को बताया सिनेमा के लिए उपहार



नानी साउथ के लोकप्रिय और मशहूर अभिनेता हैं। फैंस उन्हें प्यार से नैचुरल स्टार बुलाते हैं। नानी इन दिनों अपनी फिल्म सारिपोधा सानिवारम को लेकर चर्चा में हैं। अभिनेता को साउथ में पसंद करने वाले फैंस की लंबी कतार है। हालांकि, उन्होंने हाल में ही एक अन्य दिग्गज अभिनेता कमल हासन की प्रशंसा की है। उन्होंने दिग्गज अभिनेता के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनकी सराहना की है। अभिनेता ने कहा कि वह भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के सबसे प्रभावशाली हस्तियों में से एक हैं। बातचीत के दौरान अभिनेता नानी से पूछा गया कि उन्हें सबसे ज्यादा किन अभिनताओं ने सबसे ज्यादा प्रेरित किया है। इसका जवाब देते हुए सारिपोधा सानिवारम अभिनेता ने कमल हासन का नाम लिया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि सिनेमा ने हमें और निर्देशकों को बहुत कुछ दिया है और अगर हमने सिनेमा को कुछ वापस दिया है, तो वह हैं कमल हासन, सर। मुझे लगता है कि वह सिनेमा के लिए ही एक उपहार हैं। उन्होंने भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में कई चीजों में महारत हासिल की है। उन्होंने अपना जीवन सिनेमा को दे दिया है। नानी ने कमल हासन की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने कई चीजों में महारत हासिल की है। इसके साथ ही कई तरह के नए-नए प्रयोग भी किए हैं। उन्होंने आगे कहा,जिस समय में उन्होंने काम किया है, उन्होंने हर चीज सबसे पहले देखी है। उन्होंने सबसे पहले डिजिटल, मेकअप ट्रायल देखा है। अब आगे से जो भी बदलाव होंगे, वो उस पैमाने पर नहीं होंगे। सिनेमा के इस पूरे विकास की प्रक्रिया में कमल सर का योगदान काफी ज्यादा है। अभिनेता नानी शुरू में बतौर निर्देशक ही फिल्मी करियर आगे बढ़ाना चाहते थे। इस इंटरव्यू के दौरान उनसे पूछा गया कि किस चीज ने उन्हें निर्देशन को लेकर प्रेरित किया, तो उन्होंने जवाब दिया कि अलग-अलग समय पर उन्हें अलग-अलग निर्देशकों ने प्रेरित किया। उन्होंने कहा, अलग-अलग समय पर अलग-अलग निर्देशकों ने मुझे प्रेरित किया, लेकिन अगर आप मुझसे मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा के बारे में पूछें, तो वह अमिताभ बच्चन सर हैं। उनकी फिल्म अग्निपथ देखना एक प्रमुख कारण था, जिसके बाद मैं फिल्म निर्देशित करना चाहता था।



बताते चलें कि विवेक अथ्रेया द्वारा निर्देशित, सारिपोधा सानिवारम को तेलुगु, तमिल, कन्नड़, हिंदी और मलयालम में रिलीज किया जा रहा है। हिंदी में ये फिल्म सूर्या का सैटरडे शीर्षक से रिलीज हो रही है। फिल्म में उनके अलावा प्रियंका अरुल मोहन, एसजे सूर्या, मुरली शर्मा, प्रियंका अरुलमोहन, अदिति बालन और अन्य भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है, जिसे विवेक अथरेया ने ही लिखा भी है। फिल्म का निर्माण डी.वी.वी. द्वारा किया गया है। फिल्म 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# नागा चैतन्य ने अपनी दूसरी शादी पर तोड़ी चुप्पी

नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला ने 8 अगस्त को सगाई कर ली थी। इसके बाद से ही दोनों की शादी की योजनाओं को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि वे अगले साल यानी 2025 में राजस्थान में सात फेरे ले सकते हैं। अब इन अफवाहों पर अभिनेता की प्रतिक्रिया सामने आई है। शादी को लेकर लगाए जा रहे कयासों पर बात करते हुए उन्होंने हाल ही में कहा कि अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है। कार्यक्रम में अभिनेता से पूछा गया कि क्या यह शोभिता के साथ उनकी आगामी शादी की रिहर्सल है, तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा, यह कहा जा सकता है कि मेरी शादी की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। वहीं, जब अभिनेता से यह सवाल किया गया कि वह भव्य तरीके से शादी करना चाहते हैं या फिर सादगी से? इस पर उन्होंने कहा कि यह एक भव्य शादी नहीं होगी, लेकिन लोगों को संस्कृतियों और परंपराओं को ध्यान में रखना चाहिए। इसलिए मैं इसी तरह की शादी चाहता हूं।



# राजी पड़हा के बंधन तिग्गा के कार्यक्रम को रणजीता स्टेडियम की जगह हॉकी स्टेडियम में अनुमति, हाई अलर्ट में जिला प्रशासन





कलेक्ट्रेट, एसपी कार्यालय में बैरिकेडिंग कर कड़ी सुरक्षा घेरा, चप्पे में चप्पे में पुलिस

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

करबला टिकैतटगंज रोड में स्थित सरहूल दीपू बगीचा का विवाद गहराता जा रहा है। हॉस्टल में ताला लगाने और अपराध दर्ज करने के बाद बगीचा के प्रवेश द्वार गेट की चाबी नगर पालिका को सौंप देने जाने की वजह से मामला गंभीर होता जा रहा है। प्रशासन लगातार यह कह रहा है कि अनाधिकृत रूप से हॉस्टल चलाने की वजह से कार्रवाई हुई है। पूजा से किसी को रोका नहीं गया है। जिन्हें आवश्यकता हो वह नगर पालिका से चाबी लाकर विधिवत पूजा कर सकता है और पूजा समाप्त होने के पश्चात चाबी वापस नगर पालिका का सौंप दे। राजी पड़हा मत के लोग प्रशासन के इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है हमें चाबी दिया जाए। वहीं प्रशासन का कहना है यह मामला अब न्यायालय के संज्ञान में है। केस की सुनवाई होने के बाद जैसा भी फैसला आएगा उसका अनुपालन किया जाएगा।

**प्रशासन अलर्ट, चाक चौबंद व्यवस्था**– प्रशासन की कार्रवाई से नाराज चल रहे राजी पड़हा मत के लोगों ने इसके विरोध के लिए राजी पड़हा समुदाय के बैनर तले 3 सितंबर को विशाल जन जागरूकता रैली निकालने का आह्वान किया है। इस रैली में बिहार, झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के कई जिलों से हजारों की संख्या में लोगों के आने की संभावना जताई जा रही है। रैली में राजी पड़हा मत के धर्म गुरू बंधन तिग्गा भी आ रहे हैं। इसे मद्देनजर रखते हुए जिला प्रशासन की ओर से सोमवार को कलेक्टोरेट सभागार में प्रेसवार्ता का आयोजन किया इस दौरान संयुक्त कलेक्टर आरएस लाल और एसडीएम प्रशांत कुशवाहा ने बताया कि राजी पड़हा की ओर से रणजीता स्टेडियम में सभा की अनुमति मांगी गई थी लेकिन अधिक भीड़ और जनमानस को ध्यान में रखकर पड़हा समुदाय के लोगों की आपसी सहमति से हॉकी स्टेडिम में रैली को सभा में बदलने की अनुमति दी गई है।

**कड़ी सुरक्षा में रहेंगे अधिकारी**–राजी पड़हा की रैली में किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो इसे लेकर कलेक्टर और एसपी कार्यालय को बैरिकेडिंग कर सुरक्षा घेरा बढ़ाया गया है। एसडीएम प्रशांत कुशवाहा ने कहा, आंदोलनकारियों को ज्ञापन सौंपने के लिए प्रशासन स्वयं उनके पास हॉकी स्टेडियम पहुंचेगा। सुरक्षा की दृष्टि 15 कार्यपालिक दण्डाधिकारी की तैनाती रहेगी।

# वैक्सीन लगने के बाद बच्चों की मौत मामले में कांग्रेस कमेटी पांच सदस्यीय टीम ने की जांच सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

## कहा भाजपा सरकार में स्वास्थ विभाग हो गया लचर

पायनियर संवाददाता ◄ कोटा
www.dailypioneer.com



कोटा एवम आसपास के क्षेत्रों में बच्चों की मौत का सिलसिला थमता नहीं दिख रहा है। एक बाद एक स्वास्थ विभाग की लापरवाही से बच्चों की मौत की खबरें आ रही है। पिछले दिनों कोटा के कोरीपारा में वैक्सीन लगने के बाद बच्चों की मौत हो गई थी। अब यह मामला तूल पकड़ता दिख रहा है। कांग्रेस पार्टी ने इस गंभीर लापरवाही के लिए राज्य की भाजपा सरकार को कटघरे में रख दिया है। कांग्रेस पार्टी की तरफसे पांच सदस्यीय टीम इसकी जांच कर रही है। जिसमे कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव , मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक शैलेश पाण्डेय, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशवानी शामिल है। इसी घटना के संबंध में पांच सदस्यीय टीम कोटा जांच करने आई थी। अटल श्रीवास्तव ने सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। सरकार स्वास्थ अमला पूरी तरह फेल हो चुका है । कोटा एवम आस पास क्षेत्र में पिछले दिनों कई मौतें हुई । पर सरकार किसी पर भी जिम्मेदारी नहीं कर पाई।

सरकार को कोटा क्षेत्र में हुई मौतों के बाद भी कोई कठोर कार्यवाही नहीं हुई । पी सी कोटा बी एम ओ द्वारा की जा रही लापरवाही के भी आरोप लगाए गए। उन्होंने आगे कहा की हमने बिलासपुर कोनी में एक बड़े अस्पताल की नींव रखी परंतु अब भाजपा की सरकार यह तय नही कर पा रही वहां डाक्टर कौन होगा। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की सरकार स्वास्थ के लिए कितनी संजीदा है। उन्होंने कहा की। कहीं ना कहीं वैक्सीन को सही टेंपरेचर ने ना होने के कारण भी मौत होने की संभावना व्यक्त की। परंतु सबसे बड़ा सवाल यह उठता हैं आखिर कब कोटा क्षेत्र में हो रही मौतों के लिए जिम्मेदारी कब तय की जाएगी और कब तक इन मासूमों को मौत की जांच कब तक हो पाएगी।

# सर्व समाज समरसता समिति के द्वारा वार्ड 22 टाउनशिप में वृक्षारोपण कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



01 सितम्बर को श्री लालबाग गणेशोत्सव समिति, सर्व समाज समरसता समिति तथा स्थानीय निवासियों के सहयोग से श्री लाल बाग गणेशोत्सव मंच वार्ड क्र. 22 सेंट्रल टाउनशिप के मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर "एक पेड़ अपनों के नाम" की भावना के साथ वृहद् वृक्षारोपण कर उनकी सुरक्षा और देखभाल की पूरी व्यवस्था की गई। वृक्षारोपण के शुभारम्भ में उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए पवन कुमार गंगबोईर, तोरण लाल साहू, विजय कुमार देवांगन, पुरोबी वर्मा, और संतोष यादव द्वारा बताया गया की अगर हम वास्तव में जीवित रहना चाहते हैं और अच्छे जीवनयापन करना चाहते हैं तो अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाने चाहिए।

वृक्ष बचाना और वृक्ष लगाना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। पृथ्वी पर पारिस्थितिक संतुलन को बनाये रखने के लिए वन अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और आस पास के लोगो को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। वृक्ष न केवल हवा को शुद्ध करता है अपितु जल को संरक्षित भी करता है इस प्रकार वृक्षों से पर्यावरण के साथ देश की अर्थ व्यवस्था को भी मजबूती मिलती है. वृक्षारोपण के दरम्यान सम्मानीय कार्यकर्ताओं के द्वारा अपने परिजनों के नाम पर पौधारोपण कर अपने परिजनों के नाम पर नाम पट्टीका भी लगाया गया तथा स्थानीय निवासी व श्री लाल बाग गणेशउत्सव समिति द्वारा पौधो के देखरेख करने की जिम्मेदारी लिया गया।

वार्डवासियों के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम में तन मन धन से सहयोग करते हुए आयोजन की जमकर सराहना किया गया। पौधों रोपण के इस कार्यक्रम में समिति की महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# जेसी आई रायपुर मेट्रो एवं सिंधु एकता समिति के संयुक्त तत्वावधान में भाषण कला पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



नगर मे प्रभावी भाषण कला को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ ।इस आयोजन के बतौर मुख्य अतिथि नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने कार्यशाला की खुब सराहना किया है। छत्तीसगढ़ , रायपुर जिला, तिल्दा-नेवरा नगर के पूज्य झुलेलाल मंदिर प्रांगण में बीते दिन प्रभावी भाषण कला विषय को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस आयोजन का ट्रेनर सुविख्यात जे सी आई राहुल राजकोटिया प्रोविजनल नेशनल ट्रेनर जी सी आई इंडिया का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने प्रतिभागियों को मंच पर बोलने की कला को लेकर प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में शरीक पच्चीस प्रतिभागियों को प्रशिक्षक राजकोटिया ने मंच पर बोलने के पहले डर , संकोच को दुर करने वहीं मंच पर वक्तव्य देने के पूर्व की तैयारी, तथा अचानक मंच पर आमंत्रित करने पर कैसे वक्तब्य रखा जावे इसके अलावा माईक पकड़ने की कला सहित कार्यक्रम के अनुसार ड्रेसअप वहीं भाषण व संबोधन को प्रभावी बनाने की कला को लेकर प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर प्रभावी भाषण कला कार्यशाला के मुख्य अतिथि नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने कहा कि यह कार्यशाला तारीफें काबिल है, उन्होंने कहा कि यह युवा वर्ग के लिए एक सुनहरा अवसर रहा है , जहां पर युवा वर्ग को मंचस्थ होने की कला ,को लेकर प्रशिक्षण का अवसर मिला ,वहीं इस आयोजन को लेकर सिंधु एकता समिति के प्रति धन्यवाद भी अर्पित किया है ,जिनके माध्यम से युवाओं को मंच पर संबोधन व भाषण देने की कला, शारीरिक लेंग्वेज को लेकर प्रशिक्षीत किया जा रहा है। नगरपालिका उपाध्यक्ष ने आगे कहा कि इस आयोजन से युवा वर्ग का बौद्धिक विकास होगा, यह हमारे तिल्दा-नेवरा नगर के लिए बड़ी गर्व की विषय है। वहीं विकास सुखवानी ने जेसे आई रायपुर मेट्रो से आग्रह किया कि वे तिल्दा-नेवरा नगर में वृहद स्तर से पुनः प्रभावशाली भाषण कला का आयोजन करें। इस आयोजन के विशिष्ट अतिथि धनराज खत्री ने प्रशिक्षुओ को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं अर्पित किया ।सिंधु एकता समिति के अध्यक्ष संजय ज्ञानचंदानी ने आगामी समय में कपल ट्रेनिंग आयोजन को लेकर आश्वस्त किया है। इस आयोजन के मास्टर आफ़सेरेमनी रायपुर मेट्रो के पूर्व अध्यक्ष आशीष भुटानी थे।

# आत्मा का विकास करना हो तो जीवन से द्वेष को निकालना होगा -विशुद्ध सागर

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



परम पूज्य विशुद्ध सागर जी म सा ने अपने आज के प्रवचन में फरमाया कि हे परमात्मा आप ही है जो मुझे इस संसार से मुक्ति दिला सकते है। भव भव के द्वेष को जितने वाले परमात्मा पार्श्वनाथ का जीवन चरित्र हमे जानने का प्रयास करना है। किस तरह ये भावी के भगवान अपने अपकरी पर भी उपकार करके कमठ जैसे को भी तार देते है। हमे विचार करना है की हम जो पाने की इच्छा करते है क्या उसके अनुरूप अपना पुरुषार्थ भी हो रहा है। अगर पुरुषार्थ सही दिशा में नही चल रहा है तो परिणाम भी अनुकूल नहीं आ सकता। हमारे जीवन में जब तक संसार की वस्तुओ को पाने की इच्छा है तक तक आत्मा से स्नेह नही हो सकता। हमे उस आत्मा की चिंता करनी है जो हमारे कर्मो के साथ जाने वाला है। आत्मा का विकास करना हो तो जीवन से द्वेष को निकालना होगा। पुरुषादानी परमात्मा पार्श्वनाथ भगवान के पांचों कल्याणक विशाखा नक्षत्र में हुआ। काशी देश के बनारस नगरी के राजा अश्वसेन की भार्या वामादेवी की रत्नकुक्षी से हुआ था। परमात्मा पार्श्वनाथ को हाथी के भव में सम्यक दर्शन की प्राप्ति होती है और उसी भव से भव की गिनती प्रारंभ होती है। पूर्वभव में वीस विहरमान तप करके तीर्थंकर नाम कर्म का बंद करते है। सम्यक दर्शन के भव से दसवें भव में परमात्मा का जन्म होता है।

# शाश्वत उत्सर्ग यूथ थियेटर ग्रुप ने स्नेह मेल मिलाप का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



मुंशी प्रेमचंद जयंती के अवसर पर उनकी कहानियों से गुजरते हुए वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता और संवैधानिक मूल्यों को लेकर धमतरी जिले के पाँच महाविद्यालयों में प्रेमचंद की कहानियों का नाट्य मंचन किया गया। जैसे पंच परमेश्वर और इश्तियाक लिखित दीवारे। इनका उद्देश्य युवाओं को अपने संवैधानिक अधिकारों व कर्तव्यों को लेकर सजग रहने तथा बेहतर समाज निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर संवाद स्थापित करना था। यह मंचन काफी सफल रहा क्योंकि युवाओं के तरफसे बहुत ही सकारात्मक व भावनात्मक विचार व्यक्त किये गये। नाट्य मंचन के सफल आयोजन पश्चात पिछले एक माह से अधिक व्यस्त तैयारी को उत्सव के रूप में मनाने रंगकर्मी एवं युवाओ ने मेल.मिला उत्सव का आयोजन किया। जिसमें विविध गतिविधियों को करना तय हुआ। यह आयोजन शाश्वत उत्सर्ग यूथ थियेटर ग्रुप के द्वारा टीचर लर्निंग सेंटर, अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन, आमातालाब धमतरी में किया गया। जिसमें सभी सदस्यों के द्वारा श्नाट्य मंचनश् की खूबियों और कमियों पर बारी .बारी से अपने विचार रखे गये। आगे की रणनीतियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई जिसमें विभिन्न सामाजिक मुद्दो को लेकर कार्य करने की आम सहमति दिखाई दी। साथ ही इस ग्रुप में नये युवा साथियों को जुड़ने के लिए प्रेरित करने की सहमति बनती दिखी। अब युथ थियेटर ग्रुप का उद्देश्य सिर्फ नाट्य मंचन करना नहीं वरन लोगों में सकारात्मक वैचारिक बदलाव करते हुए सामाजिक बदलाव के लिए कार्य करना है। इस दौरान समीक्षा करना, योजना बनाना,लक्ष्य तय करना, आवश्यक संसाधन जुटाना जो स्वयं की हो,बहुत जरूरी है।

# ग्राम पंचायत बिलाड़ी में भोजली विसर्जन बाजे-गाजे के साथ धूमधाम व हर्षो उल्लास पूर्वक किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



रायपुर जिले के तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत बिलाड़ी में पोला पर्व के दिन हर्षो उल्लास व धूमधाम से भोजली विसर्जन किया गया। छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार भोजली का पर्व मित्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है। ये त्योहार अच्छी बारिश और अच्छी फसल के लिए शगुन के तौर पर माना जाता है।सोमवार को तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत बिलाड़ी में भोजली तिहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। 10 दिनों तक गांव की महिलाओं और युवतियों ने भोजली सेवा के बाद सोमवार को पोला पर्व के दिन भोजली विसर्जित किया। इसके लिए सक्ति माता मंदिर पर कार्यक्रम भी रखा गया था। भोजली विसर्जन में भारी संख्या में महिलाएं और युवतियां शामिल हुई,इसमें गांव वाले भोजली गीत गाते हुए गाजे-बाजे के साथ छोटी छोटी लड़किया अपने सिर पर भोजली बोही हुई थी और गांव के मुख्य मुख्य मार्ग से भम्रण करते हुए गांव के गतवा तालाब तक पहुंचे। उसके उपरांत लड़किया की टोली भोजली गीत गाने के बाद पुरा श्रद्धा पूर्वक विधि विधान पूर्वक भोजली की पूर्जा अर्चना करने के पश्चात् अपने अपने परिवार व ग्राम वासियों की सुख समृद्धि की कामना की गई फिर उसके उपरांत भोजली को विसर्जित किया गया। बता दें कि 10 दिन पहले भोजली की बुआई की जाती है। हर रोज शाम को भोजली गीत का आयोजन रखा जाता है। इस दौरान देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। इसके बाद पोला पर्व के दिन भोजली विसर्जन किया जाता है। इस मौके पर मुख्य रूप से अशोक धुव्र, राजु यादव, सचिव अश्वनी यदु, पंकज यदु, गुमान पाल, रोहित पाल, विजय धुव्र, देवचरण यादव, विज्जु धुव्र, सिब्बु पाल, यशवंत, रमेश पाल, यादव, छवि पाल, प्रभु पाल , राजेन्द्र पाल, डिगेश यादव , एवं सैकंडो की संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिती थी। पोला पर्व के अवसर पर कार्यक्रम भी रखा गया था, जिसमे मटकी फोड़, खोखो, जलेबी दौड़, आदि खेल बच्चों के उत्साहवर्धन के लिये रखा गया था, व जितने वाले के लिए इनाम भी रखा गया।

# धूमधाम से मनाया गया पोला पर्व बच्चों ने खुब दौड़ाये नंदिया बैल

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



पोला मूलतः खेती.किसानी से जुड़ा त्योहार है। खेती किसानी का काम समाप्त हो जाने के बाद भाद्र पक्ष की अमावस्या को यह त्यौहार मनाया जाता है। इस त्योहार में बैलों की पूजा की जाती है । सालों से यह परंपरा चली आ रही है। किसानों के लिए बैल खेती का प्रमुख साधन है। पैदावार में उसकी अहम भूमिका होती है। इसके चलते किसान प्रतिवर्ष पोला त्योहार मनाते हैं। बैलों को सजाया जाता है। विधि विधान से उसकी पूजा की जाती है। किसान परिवारों के अलावा लगभग सभी घरों में पोला के दिन बैलों की पूजा की जाती है। सुबह नहा-धोकर पोरा-जाता बैला, मिट्टी की बैल.जोड़ी को सजाकर उनकी पूजा की जाती है घर की महिलाएँ ठेठरी.खुर्मी बनाती हैं दोपहर के बाद बच्चे बैलों को लेकर गली में निकलते हैं बच्चे इन बैलों के पैरों में चक्के लगाकर उन्हें रास्ते पर घुमाते हैं आपस में लड़ाते हैं बैलों के पैरों में चक्के लगाने के लिए बांस की कमचियों से उन्हें विशेष प्रकार से इस प्रकार बाँधा जाता है कि चक्के आसानी से घूम सकें। गाँव में युवक.युवतियाँ एवं बच्चे अपने.अपने साथियों के साथ गाँव के बाहर मैदान में पोरा पटकने जाते हैं। इस परंपरा में युवक युवतियाँ अपने.अपने घरों से एक.एक मिट्टी के खिलौना ले जाकर निर्धारित स्थान में फोड़ते हैं । पोला पर्व अत्यंत उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। जहां बड़ो पोरा जाता, नंदिया बैल का पूजा अर्चना किया उसके बाद छोटे छोटे बच्चो ने नंदिया बैल खुब दौड़ाये। इसी तरह राजीव नगर हटकेशर वार्ड में छोटे बच्चे लेखराज महिलांग, कु.वीरा राव अपने नंदिया बैल को खुब मजे से दौड़ाये

## बोर्ड परीक्षा में अच्छे परिणाम के लिए दिए टिप्स

# कलेक्टर ने हमर लक्ष्य के तहत विषय विशेषज्ञों की ली बैठक


पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com






जिला प्रशासन द्वारा हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत विषय विशेषज्ञों की गठित जिला स्तरीय कोर कमेटी की बैठक कलेक्टर निलेश कुमार महादेव रसागर की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षाओं में राज्य में जिले को दूसरा स्थान हासिल करने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आगे भी सभी शिक्षक और विद्यार्थी इसी तरह मेहनत करते रहें, निश्चित ही अच्छे परिणाम आएंगे। उन्होंने कहा कि अब हमें उन बिन्दुओं पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है, जहां विद्यार्थी पिछड़ रहे हैं। बोर्ड परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन नहीं करने वाले विद्यालयों एवं शिक्षकों का चिन्हांकन कर कारण का पता लगाएं और उनमें सुधार हेतु कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कुछ विद्यार्थियों के लगातार अनुपस्थित रहने पर चिंता व्यक्त करते हुए अनुरोध कार्यक्रम में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विषयगत व्याख्याताओं के उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने जिले के सभी हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों में रिमेडियल कक्षाओं का संचालन करने के भी निर्देश दिए। जिला पंचायत के सीईओ सुमीत अग्रवाल ने कोर कमेटी के सभी सदस्यों को मिशन मोड में कार्य करने हेतु प्रेरित किया और कार्ययोजना को जिले में तत्काल लागू करने को कहा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने हमर लक्ष्य के बिन्दुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सदस्यों को माह सितम्बर से दिसम्बर तक की कार्ययोजना को मूर्त रूप देने हेतु निर्देशित किया। साथ ही यह भी बताया कि सभी विद्यालय 15 दिसम्बर 2024 तक पाठयक्रम पूर्ण करेंगे, दिसम्बर माह में अर्धवार्षिक परीक्षा एवं जनवरी माह में प्री बोर्ड वार्षिक परीक्षा आयोजित किए जाएगी। उल्लेखनीय है कि बोर्ड कक्षाओं में और बेहतर प्रदर्शन के लिए मासिक, त्रैमासिक टेस्ट, अर्धवार्षिकी एवं प्रीबोर्ड परीक्षा प्रश्न पत्र तैयार कर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय कोर कमेटी का गठन किया गया है।

# शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविघालय खरौद में वित्तीय साक्षारता पर हुआ बेबीनार




**शिवरीनारायम।** छात्र छात्राओं एवं प्राध्यापको के ग्यानवर्धन हेतु प्रदेश के विभिन्न महाविघालय समय- समय पर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार एवं बेबीनार का आयोजन करते रहते हैं इसी तारतम्य में जांजगीर चाम्पा जिला के शासकीय ल्क्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविघालय खरौद में आन्तरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के सौजन्य से महाविघालय के वाणिज्य विभाग ने 31 अगस्त को वित्तीय साक्षारता विषय पर एक दिवसीय बेबीनार का आँनलाईन आयोजन जूम एप के माध्यम से किया था जिसमें महाविघालय के 117 छात्र-छात्राओं सहित वाणिज्य विभाग के सभी सहायक प्राध्यापक , प्राचार्य ड़ॉ. जी सी.भारव्दाज , प्रो.जी एन भतपरे, प्रो. डॉ सी.बी.खुटे प्रो. रामेन्द्र लहरे.प्रो.ओंकार महिपाल आदि प्राध्यापक ने इस कार्यक्रम में सहभागिता निभाई इस कार्यक्रम में प्रतिभूति विनिमय बोर्ड ऑफ इण्डिया (सेबी)के स्मार्ट ट्रेनर विजय जोशी ने वित्तीय प्रबंधन के संबंघ में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं को वित्तीय मामलों पर जागरूक किया साथ ही जोशी जी ने छात्रों को थ्री एस , थ्री आई एवं शेयर बाजार की महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए उन्हे बाजार में शेयर की खरीदी बिक्री कैसे किया जाता है और उनके लिए कौन-कौन सी खातों की आवश्यकता होती है यह भी उन्होने बताया।

# अफसरों के भरोसे चल रही 300 से अधिक सोसायटियां

**कार्यकाल समाप्त हुए 4 साल गुजरा, भाजपा को सुध भी नहीं, समितियों में किसान और कर्मचारियों की समस्या से नेताओं का किनारा**

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के अधीन बालोद समेत दुर्ग और बेमेतरा की करीब 311 समितियां अफसरों के भरोसे चल रही है। जिसमें बालोद जिले में 122 समितियां हैं। जिला सहकारी केन्द्रय बैंक अध्यक्ष सहित समितियों में होने वाला चुनावी कार्यकाल समाप्त हुए चार साल बीतने को है। लेकिन अब तक चुनावी कार्यक्रम तक घोषित नहीं किए गए है। यही नहीं इधर सत्ता में आई भाजपा के नेता में सहकारिता से दूरी बनाए हुए है। हालात यह हैं कि, समितियो में किसानों की समस्या और वेतन के लाले कर्मचारियों की सुनवाई नही हो पा रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के समितियों में चुनाव विगत वर्ष 11 जून 2015 को हुआ था। इस बीच प्रदेश में वर्ष 2018 को कांग्रेस की सरकार बनी। इस बीच जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन की जगह कांग्रेस ने बगैर चुनाव और एक्ट में संसोधन कर कांग्रेस के जवाहर वर्मा को अध्यक्ष पद के लिए सुशोभित कर दिया था। हालांकि बाद में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव राजेन्द्र साहू को अध्यक्ष नामिनेट किया गया था। वर्तमान में समितियों का कार्यकाल 11 जून 2020 को समाप्त हो चुका था, जिसके छः माह के अंदर चुनाव होना था। चुनाव नहीं कराए जाने के कारण विगत चार साल से बैंक और समितियों में ओआईसी व प्राधिकृत अधिकारियों को बैठाया गया है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष की जगह दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी प्राधिकृत अधिकारी है, वही बालोद समेत दुर्ग, और बेमेतरा के 311 समितियो में प्राधिकृत सहकारी संस्थाएं के कर्मचारियों को बनाया गया है। इस तरह जनप्रतिनिधियों के बजाय समितियों में अफसरों का जमकर बोलबाला चल रहा है।



### भाजपा की सहकारिता से दूरी समझ से परे

ऐसी उम्मीद थी कि, भाजपा की प्रदेश में सरकार आने के बाद या तो समितियों में चुनाव होगें या कांग्रेस की तरह भाजपा भी प्राधिकृत अधिकारी मनोनित करेगी। लेकिन सरकार बने आठ माह बीतने को है। पार्टी ने इस और किसी तरह की एक्सरसाइज ही नहीं की है। वही बीते जून माह के आखिरी सप्ताह में बालोद प्रवास पर पहुचे सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने जल्द नियुक्ति करने की बात कही थी। लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट नही किया था कि यह चुनाव प्रक्रिया से होगी या बगैर चुनाव प्रक्रिया के। हांलाकि सूत्र बताते हुए कि अंदर खाने समितियों में प्राधिकृत अधिकारी के लिए फौज तैयार हो गई है। लेकिन पार्टी एक दो नही बल्कि फौज खड़े होने से चिंता में है।

### किसान लड़ रहे अपनी लड़ाई

खरीफ सीजन शुरू होने के साथ ही डीएपी व यूरिया खाद की जमकर जिले में किल्लत रही। लेकिन नेताओ ने चुप्पी साधी रही. हालात यह हैं कि अपनी बेचसी को खुद किसानों ने प्रशासन के समक्ष जाहिर की थी। यही नही हाल ही में समितियों में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर, लिपिक और चपरासियों ने आठ माह से वेतन नहीं मिलने के कारण बैंक की चाची प्रबंधक को सौंप दी थी। अभी तक उनका भुगतान नही हो सका है। इस तरह समिति स्तर पर समस्याओं की सुनवाई तक नहीं हो रही।

## कांग्रेस ने सहकारी मूवमेंट के प्रजातंतिक प्रणाली को किया अस्त व्यस्त : बेलचंदन

जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने पायनियर को बताया की बैंक और समितियों का चुनाव 2020 से लंबित है, हम लोग हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक जाकर चुनाव करवाने का ऑर्डर लाये थे।, लेकिन पूर्व की कांग्रेस सरकार उसको मानी नही, बल्कि न्यायालय से बचने के लिए बैंक चुनाव न करवा के नई समितियो का चुनाव करवाना शुरू किया, सिर्फ न्यायालय के आदेश से बचने के लिए, और आधा अधूरा तैयारी के साथ शुरू किए, उसको स्वंय आधिकारिक तौर पर हाईकोर्ट में जाकर स्टे करवाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मंशा थी कि लंबे समय तक संस्थाओं में मनोनयन हो। कांग्रेस ने सहकारी मूवमेंट के प्रजातंतिक प्रणाली को अस्त व्यस्त किया है। जिसके कारण पूर्व में जो निर्वाचन कराने की पपरंपरा 2004 से 2017 तक बिना रुकावट चुनाव हुए समितियों के। राजनांदगाँव बैंक ट्रिब्यूनल के आदेश पर काबिज हुआ है, तो उसके कार्यकाल तक पूरे प्रदेश में बिना विलंब करे भाजपा सरकार को मनोनित करना चाहिए। कई याचिकाएं हाईकोर्ट में लंबित है, तो मनोनयन ही एकमात्र विकल्प है, और जो सहकारिता के निर्वाचन में भाग ले सके ऐसे कार्यकर्ताओ का मनोनयन सरकार को करना चाहिए।

### जल्द चुनाव होना चाहिए : राजेन्द्र

जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र साहू ने कहा कि 8 माह से ज्यादा हो गये भाजपा को सरकार में आये, लेकिन अभी तक सोसायटियों का चुनाव संपन्न नही करवा पाई है। ये दुर्भाग्यजनक है। अभी खरीफ सीजन वर्ष चल रहा है, किसान अपने कार्यो के लिए भटक रह है। अगर सही समय पर चुनाव संपन्न होगा और रिक्त पद व्यक्ति का चयन हो जाता हैं तो उससे किसानों को सही समय पर खाद और बीज मिलता है, इसीलिये चुनाव की प्रक्रिया जल्द से शुरू होनी चाहिए। ताकि इससे किसानों को सही लाभ मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि सिर्फ खरीफ़ ही नही इससे रबी फसल में भी किसानों को सुविधा मिलेगी।

## श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन ने किया एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं श्री द्रौपदी हेमंत पटेल (पार्षद) के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 02 सितम्बर 2024 सोमवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक पार्षद कार्यालय मोवा में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की जिसमें जनरल मेडिसिन डॉ. धनेन्द्र साहू, नेत्र रोग से डा. वेद, डा भोला, हड्डी रोग से डा.संतोष बंजारे, स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रिया अस्पताल मार्केटिंग टीम से चंद्रकांत श्रीवास, आकाश मानस एवं विवेकानंद मिश्रा, एवं नर्सिंग स्टाफ अंजलि सोनवानि, द्रौपदी, एवं मितानिन, पार्षद के कर्मचारी एवं वार्ड निवासी उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, जनरल मेडिसिन, स्त्री रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग का निःशुल्क इलाज किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

## महिला सुरक्षा को लेकर घड़ियाली आंसू बहाने से पहले सुप्रिया को कांग्रेस शासनकाल की करतूतों को खंगाल लेना था : भाजपा

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा की जा रही ओछी राजनीति पर तीखा हमला बोला है। गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता व मीडिया चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत को छत्तीसगढ़ में महिला सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दे पर पत्रकार वार्ता लेकर घड़ियाली आँसू बहाने से पहले छत्तीसगढ़ के कांग्रेस शासनकाल की करतूतों को खंगाल लेना था। भूपेश सरकार के कार्यकाल में महिलाओं पर हुए अत्याचार-अनाचार की करतूतों को जानने के बाद श्रीनेत इस तरह का मिथ्या प्रलाप नहीं करतीं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गुप्ता ने सोमवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस ब्रीफ के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस का समूचा राजनीतिक चरित्र शुरू से महिला विरोधी रहा है। नैना साहनी, जेसिका लाल की हत्या के मामलों की याद दिलाते हुए गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस प्रवक्ता श्रीनेत जिस कुर्सी पर बैठी हैं, कभी उस कुर्सी पर बैठने वाली कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा के साथ इसी छत्तीसगढ़ में क्या कुछ नहीं घटा? उन्हें कमरे में बंद करके उनसे दुर्व्यवहार किया गया और कांग्रेस के प्रदेश से लेकर केंद्रीय नेतृत्व तक आँसू बहातीं राधिका खेड़ा ने गुहार लगाई, लेकिन जब उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई तो विवश होकर कांग्रेस से उनको इस्तीफा देना पड़ा। गुप्ता ने श्रीनेत से सवाल किया कि वह बताएँ कि प्रियंका चतुर्वेदी और महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुष्मिता देव ने कांग्रेस क्यों छोड़ी? गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस में महिलाओं का न कोई सम्मान है, और न ही महिलाओं का आत्म-सम्मान सुरक्षित है। कांग्रेस की भूपेश सरकार के एक मंत्री ने महिलाओं के साथ दुष्कर्म के मामलों को छोटी और साधारण घटना और तत्कालीन महिला आयोग की अध्यक्ष ने दुष्कर्म की घटनाओं को आपसी सहमति से बना संबंध बताकर महिलाओं के आत्मसम्मान को रौंदने का काम तक किया था। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कोण्डागाँव के मामले में सुप्रिया श्रीनेत ने सपेद झूठ बोलकर तथ्यहीन बात कही है।

## छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में महिलाये असुरक्षित : सुप्रिया श्रीनेत

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं एआईसीसी की सोशल मीडिया चेयरमैन सुप्रिया श्रीनेत ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की उपस्थिति में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि देश की आधी आबादी का क्या हाल है आज? देश में स्कूल की नाबालिक बच्ची, दफ्तर में काम करने वाली महिला, बस में चलने वाली गृहणी क्या सुरक्षित है? ऐसा प्रतीत होता है कि आधी आबादी के लिये, महिलाओं के लिये इस देश में कोई जगह सुरक्षित नहीं बची है। पूरा देश आक्रोशित है आज पूरा देश आंदोलित है। जिस तरह की घटना बंगाल में हुई। कितनी निर्भया चाहिये इस देश को और कितनी निर्भया की कुर्बानी होगी तब ये देश जागेगा और सत्ता का संरक्षण खत्म होगा? उन्होंने छत्तीसगढ़ के महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधो पर चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ की बात हो चाहे वो रायपुर के बस स्टैण्ड के सामने बलात्कार का मामला हो, भिलाई के एक डीपीएस स्कूल में चार साल के बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न का मामला हो, जहां पुलिस ने बिना एफआईआर, बिना



जांच के घटना को नकार दिया। रायगढ़ के पुसोर में एक आदिवासी महिला का 14 लोगो के द्वारा किया गया दुष्कर्म का मामला हो, जशपुर में एक बच्ची के साथ सामूहिक दूराचार का मामला हो, कोण्डागांव में एक महिला के साथ दुष्कर्म का मामला हो।

## वैक्सीन से दो बच्चों की मौत, स्वास्थ्य मंत्री ने वैक्सीनेशन रोकने का दिया आदेश

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर जिले के कोटा में वैक्सीन के बाद दो बच्चों की मौत के मामले ने राज्य में हड़कंप मचा दिया है। इस घटना के बाद सियासत भी गरमा गई है, और राज्य के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव भी मौके पर पहुंचे। लेकिन इस गंभीर मामले में सूबे के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बड़ा निर्णय लिया है। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य स्तरीय जांच टीम गठित करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने तक उस बैच की वैक्सीन का उपयोग तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि जांच में किसी की लापरवाही सामने आती है, तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।



**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का बयान** -मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने इस मामले में सफाई देते हुए कहा कि 30 अगस्त को कोटा के पटेता ग्राम के कोरिपारा आंगनबाड़ी केंद्र में टीकाकरण सत्र आयोजित किया गया था, जिसमें 8 बच्चों को टीका लगाया गया था। इनमें से 2 बच्चों की मौत हो गई–एक 2 दिन का बच्चा जिसे BCG वैक्सीन लगी थी, और एक 2 महीने का बच्चा जिसे Penta 1 वैक्सीन लगी थी। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि इन बच्चों की मृत्यु टीकाकरण के कारण नहीं हुई है।

## मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया से अबतक 1023 मरीजों को मिली तत्काल सहायता

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से जिले में स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन का संचालन किया जा रहा है। स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन प्रत्येक समय मरीज के स्वास्थ्य संबंधित परेशानी के समाधान हेतु उपलब्ध है। विकासखंड, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला चिकित्सालय से संबंधित मरीजों को तत्काल स्वास्थ्य संबंधी लाभ उपलब्ध कराया जाना स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन का उद्देश्य है। जशपुर जिले के अंतर्गत ही नहीं बल्कि मरीज-हितग्राहियों को जिले के बाहर रायपुर अन्य नजदीकी जिले अंबिकापुर, रायगढ़ तथा अन्य राज्य



जैसे रांची में भी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत फ़रवरी 2024 से आज पर्यंत 1023 मरीज को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया है। विदित हो कि सर्वप्रथम आवेदक आवेदन बगिया कैंप कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करते हैं। आवेदन प्रस्तुत होने के पश्चात तत्काल 5 मिनट के अंदर कार्यवाही की जाती है। दूरभाष द्वारा संपर्क कर संपूर्ण जानकारी लिया जाता है।

## भाजपा जिला इकाइयों के सदस्यता अभियान की शुरुआत 4 से

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुआत छत्तीसगढ़ में कल 3 सितंबर को होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में आहूत एक कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के हाथों पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इसके अगले दिन प्रदेश की सभी संगठन जिला इकाइयों में सदस्यता अभियान की शुरुआत होगी। जिलों में सदस्यता अभियान के शुभारंभ के लिए भाजपा के सभी प्रमुख पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। भाजपा सदस्यता के लिए सुकमा में ओजस्वी मंडावी, अरुणसिंह भदौरिया व हूंगाराम मरकाम, बीजापुर में पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, जी. वेंकट व सुखलाल पुजारी, दंतेवाड़ा में श्रीनिवास राव मद्दी, विजय तिवारी व कुमारसिंह भदौरिया, बस्तर में वन मंत्री केदार कश्यप, शरद अवस्थी व सुभाऊराम कश्यप, नारायणपुर में दिनेश कश्यप, बृजमोहन देवांगन व गौतम गोलछा, कोण्डागाँव में महेश कश्यप, प्रवीण सिंह बदेशा व मनोज जैन, काँकेर में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेण्डी, महावीरसिंह राठौर, निरंजन सिन्हा व सुमित्रा मारकोले, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, कोमल जंघेल व विक्रांत सिंह, मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी में प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, प्रदेश महामंत्री भरतलाल वर्मा व संजीव शाह, राजनांदगाँव में विधायक अमर अग्रवाल, खूबचंद पारख व अशोक शर्मा, कबीरधाम में विधायक भावना बोहरा, मोतीराम चंद्रवंशी व सियाराम साहू, बेमेतरा में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडे, विधायक ईश्वर साहू, लाभचंद बाफना, विधायक दीपेश साहू व प्रदेश मंत्री अवधेश चंदेल, भिलाई में विधायक राजेश मूणत, साँवलाराम डाहरे विधायक डोमनलाल कोर्सवाड़ा व विधायक रिकेश सेन, दुर्ग में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, विधायक ललित चंद्राकर व विधायक गजेंद्र यादव, बालोद में भोजराज नाग, प्रीतम साहू व यशवंत जैन, धमतरी में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, रंजना साहू, श्रवण मरकाम व पिंकी शाह, गरियाबंद में मंत्री दयालदास बघेल, प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा, गोवर्धन मांझी, विधायक रोहित साहू, डमरूधर पुजारी व संतोष उपाध्याय, रायपुर (ग्रामीण) में सांसद रूपकुमारी चौधरी, चंद्रशेखर साहू, विधायक अनुज शर्मा, खुशवंत साहेब, विधायक इंद्रकुमार साहू, देवजीभाई पटेल, नवीन मार्कंडेय, संजय ढीढी व अशोक बजाज, रायपुर (शहर) में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पांडेय आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम होंगे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403